ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 17 अगस्त, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-7 | अंक-227



धर्मस्थल के खिलाफ बड़ी साजिश शिवकुमार के बयान पर मिली-जुली @ नम्मा बेंगलूरु

### रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर अलास्का में मिले पुतिन और ट्रंप

# बात हुई... पर बात बनी नहीं

**वाशिंगटन, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** यूक्रेन युद्ध की समाप्ति को लेकर अलास्का में हुए महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई निर्णायक सहमति नहीं बन पाई। हालांकि दोनों शीर्ष नेताओं ने बैठक को काफी लाभदायक बताया। पुतिन ने ट्रंप को अगली बैठक के लिए मास्को आमंत्रित किया जिस पर ट्रंप ने सहमति जताई। इन दोनों नेताओं की मुलाकात पर यूक्रेन सहित दुनियाभर की निगाहें टिकी थीं। अलास्का के एल्मेडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बंद कमरे में बैठक हुई। जिसमें ट्रंप के साथ मार्को रूबियो, विटकॉफ और पुतिन के साथ सर्गेई लावरोव, वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव और आर्थिक सलाहकार किरिल दिमित्रिएव भी मौजूद थे। अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने तहेदिल से स्वागत किया है। भारत सरकार ने कहा, संवाद से ही शांति की राह बनेगी।

इस बहुप्रतीक्षित बैठक के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अलास्का पहुंचने पर उनका गर्मजोशी भरा स्वागत हुआ। पुतिन के पहुंचने से पहले ही ट्रंप वहां पहुंच चुके थे और पुतिन के पहुंचने के बाद दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों नेता एक ही कार में सम्मेलन स्थल के लिए रवाना हुए। शांति की खोज की पृष्ठभूमि में आयोजित इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन में पिछले तीन साल से भी ज्यादा समय से रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का मुद्दा केंद्रीय था। इन दोनों शीर्ष नेताओं के बीच साल 2019 के बाद यह पहली आमने-सामने की बैठक थी। करीब दो घंटे 45 मिनट की बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि सम्मेलन में उन्होंने





- दोनों राष्ट्र प्रमुखों ने दो घंटे 45 मिनट की वार्ता को अहम बताया
- 12 मिनट में प्रेस-वार्ता खत्म, पौने तीन घंटे की वार्ता पर रहे मौन
- अगली वार्ता के लिए पुतिन ने ट्रंप को रूस बुलाया, ट्रंप की सहमति
- भारत ने युद्ध समाप्त करने की पहल का तहेदिल से स्वागत किया

यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में प्रगति की है लेकिन वे ऐतिहासिक शांति समझौते पर नहीं पहुंच पाए।

साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रंप ने कहा कि उनकी बैठक काफी उपयोगी रही और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी। हालांकि कुछ बड़ी बाधाओं के समाधान तक अभी नहीं पहुंचा जा सका है लेकिन उसमें भी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक कोई समझौता अंतिम नहीं हो जाता, तब तक कोई समझौता मान्य नहीं होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि वे इस मामले में हुई बातचीत का ब्यौरा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी साझा करेंगे और नाटो से भी उनकी बातचीत होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि इस मुद्दे पर जल्द ही दोबारा मिलेंगे।

इस दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप को रूस आने का न्यौता देते हुए कहा कि अगली बार मॉस्को में। जिसके जवाब में ट्रंप ने भी कहा कि वे इसे होते देख सकते हैं। पुतिन ने दोहराया कि यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति उनके देश की सुरक्षा के लिए बुनियादी खतरा है। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक कारणों को खत्म करके ही इस मुद्दे पर स्थायी और दीर्घकालिक समझौते तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की राष्ट्रपति ट्रंप की बात का वे स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि आज जिन बिंदुओं पर बात हुई है उससे शांति के लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी। हालांकि 12 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने बंद कमरे में हुई दो घंटे 45 मिनट की बातचीत का कोई ब्यौरा नहीं दिया। दोनों नेताओं ने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। संयुक्त प्रेस वार्ता में पुतिन ने कहा, जब राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि अगर वे राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता तो मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। मुझे भी यकीन है कि ऐसा नहीं होता। मैंने 2022 में पिछली अमेरिकी सरकार के साथ आखिरी बातचीत में यह साफ तौर पर कहा था कि स्थिति को प्वाइंट ऑफ नो रिटर्न यानि युद्ध की ओर नहीं ले जाना चाहिए। मैंने तब सीधे तौर पर कहा था कि ऐसा करना बहुत बड़ी गलती होगी।

यूक्रेन के साथ टकराव में रूस की मांग है कि डोनबास, खेरसॉन से यूक्रेन अपनी सेना हटाए, नाटो की सदस्यता की महत्वाकांक्षा छोड़ अपनी सेना को सीमित करे और उसे पश्चिमी देशों की सैन्य मदद खत्म हो। जबकि यूक्रेन का कहना है कि वह अपनी जमीन नहीं छोड़ेगा। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बार-बार दोहराया है कि यूक्रेन के बिना कोई शांति समझौता सफल नहीं होगा। पुतिन और ट्रंप की वर्ष 2019 के बाद पहली बार मुलाकात से यूक्रेन में हालात बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

अलास्का में बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को अपनी शक्ति का भी अहसास कराया। पुतिन एंकरोज के एल्मेडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर जब ट्रंप से मिल रहे थे तो उनके सिर के ऊपर से अमेरिकी लड़ाकू विमान बी-2 बॉम्बर गुजरे। ▶10पर

### सुप्रीम कोर्ट के हद से बाहर जाने को लेकर केंद्र ने किया आगाह

# संवैधानिक अराजकता पैदा न होने दें

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति और राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय-सीमा थोपने के खिलाफ चेतावनी दी है। केंद्र सरकार ने कहा है कि इससे देश में संवैधानिक अराजकता पैदा हो सकती है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अप्रैल में अपने एक निर्देश में कहा था कि राज्यपाल और राष्ट्रपति, दोनों के पास जेबी-वीटो की शक्तियां नहीं हैं। इस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले को लेकर 14 गंभीर सवाल पूछे थे।



राष्ट्रपति और राज्यपालों को दिया था समय-सीमा का निर्देश

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक लिखित निवेदन में कहा कि इस तरह समय-सीमाएं तय करना ऐसा है, जैसा सरकार के किसी अंग द्वारा उन शक्तियों का हड़पना, जो उसमें निहित नहीं हैं। इससे संविधान में उल्लेखित शक्तियों का संतुलन बिगड़ सकता है। सरकार ने चेतावनी दी कि इससे संवैधानिक अराजकता पैदा होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपने निवेदन में कहा, अनुच्छेद 142 में निहित अपनी असाधारण शक्तियों के बावजूद, सुप्रीम कोर्ट संविधान में संशोधन नहीं कर सकता या संविधान निर्माताओं की मंशा को विफल नहीं कर सकता। तुषार मेहता ने माना कि मौजूदा प्रक्रिया में कार्यान्वयन में कुछ सीमित समस्याएं हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि राज्यपाल जैसे उच्च पद पर बैठे लोगों से अधिनस्थ जैसा व्यवहार किया जाए। मेहता ने कहा राज्यपाल और राष्ट्रपति के पद राजनीतिक रूप से पूर्ण हैं और लोकतांत्रिक प्रशासन के उच्च आदर्शों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कथित चूक का समाधान राजनीतिक और संवैधानिक तंत्र के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि अवांछित न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए।

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संवैधानिक पीठ 19 अगस्त से इस मामले की सुनवाई करने वाली है। इससे पहले केंद्र सरकार ने कोर्ट में अपना लिखित जवाब दाखिल किया है। केंद्र ने कहा कि ऐसी समय-सीमाएं सरकार के एक अंग द्वारा उन शक्तियों का हड़पना होगा जो उसे नहीं दी गई हैं। सरकार ने कहा कि इसके चलते शक्तियों का पृथक्करण बिगड़ जाएगा। सरकार ने चेतावनी दी कि इसके चलते संवैधानिक अराजकता की स्थिति पैदा होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, अनुच्छेद 142 में निहित अपनी असाधारण शक्तियों के तहत भी सर्वोच्च न्यायालय संविधान में संशोधन नहीं कर सकता या या संविधान बनाने वालों की मंशा के खिलाफ नहीं जा सकता। जब तक संविधान के लिखित नियमों में कोई तय प्रक्रिया मौजूद न हो। राज्यपाल की सहमति की प्रक्रिया लागू करने में कुछ छोटी-मोटी दिक्कतें हो सकती हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि राज्यपाल जैसे ऊंचे पद को घटाकर एक छोटे या अधीनस्थ पद की तरह बना दिया जाए।

मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि राज्यपाल और राष्ट्रपति के पद अपने आप में पूर्ण राजनीतिक पद हैं और ये लोकतांत्रिक शासन के ऊंचे आदर्शों के प्रतीक हैं। यानि इन्हें सम्पूर्ण राजनीतिक वैधता मिली हुई है। उन्होंने कहा कि अगर कभी इन पदों से जुड़ी कोई गड़बड़ी नजर आती है तो उसका समाधान राजनीतिक और संवैधानिक तरीकों से किया जाना चाहिए न कि अदालत की जरूरत से ज्यादा दखलंदाजी से। ▶10पर

### देश विभाजन की असलियत बताएगा एनसीईआरटी

# विभाजन के दोषी जिन्ना-कांग्रेस-माउंटबेटन

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर एक विशेष पाठ्यक्रम जारी किया है। इस पाठ्यक्रम में भारत के विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है।

अगर छात्र भारत-पाकिस्तान विभाजन के इतिहास को बेहतर तरीके से समझना चाहते हैं, तो अब उन्हें यह जानकारी एनसीईआरटी के एक नए पाठ्यक्रम के जरिए मिलेगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर विशेष पाठ्यक्रम जारी किया है। इस पाठ्यक्रम में बताया गया है कि विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस पाठ्यक्रम को विभाजन के अपराधी शीर्षक दिया गया है और इसे कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में तैयार किया गया है। हालांकि, यह किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तक का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पूरक शैक्षिक सामग्री के तौर पर पेश किया गया है, जिसे पोस्टर, वाद-विवाद, प्रोजेक्ट्स और चर्चाओं के माध्यम से बच्चों को सिखाया जाएगा।





विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जारी हुआ विशेष पाठ्यक्रम

एनसीईआरटी द्वारा जारी पाठ्यक्रम में भारत-पाक विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ्यक्रम के मुताबिक, जिन्ना ने विभाजन की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार किया और माउंटबेटन ने इसे लागू किया। ▶10पर

### बंगाल में हिंदुओं पर हुई हिंसा को लेकर बनी फिल्म का विरोध

# द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर-लॉन्च पर टीएमसी का हंगामा

**कोलकाता, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** बंगाल में हिंदुओं पर हुई हिंसा को लेकर फिल्मकार विवेक अग्निहोत्री द्वारा बनाई गई चर्चित फिल्म द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर-लॉन्च के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों और टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और बिजली के तार काट डाले। विरोधियों ने आयोजकों के साथ हाथापाई भी की। पुलिस ने हंगामा करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा, पुलिस ने कार्यक्रम को ही रोक दिया। फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने कहा, हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। द बंगाल फाइल्स में 1946 में हुए कोलकाता दंगों और नोआखाली नरसंहार को दिखाया जाएगा। फिल्म अपनी रिलीज से पहले ही विवादों में भी घिरी है। फिल्म निर्माता को फिल्म की घोषणा के बाद से ही धमकियां दी जा रही हैं और परेशान किया जा रहा है।



कट्टरपंथियों ने तार काटे, पुलिस ने प्रोग्राम नहीं चलने दिया

विवेक अग्निहोत्री ने एक प्रमुख मूवी थिएटर चैन द्वारा द बंगाल फाइल्स के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम को रद्द किए जाने पर कहा, मैं जैसे ही अमेरिका से कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचा तो मुझे पता चला कि सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स श्रृंखलाओं में से एक ने कहा कि वे ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो राजनीतिक उथल-पुथल होगी। ▶10पर

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 1,03,020/- (प्रति 10 ग्राम)**

**चाँदी : 1,18,320/- (प्रति किलोग्राम)**

## मौसम बेंगलूरु

**अधिकतम : 28⁰**

**न्यूनतम : 21⁰**

### बादल फटने के बाद आई आपदा से चिशोती गांव बेहाल

# किश्तवाड़ में 70 शव निकाले गए, 75 लापता

**जम्मू, 16 अगस्त (ब्यूरो)।** किश्तवाड़ जिले में मचेल माता यात्रा के दौरान चिशोती गांव में बादल फटने के बाद आई बाढ़ और मलबे में दबने से अब तक 70 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे में अभी भी कई लोगों के शव मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जम्मू कश्मीर सरकार ने आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने और घायलों के इलाज का खर्च वहन करने की घोषणा की है।

किश्तवाड़ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं, लेकिन बाढ़ में सब कुछ बह गया। प्रशासन लगातार पीड़ितों के मदद में जुटा हुआ है और राहत बचाव कार्य जारी है। एसडीआरएफ, राष्ट्रीय राइफल के जवान, व्हाइट नाइट कोर की मेडिकल टीम, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआईएसएफ और अन्य एजेंसियां ऑपरेशन में जुटी हैं। इस हादसे में 150 से ज्यादा लोग घायल हैं, जबकि 200 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। करीब 75 के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है जिनमें हरियाणा व मध्यप्रदेश के चार-चार लोग भी शामिल हैं।



मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की आर्थिक मदद

जबकि हिमाचल प्रदेश का भी एक श्रद्धालु लापता है।

इस बीच जम्मू संभाग के किश्तवाड़ में आई बाढ़ के बाद अब भी जम्मू में बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग की ओर से अगले चार दिन जम्मू के लिए आरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। 17 और 18 अगस्त के लिए आरेंज और 19-20 अगस्त के लिए जम्मू में येलो अलर्ट है। कल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला किश्तवाड़ पहुंचे थे। वे स्थानीय लोगों से मिले और हालात का जायजा लिया। आज वे चशोती गांव भी गए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि करीब 60 शव बरामद हुए हैं। लापता लोगों की संख्या का आकलन किया जा रहा है।

जिस चशोती गांव में यह त्रासदी आई है, उस गांव की आबादी करीब 300 के आस पास है। गांव में 40 से ज्यादा घर हैं तो वहीं इस गांव में 10 से ज्यादा होमस्टे भी हैं। यह गांव किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किमी दूर है। यह जगह पाड्डर घाटी में है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने बताया कि किश्तवाड़ के चिशोती इलाके में भीषण आपदा में अब तक 60 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 70-80 लोग अभी भी लापता हैं। सीएम अब्दुल्ला ने ये भी कहा कि हर संभव मदद का प्रयास कर रहे हैं लेकिन किसी जान की आप कीमत लगा नहीं सकते हैं। ▶10पर

## कार्टून कॉर्नर



# कर्मयोगी पुरुष थे श्रीकृष्ण: साध्वी उपासना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर साध्वी उपासना ने प्रवचन देते हुए कहा कि जब महापुरुषों की जलज्योति इतिहास में अमर हो जाती है, तब उनका जीवन युग-युगों तक प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण कर्मयोगी पुरुष थे। उन्होंने अपने जीवन में कर्मों का महत्व समझाया और कर्मों के बंधन से मुक्त होने का मार्ग बताया। गीता में उन्होंने अर्जुन को कर्मयोग का उपदेश दिया, जिसमें कर्म करने पर बल दिया गया, किंतु फल की चिंता न करने की शिक्षा दी। साध्वी उपासना ने स्पष्ट किया कि ज्ञानियों ने पुरुष तीन प्रकार के बताए हैं, धर्म पुरुष जो स्वयं भी तैरते हैं और संसार को भी तारते हैं। भोग पुरुष चक्रवर्ती राजा, जो भोग में लिप्त रहते हैं। भोग नरक की ओर ले जाता है, किंतु यदि उसका त्याग कर दें तो मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कर्म पुरुष अर्थात् वासुदेव श्रीकृष्ण। श्रीकृष्ण कर्म पुरुष के रूप में यही संदेश देते हैं कि कर्म करते रहो और फल की इच्छा मत करो। संघर्षों में भी मुस्कुराना उनका जीवन संदेश था। साध्वीजी ने आगे कहा कि श्रीकृष्ण ने जीवन में अनेक भूमिकाएँ निभाईं, एक योद्धा, एक राजा और एक गुरु के रूप में। हर भूमिका में उन्होंने कर्म का आदर्श प्रस्तुत किया, किंतु कर्म के बंधन में कभी नहीं बंधे। कर्मयोगी श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें भी इन मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए। गौमाता का सम्मान करना। सुदामा जैसे निर्धन मित्र के प्रति अटूट प्रेम और सच्ची मित्रता निभाना। सत्ता और वैभव में रहकर भी सादगी और सेवा भाव बनाए रखना। इस अवसर पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों को संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया। धर्मसभा में साध्वी ऋषिता ने भावपूर्ण स्तवन प्रस्तुत किया, साध्वी उपासना ने वीरांगना रानी सोहन की रोचक श्रृंखला को आगे बढ़ाया, और साध्वी निर्मला ने मांगलिक प्रदान किया। कार्यक्रम में नंजनगुड से बसंतीलाल भंडारी, गंगानगर संघ के निवर्तमान अध्यक्ष अमरचंद गुंदेचा, सुरेश बिट्टू जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अध्यक्ष प्रकाश चानोदिया ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

# मासखमण की तपस्या पर तपस्विनी का अभिनंदन



**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिण सम्राट श्रमण संघीय उप प्रवर्तक नरेश मुनि महाराज की निश्रा में बेंगलूरु चातुर्मास के दौरान स्थानकवासी जैन समाज, हुब्बल्ली के गौरव अध्यक्ष बाबूलाल पारेख की पुत्री तपस्विनी मल्लिका भरत कातरेला ने मासखमण 30 उपवास की महान तपस्या पूर्ण की।

मासखमण जैसी महान और दुर्लभ तपस्या पूर्ण कर धर्म, साधना और आत्मबल का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर स्थानकवासी समाज हुब्बली के अध्यक्ष उकचंद बाफना, पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी, गौरव अध्यक्ष बाबूलाल पारेख, कोषाध्यक्ष कांतिलाल बोहरा, निदेशक गौतम गोलेच्छा, पूर्व सहमंत्री मदन तातेड़, प्रकाश चोरडिया, सुभाष चंद्रा डंक, कातरेला परिवार सहित अन्य सदस्यों ने तपस्विनी का सम्मान कर इस तप महोत्सव को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। इस दौरान संघ के अध्यक्ष उकचंद बाफना ने कहा हम सभी समाज जन तपस्विनी मल्लिका की साधना को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल आध्यात्मिक भविष्य की मंगलकामना की। संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने कहा कि यह तप आराधना न केवल आत्मशुद्धि की ओर एक सशक्त कदम है, अपितु संपूर्ण समाज को संयम, श्रद्धा और आत्मनिष्ठा का संदेश भी देती है।

उपस्थित सभी जनों ने तप-स्विनी मल्लिका की तप आराधना की सराहना करते हुए उन्हें मंगल-ाशीर्वाद प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना की।

# बीजेएस विजय नगर ने सरकारी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भारत की स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बीजेएस विजय नगर ने कमाक्षीपल्या, विजय नगर स्थित सिद्धार्थ गौतम सरकारी उच्च विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया। यह एक सरकारी उच्च विद्यालय है, जिसमें लगभग 100 बच्चों की संख्या है। कार्यक्रम में बीजेएस विजय नगर चैप्टर के मंत्री महावीर गुगलिया, संयुक्त अध्यक्ष शंकर दक तथा सदस्य रविंद्र गांधी, पवन दक, मुकेश भंडारी, विमल गुगलिया, विक्की भंडारी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व उप महापौर के. रंगन्ना, अनिल रंगन्ना, भाजपा युवा मोर्चा बेंगलूरु के मुख्य कार्यकारी, पूर्व प्राचार्य अराध्या, वर्तमान प्राचार्य हालप्पा अन्य शिक्षक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। बीजेएस सदस्यों और मुख्य अतिथि ने मिलकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्रों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बीजेएस विजय नगर चैप्टर के सचिव महावीर गुगलिया ने विद्यार्थियों और अतिथियों को संबोधित करते हुए बीजेएस की स्थापना, देशभर में हमारी सेवाओं, स्वतंत्रता के महत्व, स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी कैसे मिली इस पर प्रेरणादायक भाषण दिया। संयुक्त अध्यक्ष शंकर दक ने बच्चों से कहा कि वे पढ़ाई में मेहनत करें, शिक्षा को महत्व दें और स्कूल का नाम रोशन करें। सभी बीजेएस सदस्यों ने बच्चों में मिठाइयाँ और चॉकलेट बाँटीं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

विद्यालय के प्राचार्य हालप्पा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और विद्यालय को पहले किए गए हमारे दान के लिए आभार व्यक्त किया।

# भाषा के बिना विकास संभव नहीं: विनय कुमार यादव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

आचार्या इंस्टीट्यूट ऑफ ग्रेजुएट स्टडीज, सोलदेवनहल्ली में बुधवार को राज्य शिक्षा नीति के तहत तृतीय सेमेस्टर के लिए विशेष ऑरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेंगलूरु सिटी यूनिवर्सिटी से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तृतीय सेमेस्टर में पढ़ाई जाने वाली तीन प्रमुख पुस्तकों - मैथिलीशरण गुप्त का खंडकाव्य 'पंचवटी', ममता कालिया का उपन्यास 'सपनों की होम डिलीवरी, तथा मुंशी प्रेमचंद का उपन्यास 'निर्मला' पर विस्तार से चर्चा हुई।

पंचवटी पर लेफ्टिनेंट डॉ. एम. गीता श्री डायरेक्टर, बीएमएस कॉलेज ने अपने विचार रखे। सपनों की होम डिलीवरी' पर डॉ. ज्योत्सना आर्य सोनी एस आर एन आदर्श कॉलेज ने वक्तव्य दिया। निर्मला पर डॉ. सुप्रिया सिंह सेंट क्लेरेट कॉलेज ने विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. विनय कुमार यादव, बिशप कॉटन विमेंस कॉलेज एवं महासचिव कर्नाटक राज्य विश्वविधालय कॉलेज हिन्दी प्राध्यापक संघ ने कहा कि भाषा के बिना विकास संभव नहीं है और साहित्य ही जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का माध्यम है। उन्होंने तीनों पुस्तकों का सार प्रस्तुत करते हुए उनके मूल बिंदुओं को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरुनाथ राव वैद्या ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें विषय की गहराई तक ले जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. क्षितिजा एम एल ए कॉलेज ने किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद नाग और सहायक प्राध्यापक यूनुस अली के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सार्थक और जीवंत बनाया।

# भारतीय राजपूताना सेवा संगठन ने व्हाइटफील्ड में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय राजपूताना सेवा संगठन द्वारा व्हाइटफील्ड में ध्वजारोहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शालिग्राम सिंह और राष्ट्रीय मातृशक्ति अध्यक्ष ममता सिंह ने ध्वज फहराया। कार्यक्रम का सफल संचालन बेंगलूरु अध्यक्ष सुनील सिंह, व्हाइटफील्ड उपाध्यक्ष अजीत सिंह, व्हाइटफील्ड मातृशक्ति अध्यक्ष रोहिणी सिंह, आयोजन सचिव संजय सिंह और उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर बेंगलूरु उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, गोपाल सिंह, निर्मला सिंह, रिंकी सिंह, पिंकी सिंह, नीरज सिंह, आशुतोष सिंह, रोहन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार ने अपने संबोधन में देश की आजादी के महत्वपूर्ण पहल-ुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, मेहनत और लगन से हासिल की गई चीजों की कीमत हमें समझनी चाहिए।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि बच्चों को स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और वीर जवानों के बलिदान के बारे में अवश्य बताया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी देशभक्ति की भावना को अपनाए और समाज में सकारात्मक योगदान दे सके। उन्होंने आपसी भाईचारे और मिलजुलकर रहने के महत्व पर भी बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देशहित और संगठनहित में अपने विचार साझा किए। इस मौके पर देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और अल्प-ाहार की विशेष व्यवस्था भी की गई।

# महिला समिति ने बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

वनबंधु परिषद महिला समिति बेंगलूरु से पूर्व अध्यक्ष बबीता अग्रवाल, अध्यक्ष कांता काबरा, सचिव अनीता जैन, वनयात्रा प्रभारी नीरू तायल सहित सात सदस्यों ने चामराजनगर में वनयात्रा की, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों का दौरा कर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, सांस्कृतिक गतिविधियों और मूलभूत सुविधाओं का अवल-ोकन करना और बच्चों में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति की भावना जागृत करना था। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। सभी बच्चों को तिरंगे के बैज लगाकर हाथों पर तिरंगे के रंग लगाए गए।

इसके बाद बच्चों ने मिलकर सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाया, जिससे वातावरण देशभक्ति की भावना से भर गया। स्कूल के बच्चों को तिरंगा झंडा, बैज, चॉकलेट और फल दिए गए। आचार्यो और उपस्थित मेहमानों को सम्मान स्वरूप साड़ी, उपहार और त्योहार के नाते मिठाई दी गई।

# नए सत्र के प्रथम कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

सत्र 2025-26 की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष स्वरूप चोपड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का शुभारम्भ मंगलाचरण से किया गया। महाश्रमण सुर संगम द्वारा विजय गीत का संगान किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन अभातेयुप से गौतम खाब्या ने किया। गत कार्यकारिणी बैठक का वाचन संगठन मंत्री प्रणव धारीवाल ने किया। अध्यक्ष स्वरूप चोपड़ा ने अपने स्वागत व्यक्तव्य और अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अभातेयुप निर्देशित सभी आयाम पूर्ण करना इस टीम का लक्ष्य रहेगी। 17 सितंबर को आयोजित एमबीडीडी के अंतर्गत रक्तदान अमृत महोत्सव 2 पर विशेष श्रम कर सफल बनाने का आह्वान किया और कहा कि आने वाले आयोजन आरोहण दक्षिणांचल, सरगम में सभी साथियों की सहभागिता अपेक्षित है। इसी क्रम में मंत्री देवेन्द्र आंचलिया ने सभी आयामों के प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किया।

बैठक में शांतिनाथ गांधी को 3 सालों के लिए एटीडीसी प्रभारी नियुक्त किया गया।

एटीडीसी सह सयोजक गौतम खाब्या, राहुल मेहता, नई टीम व एटीडीसी सलाहकारों की नियुक्ति की गई।

तत्पश्चात अभातेयुप से सारसंभाल के अंतर्गत परिषद शाखा प्रभारी विनोद मुथा, सरगम के राष्ट्रीय सह प्रभारी विशाल पितलिया, तेरापंथ टाइम्स संपादक रोहित कोठारी ने अध्यक्ष व नई टीम को अग्रिम बधाई दी व अभातेयुप के आयामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षों, परामर्शकगण, सलाहकार गण, समिति सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन और आभार मंत्री देवेन्द्र आंचलिया ने किया।

# श्रीकृष्ण आसक्त भाव से मुक्त कर्मयोगी थे: साध्वी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में साध्वी श्री इंदुप्रभा जी ने कहा कि जब जब अभिमान पाप अन्याय और अत्याचार अपनी सीमाएं लांघ जाते हैं तब तब महापुरुषों का जन्म होता ही है। उज्ज्वल यादव वंश के श्रीकृष्ण स्नेहप्रिय और न्यायप्रिय व्यक्तित्व के प्रतीक हैं, आदर्श हैं। हम तन धन वैभव शौर्य और ताकत का अभिमान करते हैं तो श्रीकृष्ण चरित्र हमे यह सिख देता है कि रावण कौरव कंस जैसों का क्या हस्र हुआ है।

जन्माष्टमी पर अपने प्रवचन में साध्वी श्री वृद्धिप्रभा जी ने कहा कि श्रीकृष्ण गुणानुरागी, विनयवान, गौ प्रेमी, मानवतावादी पुरुषार्थी और प्रशंसनीय जीवन जीने वाले उत्तम अनुकरणीय पुरुष थे।

उनका जीवन उतार चढ़ाव से भरा हुआ रहा। परन्तु वे कभी निराश हताश नहीं हुए। माता पिता के प्रति भक्ति और विनय आज भी हमे प्रेरणा देता है। माता पिता के आशीर्वाद से हमे सब कुछ मिल सकता है। गायों के प्रति उनका अनुराग अनुकरणीय है। गाय श्री की प्रतीक होती है। वे सर्व वल्लभ और सकारात्मक थे। 16 कला के पूर्ण अवतार श्रीकृष्ण आसक्त भाव से मुक्त कर्मयोगी थे।

प्रवचन सभा में चेन्नई, डोड्डबल्लापुर, मैसूरु, हैदराबाद आदि स्थानों के दर्शनार्थी उपस्थित थे। सभा का संचालन करते हुए अलसूर संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने बताया कि रविवार को प्रफुल्ल एवं सरोजदेवी फूलफगर का तप अनुमोदना महोत्सव होगा। अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। साध्वी श्री शशिप्रभा जी ने मंगल पाठ सुनाया।

# धर्मस्थल के खिलाफ बड़ी साजिश

## शिवकुमार के बयान पर मिली–जुली प्रतिक्रिया

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, जो कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं, के धर्मस्थल के खिलाफ बड़े पैमाने पर साजिश होने के बयान पर मिली–जुली प्रतिक्रियाएँ मिली हैं। डी.के. शिवकुमार के बयान ने भाजपा और जेडीएस के लिए असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है, जो कांग्रेस के खिलाफ धार्मिक राजनीति के आधार पर बिखरने वाले थे।

यह आश्चर्यजनक है कि डी.के. शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री रहते हुए विपक्षी दलों के विचार व्यक्त किए हैं। सरकारी प्रतिनिधियों द्वारा साजिश की बात कहने के बाद, विपक्षी दल इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि सरकार की फिर से आलोचना कैसे करें। डी.के. शिवकुमार लोगों की भावनाओं के आधार पर बयान देकर कांग्रेस पार्टी की जड़ता को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।



विधानसभा में हुई चर्चा में, विपक्षी विधायकों ने धर्मस्थल निर्वाचन क्षेत्र को गुमराह करने के लिए एक अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति का इस्तेमाल किया है। हिंदू धार्मिक स्थलों के खिलाफ लगातार साजिशें हो रही हैं। कई धार्मिक स्थलों के बाद, अब धर्मस्थल के खिलाफ भी साजिश रची गई है। जब एक अज्ञात शिकायतकर्ता ने खोपड़ी लाकर न्यायाधीश के समक्ष बयान दिया, तो एक अपरिहार्य स्थिति उत्पन्न हो गई जिसके लिए जाँच आवश्यक हो गई। सरकार ने इस आधार पर एसआईटी जाँच का आदेश दिया था कि यदि स्थानीय पुलिस द्वारा जाँच की गई, तो फिर से संदेह उत्पन्न हो सकते हैं। धर्मस्थल के आसपास सैकड़ों शवों के अंतिम संस्कार की बात कहने के बाद कई तरह की शंकाएँ उत्पन्न हुईं। गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने विधानसभा में औपचारिक रूप से तर्क दिया कि शंकाओं को दूर करने के लिए जाँच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को विस्तृत उत्तर देंगे। इस बात की आलोचना हो रही है कि धर्मस्थल में एसआईटी जाँच करते समय सामान्य बुद्धि का प्रयोग नहीं किया गया और अज्ञात व्यक्ति द्वारा बताए गए सभी स्थानों की खुदाई की गई और उनका दुरुपयोग किया गया। विपक्षी दलों के वादे से पहले ही, डी.के. शिवकुमार स्वयं धर्मस्थल के विरुद्ध षड्यंत्र रच रहे थे। यह कहने के बाद कि मंदिर में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, पता चला है कि एसआईटी जाँच एक अज्ञात व्यक्ति की ओर मुड़ गई है। नकाबपोश व्यक्ति द्वारा बताए गए सभी स्थानों पर खुदाई की गई। अभी तक आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं मिला है। सूत्रों का कहना है कि एसआईटी उपलब्ध छोटी–छोटी जानकारियों की जाँच के बाद शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद सभी ने यह कहते हुए चुप्पी साध ली थी कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक कोई बयान नहीं दिया जाना चाहिए। विधानसभा में जब गरमागरम बहस हुई, तब भी किसी मंत्री ने अपनी आवाज नहीं उठाई। लेकिन डी.के. शिवकुमार मंदिर का बचाव करने वाले पहले व्यक्ति थे। शिवकुमार के बयान के बाद, कई मंत्रियों ने उनके समर्थन में मंदिर के पक्ष में बात की। एक अन्य समूह भी डी.के. शिवकुमार के इस दावे से नाराज है कि एसआईटी जाँच पूरी होने से पहले ही साजिश रची गई थी। जाँच पूरी होने और रिपोर्ट जमा होने के बाद दिया गया कोई भी बयान उचित है। लेकिन एसआईटी जाँच के दौरान किसी प्रभावशाली पद पर बैठे व्यक्ति का ऐसा कहना उचित नहीं है। ऐसी राय है कि अदालत में इस पर सवाल उठाया जा सकता है। कुल मिलाकर, केपी–सीसी अध्यक्ष बनने के बाद से, डी.के. शिवकुमार अपने विरोधियों, खासकर सांप्रदायिक राजनीति में, को कोई मौका दिए बिना राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक से बस की टक्कर में तीन लोगों की मौत, सात घायल



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में येल्लापुर के पास शनिवार को एक सरकारी सार्वजनिक परिवहन बस के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार तड़के हितिनाबैल घाट पर उस समय हुई जब बस चालक कथित तौर पर एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था।

मृतकों की पहचान गुलेदगुड्डा निवासी नीलाव्वा यलदुर्गप्पा हरदोल्ली (40) और बागलकोट जिले के जलिहाल निवासी गिरिजाव्वा अयप्पा बुदन्नावर (30) के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस दुर्घटना में अमीनागढ़, बादामी और हजनागुंड के सात लोग घायल हुए हैं और उनका स्वास्थ्य लाभ हो रहा है। एक यात्री की शिकायत के बाद, येल्लापुर पुलिस ने बस और ट्रक चालक दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने पार्किंग लाइट जलाए बिना ही वाहन पार्क कर दिया था। पुलिस ने बताया कि बस में सवार अधिकतर यात्री धर्मस्थल जा रहे थे।

## सीएम गांधी परिवार को खुश करने और अपनी कुर्सी बचाने के लिए आरएसएस की आलोचना न करें: आर. अशोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने व्यंग्यात्मक लहजे में मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भूमिका के बारे में थोड़ा पढ़ने की सलाह दी है। उन्होंने कहा सिद्धरामैया के बयान से मुझे कोई आश्चर्य नहीं है।



मैं कांग्रेस पार्टी की हताशा और ईर्ष्या को समझता हूँ। कांग्रेस पार्टी कई दशकों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में गलत सूचना फैलाने, उसे गाली देने और उसकी छवि खराब करने की असफल कोशिश करती रही है। हालाँकि, लोगों का आरएसएस के प्रति सम्मान और प्रशंसा बढ़ रही है। संघ की विचारधारा को व्यापक रूप से स्वीकार किया जा रहा है। संघ परिवार का दायरा बढ़ रहा है। अगर आप आरएसएस का अपमान करते हैं, तो आप कांग्रेस आलाकमान और नकली गांधी परिवार को खुश कर सकते हैं। वे कुछ वामपंथियों और स्वयंभू बुद्धिजीवियों को लुभा सकते हैं जो अपने गुप्त एजेंडे को अंजाम देने के लिए हमेशा घात लगाए बैठे रहते हैं। लेकिन कोई भी देशभक्त कांग्रेस पार्टी के इस कदम को माफ नहीं करेगा, जो राजनीतिक लाभ के लिए देशभक्त संगठनों को बदनाम कर रही है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा है कि चंद लोगों को खुश करने के लिए उन्हें करोड़ों देशभक्तों की नजरों में छोटा नहीं बनना चाहिए। इतिहास गवाह है कि गांधीजी, बाबासाहेब अंबेडकर, जयप्रकाश नारायण और अन्य कई महान लोगों ने, चाहे उनकी पार्टी या वैचारिक पृष्ठभूमि कुछ भी रही हो, सेवा, समर्पण, समानता और भाईचारे की भावनाओं की सराहना की है। 1934 में आरएसएस शिविर में आए गांधीजी ने दावा किया था कि उन्होंने वहाँ सभी स्वयंसेवकों को, जाति, पंथ या कुल की परवाह किए बिना, राष्ट्र सेवा के एकमात्र लक्ष्य के साथ एक माँ और बच्चों की तरह एक साथ रहते देखा। उन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता से मुक्त समाज के निर्माण के अपने सपने को पूरा करने के लिए आरएसएस की प्रशंसा की।

1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान आरएसएस स्वयंसेवकों द्वारा की गई सेवा के सम्मान में, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्वयंसेवकों को 1963 के गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित किया था।

अशोक ने याद दिलाया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 2018 में आरएसएस के एक कार्यक्रम में भाग लिया था।

## विश्व ओक्कालिगारा महासंस्थान मठ के अध्यक्ष कुमार चन्द्रशेखरनाथ स्वामीजी का निधन





### देवेगौड़ा व सीएम समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
केंगेरी के निकट स्थित विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के प्रमुख श्री कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी (82) का निधन हो गया। वृद्धावस्था संबंधी बीमारी से पीड़ित स्वामीजी का शुक्रवार रात 12.01 बजे निधन हो गया। मठ में शनिवार दोपहर तक उनके अंतिम दर्शन की अनुमति थी। अंतिम संस्कार मठ परिसर में धार्मिक रीति–रिवाजों के साथ किया गया। मठ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के प्रमुख श्री निश्चलानंदनाथ स्वामीजी के नेतृत्व में धार्मिक अनुष्ठान किए जाएँगे। उन्होंने मठ की ओर से शिक्षा और आध्यात्मिक क्षेत्रों में अपार योगदान दिया था और समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय रहे थे।

श्री कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के प्रथम प्रमुख थे। प्रमुख बनने के बाद से ही उन्होंने समाज की भलाई के लिए अथक प्रयास किए। उन्होंने किसानों के पक्ष में और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई थी। वे वोक्कालिगारा समुदाय के संघर्षों में सक्रिय रहे। वृद्धावस्था संबंधी बीमारी के कारण, श्री ने श्री निश्चलानंदनाथ स्वामीजी को मठ का प्रमुख बनाया था। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, राज्य वोक्कालिगारा संघ के अध्यक्ष बी. केंचप्पा गौड़ा, मठ प्रमुख, समुदाय के नेताओं, मंत्रियों, विधायकों और गणमान्य व्यक्तियों ने निधन पर शोक व्यक्त किया है। देवेगौड़ा ने अपने शोक संदेश में कहा, ईश्वर धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने वाले गुरु को आशीर्वाद दें और उन्हें उनके जाने के दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि श्री कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी के निधन का समाचार सुनकर उन्हें अत्यंत दुःख हुआ। आध्यात्मिक जगत में महान उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले, समाज सेवा और धार्मिक गतिविधियों में अग्रणी रहे पूज्यनीय स्वामीजी की आत्मा को शांति मिले। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने चंद्रशेखरनाथ स्वामीजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर मठ के भक्तों को उस व्यक्ति के निधन का दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें जिन्होंने विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ की स्थापना की और अपने सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में अद्वितीय योगदान दिया। डॉ. विश्व वोक्कालिगारा महासंस्थान मठ के कुलपति श्री निर्मलानंद नाथ स्वामीजी ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह अत्यंत दुःख की बात है कि श्री कुमार चंद्रशेखरनाथ महासंस्थान मठ के स्वामी अब भौतिक रूप से नहीं रहे। धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों में निःस्वार्थ सेवा प्रदान करके जनमानस में व्याप्त स्वामीजी जनमानस में भक्ति की स्थापना के कार्य में लगे रहे। उन्होंने समाज की प्रगति और विकास के लिए मार्गदर्शन किया। स्वामीजी ने अपने शोक संदेश में कहा कि सनातन संस्कृति और परंपराओं के रक्षक के रूप में, उन्होंने लोगों के दुखों का समाधान किया और अपनी शिक्षाओं के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान किया। उन्होंने सदैव समाज हित में सार्थक जीवन जिया और अनेक परोपकारी कार्य करने का निश्चय किया ताकि उनके निधन के बाद भी समाज सेवा के कार्य सदैव चलते रहें। वे जनसाधारण के जीवन और आजीविका को धर्म के मार्ग पर व्यवस्थित करने के उद्देश्य से सत्कर्मों के क्रियान्वयन में संलग्न रहे।

## के.एन. राजन्ना को मंत्रिमंडल में बहाल किया जाना चाहिए: सिद्धलिंगस्वामीजी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
सिद्धगंगा मठ के पीठासीन अध्यक्ष श्री सिद्धलिंगस्वामीजी ने कहा कि के.एन. राजन्ना को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाना एक झटका है और राजन्ना को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग की।



पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि के.एन. राजन्ना और डॉ. जी. परमेश्वर तुमकुरु जिले से मंत्रिमंडल में थे। दोनों अच्छा काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजन्ना की अचानक बर्खास्तगी एक झटका है। सहकारिता क्षेत्र से आने वाले राजन्ना सहकारिता विभाग पर इसलिए काम कर रहे थे क्योंकि इससे वे किसानों, आम लोगों और संगठनों की ज्यादा मदद कर सकते थे। सत्र के पहले ही दिन अचानक मंत्रिमंडल से हटाए जाने की खबर सुनकर वे स्तब्ध रह गए। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि पार्टी आलाकमान के फैसले के अनुसार उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाएगा। राजन्ना एक स्पष्टवादी और समझौता न करने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने अपने एक भाषण के संदर्भ में मांग की कि उन्हें मंत्रिमंडल से हटाए जाने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। उन्हें पूरा विश्वास है कि राजन्ना को मंत्रिमंडल में वापस लाया जाएगा। जल्द ही स्थिति सुलझ जाएगी। उन्होंने कहा कि राजन्ना फिर से मंत्री के रूप में अच्छा काम करेंगे। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया सभी मुद्दों पर बोलते थे। लेकिन राजन्ना के मामले में उन्होंने चुप्पी साध ली है। बताया जा रहा है कि वह कह रहे हैं कि किसी को भी नहीं बोलना चाहिए क्योंकि आलाकमान का फैसला है। सिद्धरामैया आलाकमान नहीं हैं। हो सकता है उन्होंने आलाकमान के फैसले को स्वीकार कर लिया हो। लेकिन उन्होंने मांग की कि राजन्ना को मंत्रिमंडल में वापस लाया जाए और जनता की सेवा करने दी जाए।

## नेरालाकाटे में विशाल पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बंटवाल के विट्टल में मणि–मैसूरु राज्य राजमार्ग पर नेरालाकाटे के पास स्थित परलोट्टू के पास, शुक्रवार को एक विशाल, दशकों पुराना पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया। सौभाग्य से, घटना के समय कोई वाहन वहाँ से नहीं गुजर रहा था, जिससे एक गंभीर दुर्घटना टल गई। छुट्टी होने के कारण, यातायात अपेक्षाकृत कम था। हालाँकि, स्थानीय लोगों ने बताया कि पेड़ गिरने से कुछ ही क्षण पहले, एक लॉरी सहित भारी वाहन वहाँ से गुजरे थे। निवासियों ने गिरे हुए पेड़ को तुरंत हटा दिया, जिससे सड़क यातायात के लिए बहाल हो गई।



### सीएम को गुलाम संस्कृति वाली कांग्रेस की छाया में खड़े होकर

## आरएसएस के बारे में बोलने का अधिकार नहीं: विजयेन्द्र

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया पर पलटवार करते हुए कहा है कि आपको कांग्रेस की छाया में खड़े होकर, एक गुलाम संस्कृति के रूप में, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है, जो आज भी उस स्वतंत्रता संग्राम का अपमान करती है जिसने देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराया था। इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करते हुए, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा एक राजनीतिक दल के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए दुनिया के सबसे बड़े गैर–राजनीतिक संगठन के रूप में की, एक देशभक्त संगठन के रूप में जो सेवा और समानता के सिद्धांतों को अपनाकर देश का निर्माण कर रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, आप मूल रूप से कांग्रेसी नहीं हैं,



बल्कि एक ऐसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते हैं जिसने आप–ातकाल का विरोध किया था। कांग्रेस पार्टी के बचाव में आपका खड़ा होना उन कई महापुरुषों का अपमान करने जैसा है जिन्होंने 70 के दशक में स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों का प्रचार करने और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने स्वार्थ और सत्ता की राजनीति के लिए कांग्रेस में शामिल होने और संविधान व लोकतंत्र की बात करने के लिए कोई नैतिकता न रखने का आर–ोप लगाया है। स्वतंत्रता दिवस के मंच पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उपलब्धियों को संविधान के प्रति अनादर बताते हुए सिद्धरामैया ने कांग्रेस पार्टी पर आपातकाल के दौरान स्वतंत्रता संग्राम पर संदेह करने, संविधान की इच्छाओं की अवहेलना करने, लोकतंत्र का गला घोंटने और तानाशाह बनने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजनीति में एक बड़ा कलंक बताया है। जातिविहीन समाज का निर्माण करने वाले संघ के असंख्य कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण को देखते हुए महात्मा गांधी ने जिस उक्ति की प्रशंसा की थी, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि चीन युद्ध के दौरान देश की रक्षा के लिए डटे वीर सैनिकों की सेवा में लगे इस संगठन ने कृतज्ञता स्वरूप गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए आरएसएस को आमंत्रित किया था ताकि पूरा देश उसकी सेवा को मान्यता दे। यह समय की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उपलब्धियों और सेवा का उल्लेख किया, जो महान उद्देश्यों, लक्ष्यों और लक्ष्यों के साथ देश की सीमाओं से परे अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है और भारतीयता का प्रतिनिधित्व कर रहा है, और स्वतंत्रता आंदोलन के उद्देश्य को पूरा करने और आगे बढ़ने के लिए उसकी प्रशंसा की। यह करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का प्रतीक भी है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि कांग्रेस और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया इससे इतने विचलित क्यों हैं। यह आंदोलन कांग्रेस के नाम पर पूरे देश में स्वतंत्रता आंदोलन फैलाने के दृढ़ इरादे से चलाया गया था। स्वयं महात्मा गांधी सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों ने सुझाव दिया था कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस का नाम समाप्त कर दिया जाना चाहिए और इसे एक राजनीतिक दल के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

देश की जनता जानती है कि इसके बावजूद, कांग्रेस पार्टी को एक राजनीतिक दल के रूप में बनाए रखा गया है और आज भी एक ही परिवार द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है, जो देश के हितों के विरुद्ध राजनीतिक कार्य और कथनी करनी का प्रदर्शन कर रहा है।

# पचरंगी तप द्वारा मासखमण की अनुमोदना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी श्री पुण्ययशा जी के सान्निध्य में मोनिका सुराणा धर्मपत्नी मनीष सुराना के 31 दिनों के मासखमण तप की अनुमोदना का कार्यक्रम तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया। साध्वी पुण्ययशाजी ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा तप मोक्ष मार्ग की साधना का एक अंग है। तपस्या के द्वारा जहां एक ओर आध्यात्मिक शक्तियों का जागरण होता है, वहीं दूसरी और शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य की भी प्राप्ति होती है। तपस्या के द्वारा कर्मों की महान निर्जरा होती है। निर्जरा के इस महान यज्ञ में तपस्विनी मोनिका के मासखमण तप की अनुमोदना में श्रावक-श्राविकाओं ने पचरंगी तप तथा अन्य तप की मानों झड़ी ही लगा दी हो। मासखमण तप की अनुमोदना में 49 व्यक्तियों ने उपवास से लेकर सात दिन की तपस्या के प्रत्याख्यान किये। एक सात की तपस्या, तीन छह की तपस्या, पांच पंचोले, चार चोले, नौ तेले, दस बेले एवं 20 उपवास, सभी तपस्वियों ने साध्वी श्री जी से प्रत्याख्यान किये। यह राजराजेश्वरी नगर के लिए एक ऐतिहासिक पल बना अतः तप अनुमोदना का ऐसा सात्विक नजारा उपलब्ध कराने हेतु श्रावक-समाज ने साध्वीवृन्द के प्रति अनंत कृतज्ञता ज्ञापित की। साध्वी जी ने मोनिका सुराणा को 31वें दिन की तपस्या का प्रत्याख्यान करवाया। इस अवसर पर विजया बाफणा ने वर्धमान ओली तप की पांच लड़ी, बीस दिन के तप से संपन्न की। साध्वी विनितयशाजी, साध्वी वर्धमान यशा जी, साध्वी बोधिप्रभा जी ने सभी तपस्वियों का अनुमोदना से उत्साह वर्धन किया। तेरापंथ धर्मसंघ की साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभा जी द्वारा प्राप्त मंगलसंदेश का वाचन जितेन्द्र घोषल ने किया। मंगलाचरण एवं तप अनुमोदना गीत तेरापंथी सभा एवं महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

तपस्विनी के परिवार द्वारा भावाभिव्यक्ति एवं तप गीत की प्रस्तुति की गई। सभा अध्यक्ष राकेश छाजेड़, तेयुप अध्यक्ष विक्रम महेर, महिला मंडल अध्यक्ष मंजु बोथरा एवं कमल सुराणा, अरुणा संचेती व सुमन पटावरी ने तपस्वी बहन को मासखमण पर बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की। तीनों संस्थाओं द्वारा तप अभिनंदन पत्र एवं जैन पट्ट से तपस्विनी का अभिनंदन किया गया। मंच का संचालन गुलाब बाँठिया ने किया। साध्वीजी के मंगलपाठ से कार्यक्रम सानंद सम्पन्न हुआ।

# संपूर्ण स्वास्थ्य प्रोफाइल जांच शिविर का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** निस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है, को अपना मुख्य उद्देश्य मानते हुए तेरापंथ युवक परिषद राजराजेश्वरी नगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर राजराजेश्वरी नगर एवं केंगेरी में देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस आजादी के महोत्सव के उपलक्ष में 78 प्रतिशत की छूट पर संपूर्ण स्वास्थ्य प्रोफाइल जांच शिविर आरोग्य महोत्सव का आयोजन किया गया।

एटीडीसी राजराजेश्वरी नगर में 165 एवं केंगेरी में 99 लोगों ने लाभ लिया। सभी को उचित सलाह दी गई।

शिविर में तेयुप अध्यक्ष विक्रम महेर, मंत्री संदीप बैद, उपाध्यक्ष प्रवीण बैद, सहमंत्री महेश मांण्डोत, संगठन मंत्री सोरब दुगड़, एटीडीसी के संयोजक आलोक छाजेड़, तेयुप सदस्यगण, किशोर मंडल एवं एटीडीसी सदस्यों की उपस्थिती रही।

# महालक्ष्मी को सौभाग्य और शुभता का प्रतीक माना जाता है: साध्वी



**दावणगेरे/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री शंखेश्वर पार्श्व राजेन्द्र सूरि गुरुमंदिर संघ काईपेट दावणगेरे में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी भव्यगुणा श्री ने कहा कि महालक्ष्मी को सौभाग्य और शुभता का प्रतीक माना जाता है। उनका आशीर्वाद जीवन में सुख और समृद्धि लाता है। आध्यात्मिक पूर्णता और दिव्यता का प्रतीक भी है। जैन धर्म में, उन्हें सौंदर्य और दिव्यता का प्रतीक माना जाता है। श्रीयंत्र महालक्ष्मी महापूजन में लाभ लेने वाले लाभार्थी मुख्य पीठीका के लाभार्थी संघवी अनिल कुमार घेवरचंद, श्री महालक्ष्मीजी की प्रतिमा के लाभार्थी वरदीचंद मांगीलाल परिवार, श्रीयंत्र के लाभार्थी मोहनलाल रतनचंद, श्री लक्ष्मी पूजन सामग्री के लाभार्थी मोहन डायमंड, माँ की चुनरी के लाभार्थी महावीर कुमार वग्तावरमल संचेती, चंद्रपुरी नगरी के लाभार्थी भंवरलाल पेराजमल, राजा भरतचक्रवती भोजन मंडप के लाभार्थी राजेंद्र गारमेंट्स, साधर्मिक भक्ति के लाभार्थी संघवी महावीरकुमार घेवरचंद, मेंहदी सांजी और भक्ति के लाभार्थी संघवी सुरेश कुमार घेवरचंद बालगोत्र परिवार का संघ की ओर से भंवरलाल पेराजमल परिवार, महावीर कुमार घेवरचंद बालगोत्र परिवार, सुरेश कुमार मोहनलाल पोरवाल ने बहुमान स्वागत किया। मुबंई से संगीतकार महेंद्र जैन, चिंतन जैन, राकेश जैन ने भक्ति की धूम मचाई। महापूजन में मुख्य अतिथि वसंतराज भंसाली, गौतमचंद लुणीया, सुनील कुंकुलोल, भरत कुमार कानुंगा बेंगलूर से पधारे थे। संघ की ओर से सभी का बहुमान किया गया।

# बाल गंगाधरनाथ स्वामी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया



**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले के बन्नूर स्थित बाल गंगाधरनाथ स्वामी स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन की ओर से राजपुरोहित का सम्मान किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी धोती-कुर्ता पहनकर हाथों में मुरली थाम कर कृष्ण भगवान का रूप धरकर स्कूल पहुंचे। महेंद्रसिंह राजपुरोहित ने अपने सम्बोधन में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का सनातन धर्म के प्रति समर्पण गहरा और बहुआयामी रहा है। जिसे विभिन्न दृष्टिकोणों से समझा जा सकता है। मुख्य रूप से कृष्ण को सनातन धर्म में भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। उनका जीवन, शिक्षाएँ और कर्म धर्म के सिद्धांतों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। भक्तों को भगवान कृष्ण के प्रति पूर्ण प्रेम और विश्वास के साथ खुद को समर्पित करना चाहिए। श्रीमद भगवद गीता में कृष्ण अर्जुन को सभी प्रकार के धर्मों को त्यागकर केवल उनकी शरण में आने का उपदेश देते हैं, जो पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर स्कूल के व्यवस्थापक आनंद गौड़ा, प्राचार्य अश्वथ, प्रधानाध्यापक उमाशंकर, शारीरिक शिक्षक रमेश, शिक्षक कुमार गौड़ा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# जब पाप का उदय हो तब कष्टों के समभाव से सहन करें



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी श्री हर्षपूर्णाश्रीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि हम जीवन में जब भी किसी तीर्थ स्थान की यात्रा करते हैं, अथवा गुरुवरों के दर्शन करते हैं उसको हमें अंतर्मन में ध्यान रखकर जब भी हम नहीं जा सकेंगे तब उन तीर्थ यात्राओं का ध्यान और मन में दर्शन करना चाहिए। जो जो भी हम सतकार्य करते हैं जैसे तप, आराधना, ध्यान करते हैं उन सभी चीजों को भी ध्यान में रखकर जब हमारी इंद्रियां शिथिल हो जाएगी तब उन कार्यों की मन ही मन अनुमोदना करनी चाहिए। हमारे बचे हुए जीवन के आगामी समय में हम क्या कर सकते हैं उन सभी कार्यों की प्लानिंग कर लेनी चाहिए। इसी के साथ हमें महा-पुरुषों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों और विचारों का स्मरण करते हुए हमारे उपकारी जनों का भी ध्यान करना चाहिए, जिससे हम उनसे प्रेरणा लेकर हमारे जीवन को सुधार सकते हैं। ठीक ऐसे ही जब-जब भी हम परमात्मा की आज्ञा का उल्लंघन करते हैं तब तब हमें किसी आचार्य भगवन्त अथवा साधु साध्वी भगवंत से क्षमा याचना कर आलोचना लेनी चाहिए।

परमात्मा की देशना एक योजन यानी 12 किलोमीटर तक सुनाई देती है।

जब हमारे पाप का उदय आता है, तब हमें परमात्मा की तरह उन सभी कष्टों को समभाव से सहन कर लेना चाहिए।

## 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच, बेंगलूरु स्टार्स ने गोट्टीगेरे के सरकारी माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के 370 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच ने 'आनंद सबके लिए' अभियान के अंतर्गत 'विद्या वंदन, शिक्षा सब के लिए' सेवा कार्य किया, जिसके तहत विद्यार्थियों को बेंच से जुड़े स्टडी टेबल दान किए गए, ताकि वे अधिक आरामदायक और सुव्यवस्थित वातावरण में पढ़ाई कर सकें। इस पहल से विद्यालय परिसर में उल्लास और प्रसन्नता का वातावरण बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच अध्यक्ष आशीष फिटकरीवाला एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीनिवास द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय को छात्रों ने रंग-बिरंगी रंगोली एवं बहुरंगी नमक से बने भारत के मानचित्र को सजाकर देशभक्ति का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। ध्वजारोहण के पश्चात मंच द्वारा विद्यालय प्रशासन को नवनिर्मित बेंच सौंपे गए। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने देशभक्ति की थीम पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें मंच के सदस्यों एवं उनके परिवारों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर मंच की ओर से सभी छात्रों एवं विद्यालय के प्रशासनिक दल को मिठाई और स्नैक्स वितरित किए गए। संयोजक अभिनव दोकानिया एवं दीपा चौधरी ने विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अच्छा बुरा समय सब भाग्य का ही खेल: संतश्री ज्ञानमुनिजी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शहर के यलहंका स्थित सुमतिनाथ जैन संघ के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री ज्ञानमुनिजी ने फरमाया कि जैन आगमों में मुख्य तीन योग बताए गए हैं, जिसमें मनो योग, काया और भाषा योग शामिल है। मन अच्छा है तो सब अच्छा है। मन अच्छा नहीं है तो सब बेकार है। मन से ही कषाय उत्पन्न होता है। कषाय में क्रोध, माना, माया और लोभ आता है। सभी मूल पाप का कारण लोभ है। लोभ के कारण ही मनुष्य का कषाय बढ़ रहा है। मनुष्य को अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखना है। लेकिन पुरुषार्थ करने के बजाय मनुष्य गलत मार्ग पर बढ़ रहा है। जब लिखा होगा तो जरूर मिलेगा और अगर लिखा नहीं होगा तो कुछ भी करने के बाद भी नहीं मिलेगा। मानव ही ऐसा है जो अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। सुख दुख भी बता सकता है। ऐसा सुनहरा मौका मिलने के बाद भी मनुष्य लोभ से दूर नहीं हो रहा है। अमीरी गरीबी सब कर्मों का खेल है। अगर गरीब हो तो गलत मार्ग पर बढ़ कर अमीर नहीं बना जा का सकता है। यह सब अपने पूर्व कर्मों का ही परिणाम है। एक गोपाल है तो एक कंगाल है। यह सब अपनी करनी का ही फल है। इसमें किसी और का दोष नहीं है। जैसा किया है वैसा ही मिलेगा। आज अगर अच्छा कर्म करेंगे तो आने वाला भव अच्छा हो सकता है। गुरुदेव ने कहा कि एक मौज कर रहा है तो एक आह भर रहा है। यह सब कर्मों का ही फल है। इतना होने के बाद भी लोभ, मोह, माया से दूर नहीं होगे तो आने वाला भव भी ऐसा ही मिलेगा। आज जैसा समय है यह जरूरी नहीं कि कल भी ऐसा ही रहेगा।

इसलिए अगर अच्छा समय है तो बुरे कर्म करने से बचें। अगर बुरा समय है तो भी अच्छा कर्म करते रहना चाहिए। पुण्यवान होने पर ही लोगों को दीक्षा लेने की भावना आती हैं। पुण्यवान मनुष्य ही कर्मों की निर्जरा कर भव को अच्छा बना सकता है। भगवान के मार्ग पर चलने वाले के लिए हीरा भी कंकड़ के समान हो जाता है। भाग्य में जो है वह जरूर मिलेगा अगर भाग्य में नहीं है तो आया हुआ भी चला जाएगा। सब भाग्य का ही खेल है। भलाई करने में अगर जग हंसता है तो हंसने दो। भलाई का काम हो तो सबसे आगे रहना चाहिए। कष्टों से दूर होना है तो कषाय से दूर होना होगा।

क्योंकि समय निकलने के बाद पछताने से भी कुछ हासिल नहीं होगा। प्रवचन में आनंद बहु मंडल श्री राम पुरम के सदस्यों एवं जोधपुर निवासी गोपाल राज अंबानी परिवार की विशेष उपस्थिति रही। महामंत्री मनोहर लाल लुकड़ ने बताया कि रविवार को दोपहर के प्रवचन में पूज्य गुरुदेव श्री ज्ञान मुनि जी के संस्मरण एवं प्रेरणा से संग्रहित जिस पुस्तक का प्रकाशन हुआ है, का विमोचन किया जाएगा।

## यह राम, कृष्ण, महावीर और बुद्ध की पावन धरती: श्री नरेशमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री ज्येष्ठ पुष्कर भवन मागडी रोड़ स्थित पुष्कर जैन आराधना केन्द्र में चातुर्मासार्थ विराजित दक्षिण सम्राट राष्ट्र संत उप प्रवर्तक श्री नरेश मुनि जी ने शुक्रवार को गुरु ज्येष्ठ पुष्कर दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं सभी देशवासियों को 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी देशवासी अपने भारत की सभ्यता, संस्कृति के गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए अपने देश के प्रति स्वाभिमान और समर्पण की भावना रखें। भगवान महावीर ने भी दस प्रकार के बताए धर्मों में राष्ट्र धर्म को प्रमुखता दी है। यह राम, कृष्ण, महावीर और बुद्ध की पावन धरती है। जिन्होंने अपने अहिंसा, सत्य, करुणा, दया, मानवता और एकता के संदेशों से संपूर्ण विश्व मानव जाति के कल्याण के लिए अपना सर्वस्व त्याग, समर्पण किया। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी हम व सभी धर्म, परम्परा, संस्कृति सभ्यता सुरक्षित रह सकती है।

पूर्व में ध्वजारोहण किया गया। इस पावन अवसर पर गुरुदेव नरेश मुनि जी महाराज की सद्प्रेरणा से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन नवकार जैन संघ, भगवान महावीर जैन अस्पताल के सहयोग से व गुरु पुष्कर चातुर्मास समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। अध्यक्ष नेमीचंद सालेचा ने सभी का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन महामंत्री महावीर चन्द मेहता ने किया।



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ मल्लेश्वरम स्थानक में मल्लेश्वरम श्री संघ एवं श्रीरामपुरम श्रीसंघ द्वारा संयुक्त रूप से 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जिसमें दोनों संघों के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया और संघ सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई।*



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क के सामने स्थित श्री श्याम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सायं 7 बजे से मन्दिर प्रांगण में भजनों की धूम रही। जिसमें टाटा नगर के गायक हरजीत सिंह हीरा ने भगवान कृष्ण व बाबा श्याम के मधुर भजनों से भक्तों को आनन्दित कर दिया। इस मौके पर बाबा श्याम का फुलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 8 बजे से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। रात्रि 12 बजे भगवान का प्राकट्य होने पर आरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ। मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों ने भी उपस्थित होकर भजनों का आनन्द लिया। पूरे मंदिर परिसर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया।*



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर द्वारा निर्मित आचार्य महाप्रज्ञ प्रज्ञा केंद्र पंजन्हल्ली एवं कालमबेल्ला में सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ तेयुप विजयनगर की टीम ने 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। झंडारोहण के पश्चात स्कूल के प्रधान अध्यापक ने तेयुप टीम का स्वागत किया, तेयुप की ओर से अध्यक्ष विकास बाँठिया एवं सेवा कार्य सलाहकार संजय भटेवरा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात टीम द्वारा लगभग 425 बच्चों को नोट बुक, स्टेशनरी किट, मिठाई, बिस्कुट, जूस एवं अन्य जरुरत के सामान भेंट किए गए। इस अवसर पर परिषद् उपाध्यक्ष पवन बैद, सेवा कार्य संयोजक राकेश मारु, सह संयोजक जितेश मांडोत, कार्यकारिणी सदस्य पंकज कोचर एवं ललित कोठारी उपस्थित रहे।*



*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ स्नेहलोक चालक वेदिके ने 79वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने ध्वजारोहणकर वीर शहीदों के बलिदान को याद किया एवं बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*

# आरोग्य अस्पताल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य अस्पताल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह का शुभारंभ डॉ. महेश शर्मा के स्वागत भाषण और स्वतंत्रता दिवस की बधाई के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध श्वास-रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक तोषनीवाल और विशेष अतिथि के रूप में पत्रकार एफ.एम. सलीम उपस्थित थे।

डॉ. श्यामसुंदर अग्रवाल ने डॉ. विवेक तोषनीवाल का और डॉ. मोहन गुप्ता ने एफ.एम. सलीम का पुष्पहार से स्वागत किया। भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के बाद, डॉ. विवेक तोषनीवाल ने तिरंगा फहराया।




डॉ. विवेक तोषनीवाल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सामाजिक विषमताओं से ऊपर उठकर एक नए भारत के निर्माण की सलाह दी। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में सभी के योगदान की सराहना की।

विशेष अतिथि एफ.एम. सलीम ने कहा कि हर नागरिक में स्वतंत्रता के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी को स्वतंत्रता का इतिहास बताने और उनमें राष्ट्रीयता की भावना जगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

शल्य चिकित्सक और लेखिका डॉ. संगीता झा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही देश स्वतंत्र हुआ। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी को विघटनकारी घटनाओं से दूर रहने की सलाह दी।

आरजीए के अध्यक्ष मनोज गोयल ने राष्ट्रीय पर्वों के निरंतर आयोजन के लिए डॉ. मोहन गुप्ता की प्रशंसा की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या 1947 में स्वतंत्रता की प्राप्ति एक ध्येय का अंत था या फिर एक नई शुरुआत? उन्होंने कहा कि राष्ट्र का निरंतर विकास और निर्माण प्रत्येक नागरिक की प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रसिद्ध एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. के.डी. मोदी ने राष्ट्र की निरंतर प्रगति और सरकार की नीतियों पर संतोष व्यक्त किया और गुजराती गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में डॉ. श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. एम.के. सिंह, डॉ. प्रभाकर, डॉ. रश्मि कांडलीकर, डॉ. रतन झा, अनिल कुमार वाजपेयी, मोहम्मद उस्मान, ललता प्रसाद अग्रवाल, और राजस्थानी स्नातक संघ के मंत्री अजय अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। आस-पास के लोग और अस्पताल के कर्मचारी भी समारोह में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश शर्मा ने किया, और जलपान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# मारवाड़ी युवा मंच सिकंदराबाद शाखा ने निकाली विशाल बाइक रैली




**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में, मारवाड़ी युवा मंच की सिकंदराबाद शाखा ने एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया।

शाखा मंत्री पन्नालाल भाटी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह रैली शाखा अध्यक्ष पंकज राठौड़ की अध्यक्षता में निकाली गई। रैली एम.जी. रोड पर स्थित गांधी स्टैच्यू से शुरू हुई, जो सुभाष रोड और बाटा होते हुए वापस गांधी स्टैच्यू पर आकर समाप्त हुई।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर आंध्र-तेलंगाना प्रांत के अध्यक्ष मनीष नाहर, सिकंदराबाद शाखा के पूर्व अध्यक्ष धनराज तिवारी, और अन्य वरिष्ठ सदस्य जैसे नारायण चावड़ा, सुरेंद्र पोकरणा, शिव आचार्य और हरिप्रसाद शर्मा भी उपस्थित थे।

रैली को सफल बनाने में संजय गुप्ता, अशोक चावड़ा, विकास तिवारी, रामराज तिवारी, मंगला राम चौधरी और अन्य कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम के अंत में, शाखा के संयोजक गौतम भायल ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# आर्य कन्या विद्यालय में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** देवीदीन बाग, हनुमान टेकड़ी, सुल्तान बाजार स्थित आर्य कन्या विद्यालय हाई स्कूल में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डॉ. प्रतापरुद्र ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

स्कूल की शिक्षण समिति के मंत्री श्री प्रदीप जाजू ने मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता रेड्डी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें तेलुगु में 'सत्यार्थ प्रकाश' और 'भक्त राम' पुस्तकें भी भेंट की गईं।

समारोह में पूर्व पार्षद रामचंद्र राजू, कुमारी भरनी, प्रेमचंद मुनोत, भरत मुनि, अशोक जाजू और अन्य गणमान्य व्यक्ति, पूर्व विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। श्री मुनोत ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम के अंत में, मुख्य अध्यापिका श्रीमती उमा दुबे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।

# बिहार समाज सेवा संघ ने धूमधाम से मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

**हैदराबाद, 15 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बिहार समाज सेवा संघ ने हैदरबस्ती, सिकंदराबाद में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। संघ के अध्यक्ष श्री मनीष तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद, राष्ट्रगान और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे, जिनमें चेयरमैन श्री राजू ओझा, सचिव श्री विकास सिंह, कोषाध्यक्ष श्री राधेश्याम प्रजापति, सांस्कृतिक संयोजक श्री दीपक तिवारी, वरिष्ठ सदस्य श्री प्रताप गौरव, और पूर्व अध्यक्ष श्री पप्पू सिन्हा और राकेश सिंह शामिल थे।

इसके अलावा, शहर के जाने-माने वकील और समाज के सदस्य शशि सिन्हा, दिनेश ठाकुर, और अनिल सिंह भी उपस्थित थे।



सांस्कृतिक संयोजक श्री दीपक तिवारी के मार्गदर्शन में बच्चों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में अध्यक्ष श्री मनीष तिवारी ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने का सुझाव दिया। सचिव श्री विकास सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है, और हमें समानता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए लगातार काम करना चाहिए।

चेयरमैन श्री राजू ओझा ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि समाज सेवा ही देश की प्रगति का आधार है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सदस्यों में चुन्नू बाबा, विशाल तिवारी, अमित ओझा, कुंदन पांडे, देवा, खुर्शीद, शाकिब, आशीष प्रजापति, रमन यादव, और दिनेश साह भी शामिल थे।

# इस्कॉन मंदिर में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर, जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने आबिड्स स्थित इस्कॉन मंदिर में तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने उन्हें भगवान कृष्ण की एक मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने भगवान कृष्ण और राधाजी का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान गोलकोंडा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंद्र, राजकुमार, कृष्णा अन्ना, अमर सिंह, शैलेंद्र यादव, रघु, राजू, अनिल, जितेंद्र, हरिनाथा और वेंकट रेड्डी सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# पित्ती ट्रस्ट और अग्रवाल सेवा दल का 150वाँ नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैम्प 18 को

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बद्रीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट और अग्रवाल सेवा दल द्वारा डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हैदराबाद जिला शाखा के सहयोग से एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर (मेगा मेडिकल कैंप) का आयोजन किया जा रहा है।

यह 150वाँ निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप सोमवार, 18 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सोमाजीगुडा स्थित संस्कृति राजभवन कम्युनिटी हॉल में होगा।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस शिविर में कई तरह की चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध होंगी। जिनमें- मेडिकवर अस्पताल, सिकंदराबाद: कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी (हड्डी घनत्व), बीपी और आरबीएस (रक्त शर्करा) की जाँच की जाएगी।

एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल, दोमलगुडा: निशुल्क नेत्र जाँच की जाएगी। पात्र मरीजों को मुफ्त चश्मे और मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा दी जाएगी।

सामान्य चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा: डॉ. अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (मधुमेह), और एसएनआर डेंटल के डॉ. एस. तेजस्वी नवनीत राज और डॉ. एस. निखिल द्वारा दंत चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाएँगी।

श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति: यहाँ जाँच के बाद पात्र लोगों को निशुल्क कृत्रिम पैर, हेड क्लिप, कैलिपर्स और हाथ दिए जाएँगे। इसके अलावा, डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

शिविर में पंजीकरण सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने सभी से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

अधिक जानकारी के लिए आप शिविर के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, आईआरसीएस हैदराबाद के चेयरमैन एम. भीमा रेड्डी, डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. विजय भास्कर और डॉ. श्रीदेवी से संपर्क कर सकते हैं।

# दादाजी योगा ग्रुप ने मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर, दादाजी योगा ग्रुप ने किशन ग्रैंडुएर, कुत्बीगुडा में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ समारोह का आयोजन किया।

योगाचार्य रतनलाल जाजू ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम मेंश्याम मोदानी, विष्णुवर्धन रेड्डी, प्रीति अग्रवाल, सरला सोनी, भारती काले, रितु पांडे, प्रेमा सोनी, सरोज दीक्षित, चित्रा, प्रतिभा मालपानी, प्रेमलता मोदानी, निर्मला, लशिका सोनी, मीवान सोनी और अन्य सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद होलसेल आर्ट सिल्क क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर .एसोसिएशन भवन में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसमें कई अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की स्वतंत्रता और प्रगति का सम्मान करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी।

# पचेरी अग्रवाल समिति की सावन की सैर 24 को

**हैदराबाद, 16 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, पचेरी अग्रवाल समिति ने अपनी 'सावन की सैर' की तारीख में बदलाव किया है। यह सैर जो पहले 15 अगस्त को होनी थी, अब 24 अगस्त 2025 को बीबीनगर स्थित ब्लू थंडर वॉटर पार्क में आयोजित की जाएगी। यह निर्णय चेलपुरा स्थित नवीन गुप्ता के निवास पर कैलाश चंद पचेरिया की अध्यक्षता में हुई एक आपातकालीन बैठक में लिया गया।

इस सावन की सैर के लिए प्रति व्यक्ति शुल्क 700 निर्धारित किया गया है और इसमें समिति के सदस्यों के साथ-साथ उनकी बहनें और बेटियाँ भी आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के लिए बस हाई कोर्ट, पोस्ट ऑफिस के पास



से सुबह 8:30 बजे रवाना होगी।

समिति ने अपने सभी सदस्यों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

टिकट बुकिंग और अधिक जानकारी के लिए, कैलाशचंद पचेरिया, गोविंद राम पचेरिया, ओम प्रकाश पचेरिया, भजनलाल पचेरिया, नरेश सवारियां, और महावीर प्रसाद डोकानिया से संपर्क किया जा सकता है।

बैठक में कैलाश चंद पचेरिया, ओम प्रकाश पचेरिया, गोविंदराम पचेरिया, नवीन गुप्ता, नरेश सवारियां, मनोज पचेरिया, भरत कुमार पचेरिया, गोपाल पचेरिया, गोवर्धन पचेरिया, महावीर प्रसाद डोकानिया, मुकेश पचेरिया, और संजय पचेरिया सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव पर योगी ने कहा

# बृजक्षेत्र में लौटेगा द्वापर युग

## 646 करोड़ की 118 विकास परियोजनाओं की घोषणा









**मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मथुरा के डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य सभागार में आयोजित पूज्य साधु-संतों के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने मथुरा-वृंदावन को करीब 646 करोड़ रुपए की लागत वाली 118 विकास परियोजनाओं की सौगात दी और बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की नई कार्ययोजना की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच हजार वर्षों के पौराणिक इतिहास के हम साक्षी बन रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश और दुनिया से भक्त यहां भक्तिमय भाव के साथ एकत्रित हुए हैं। मथुरा की पावन माटी और इसके रज-रज में श्रीकृष्ण बसे हैं। ऐसी भक्ति दुनिया में कहीं और मिलना दुर्लभ है। इस पवित्र भूमि को कोटि-कोटि नमन। सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से उन्हें मथुरा में रंगोत्सव और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे आयोजनों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भारत को आध्यात्मिकता और आधुनिक विकास के संगम के रूप में स्थापित करने की बात कही, जिसकी प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की आध्यात्मिक विरासत पर शोध के लिए उत्सुक है। जब भी विश्व को संकट से उबरना होगा, भारत की आध्यात्मिक विरासत ही स्थायी शांति और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करेगी।

मुख्यमंत्री ने बृजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की नई कार्ययोजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह कार्ययोजना मथुरा, वृंदावन, बरसाना और गोकुल जैसे तीर्थ स्थलों को द्वापर युग की स्मृतियों से जोड़ेगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार पूज्य संतों की भावनाओं का सम्मान करने और बृजक्षेत्र को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन कार्यों को संभव बना रहे हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि 10 साल पहले इनकी कल्पना भी असंभव लगती थी, लेकिन आज ये साकार हो चुके हैं। काशी में जहां पहले 50 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, वहां आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर त्रेतायुग की स्मृति को जीवंत कर रहा है। इसी तरह, विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने गंगा की निर्मलता और अविरलता का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गंगा आज स्नान और आचमन योग्य हो चुकी है। उन्होंने कहा, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में 67 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई थी। उसी तरह, डबल इंजन सरकार यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने बरसाना में रोपवे सुविधा का जिक्र करते हुए कहा कि यह बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत है।

उन्होंने कहा, विकास का यही लाभ है कि हम श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उद्देश्य को याद करते हुए कहा कि उनका अवतार सज्जनों के संरक्षण और दुष्टों के संहार के लिए हुआ था। उन्होंने युद्धभूमि को धर्मभूमि में बदल दिया। योगी ने कहा, श्रीकृष्ण की निष्काम कर्म की प्रेरणा हमें ताकत देती है। जब तक यह प्रेरणा हमारे बीच है, कोई हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता। उन्होंने भारत की आजादी के 78 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता के शताब्दी महोत्सव (2047) के लिए नए संकल्प रखे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई 24 घंटे की चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए समाज और सरकार को मिलकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने मथुरा-वृंदावन के लिए 646 करोड़ रुपये की 118 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 80 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया जिनकी लागत करीब 273 करोड़ रुपए है। वहीं 38 परियोजनाओं का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया, जिनकी लागत करीब 373 करोड़ रुपए है। इन परियोजनाओं में परिक्रमा मार्गों का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार, कुंडों का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं की सुविधा, कनेक्टिविटी, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने पांचजन्य सभागार में भजन-कीर्तन और श्रीकृष्ण लीलाओं के आयोजन को भक्तिमय माहौल का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और संतों के प्रयासों की सराहना की, जिनके सहयोग से बृजक्षेत्र के विकास के प्रस्ताव स्वीकृत हुए। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज मिलकर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए कटिबद्ध हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने सनातन के संरक्षण पर दिया जोर

**मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचकर दर्शन किए और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के धर्म पथ पर चलने का आह्वान करते हुए लोकमंगल और राष्ट्र मंगल के लिए कार्य करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सनातन धर्म की विरासत के संरक्षण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाने की बात कही, साथ ही अपनी सरकार की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।




सुबह करीब 11.50 बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने सबसे पहले ठाकुर केशवदेव और माता योगमाया के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने गर्भ गृह में श्रीकृष्ण चबूतरे की पूजा- अर्चना की। भागवत भवन के दर्शन के बाद, उन्होंने श्रद्धालुओं से भरे परिसर में अपना संबोधन दिया। मुख्यमंत्री ने वृंदावन बिहारी लाल और जय श्री राधे के जयकारे लगाए, जिससे पूरा परिसर गूंज उठा। उन्होंने श्री कृष्ण के 5252 वें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ब्रजभूमि भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार श्रीकृष्ण की लीलाओं की भूमि है, और यह हम सबका सौभाग्य है कि भगवान के कई अवतारों ने उत्तर प्रदेश की भूमि को कृतार्थ किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लेकर मथुरा तक, ये स्थान हमारी आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ- नौ वर्षों से उन्हें जन्माष्टमी और बरसाना के रंगोत्सव में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव, गोवर्धन और राधा कुंड जैसे स्थानों को तीर्थ के रूप में पुन: स्थापित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में चल रही डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि वे आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए आधुनिक विकास पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी आध्यात्मिक विरासत और अत्याधुनिक विकास के लिए देश और दुनिया में एक नया प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौ माता सनातन धर्म के प्रतीकों में से एक है। उन्होंने बताया कि उनकी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है, और जो किसान गौ पालन करते हैं, उन्हें 1500 प्रति माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 16 लाख से अधिक गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लोगों से जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर देश को कमजोर करने वाली प्रवृत्तियों से सावधान रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों का सम्मान करना और सामाजिक एकता के लिए कार्य करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म का ध्वज दुनिया का मार्गदर्शन करता रहेगा, तब तक विश्व बंधुत्व, शांति और सौहार्द का भाव बना रहेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण का उल्लेख किया, जिसमें गुलामी के अंशों को पूरी तरह से समाप्त करना, स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाना, विरासत का संरक्षण करना, देश के जवानों का सम्मान करना और सामाजिक एकता के लिए कार्य करना शामिल है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि इन परियोजनाओं ने देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि विंध्यवासिनी धाम में बन रहा कॉरिडोर भी श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत ब्रज तीर्थ विकास परिषद की सराहना की और कहा कि यह परिषद माननीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में इस क्षेत्र को विकास के नित नए प्रतिमानों की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम 5000 वर्ष से अधिक की इस पौराणिक विरासत को आधुनिक विकास की प्रक्रिया से जोड़ें। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें उन दुष्प्रवृत्तियों से सावधान रहना होगा जो देश को कमजोर करने की कोशिश करती हैं। अपने संबोधन के अंत में, मुख्यमंत्री ने गंगा, यमुना, गौ माता, गायत्री और तीर्थों जैसे सनातन धर्म के प्रतीकों का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये सभी हमारी पहचान हैं और इनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने एक बार फिर सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी और उनके साथ श्री केशव देव महाराज की जय, श्री कृष्ण कन्हैया की जय, श्री राधे रानी की जय, श्री यमुना मैया की जय और भारत माता की जय के नारे लगाए

भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

# अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व प्रेरणादायक: योगी

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को लोकभवन स्थित अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम योगी ने उनकी स्मृतियों को नमन किया। इसके साथ ही सीएम योगी ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी का छह दशक लंबा राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा। उन्होंने भारत के जीवन मूल्यों और आदर्शों को सर्वोपरि रखते हुए यह दिखाया कि देश के भीतर विकास का मॉडल कैसा होना चाहिए और वैश्विक मंच पर भारत और भारतीयता की प्रतिष्ठा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, अटल जी ने सदैव इन मूल्यों का ध्यान रखा और अपने प्रभावी नेतृत्व से उन्हें साकार रूप दिया। उत्तर प्रदेश के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने यहीं से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। वर्ष 1957 में बलरामपुर संसदीय सीट से पहली बार सांसद बने। इसके बाद लखनऊ का यह विशेष सौभाग्य रहा कि अटल जी पांच बार लगातार लखनऊ संसदीय सीट से चुने गए और प्रधानमंत्री के रूप में देश की संसद में पहुंचे। कुल 10 बार वे लोकसभा सदस्य और दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। अटल जी का स्मरण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणा है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी मार्गदर्शन है। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेशवासियों ने उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भारत की स्वाधीनता के लिए तानाशाही पूर्ण शासन के खिलाफ बड़ा संघर्ष किया और मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया। उनका यह अदम्य साहस और बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। डबल इंजन की सरकार ने उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करते हुए बदायूं में पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की है, जिसे वीरांगना अवंती बाई लोधी के नाम से समर्पित किया गया है। यह बटालियन प्रदेश की बेटियों को समर्पित है। इसके साथ ही वहां उनकी प्रतिमा की स्थापना का कार्यक्रम भी आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार ने मातृशक्ति के प्रति सम्मान दिखाते हुए कई कदम उठाए हैं। झांसी में रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, जबकि बांदा में महारानी दुर्गावती के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया गया। प्रदेश में तीन नई बटालियन लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी, गोरखपुर में वीरांगना झलकारी बाई और बदायूं में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के नाम पर स्थापित की।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए प्रदेश में कामकाजी महिलाओं के लिए 7 श्रमजीवी छात्रावासों के निर्माण का कार्यक्रम भी चल रहा है। ये छात्रावास महिलाओं को सुरक्षित आश्रय और रोजगार में आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2,19,000 से अधिक भर्ती हुई है, जिसमें 20 प्रतिशत पद बेटियों के लिए आरक्षित रखे गए। आज बड़ी संख्या में प्रदेश की बेटियां मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्मशताब्दी महोत्सव पर भी डबल इंजन सरकार ने अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं।

साध्वी उमा भारती ने शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग की

# शाहजहांपुर नाम गुलामी का प्रतीक है: उमा भारती

**बरेली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** भाजपा की वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का नाम बदलने की मांग की है। साध्वी ने कहा कि शाहजहांपुर नाम गुलामी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील है कि वे यह नाम बदल दें। साध्वी ने बरेली के आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और शाहजहांपुर नाम बदलने की मांग की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। गुलामी के दौर की याद दिलाने वाले किसी व्यक्ति के नाम पर जिले का नाम रहे यह अच्छा नहीं है। दोबारा यह नाम सुनना भी नहीं चाहती।




उमा भारती ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज से दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। लोधी समाज पहला समाज था जिसने भाजपा को प्लेटफॉर्म दिया है। इसके पहले भाजपा की छवि पिछड़ों के हितैषी के रूप में नहीं थी। लोधी समाज ने भाजपा को मंच दिया, जिसकी वजह से भाजपा अपना विस्तार कर सकी। भाजपा ने लोधी समाज का सम्मान रखा तो लोधियों ने भाजपा का मान रखा। लोधियों को ना चापलूसी आती है और ना साजिश करनी आती है। उन्होंने कहा कि अभी हम मथुरा और काशी के लिए कोर्ट में अर्जी दिए हैं। सुनवाई हो रही है। कोर्ट का आदेश हम मानेंगे। हमारे इष्ट के जन्मस्थान के लिए प्रमाण मांगा जा रहा है। कहा कि मीरबाकी ने हमारी विरासत पर कील ठोकने का काम किया था। अस्मिता का अपमान करने के लिए ढांचे को गिरा कर वहां इबादतघर बनाया था। हमने राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने के लिए भव्य मंदिर का निर्माण कर फिर से गौरव को लौटाने का काम किया। कल्याण सिंह बब्बर शेर थे, जिन्होंने रामभक्तों का संरक्षण किया, अपनी सत्ता की चिंता नहीं की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति के नाम पर हिंदू समाज को बांटने का बड़ा षड्यंत्र चल रहा है। हमें इन चक्करों में नहीं पड़ना है। हिंदू समाज को मजबूत करने के लिए पिछड़ों और दलितों को आगे आना होगा। समाज और सत्ता में उन्हें बराबर की भागीदारी देनी होगी। सत्ता, समाज और शासन में निर्णायक भागीदारी के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने बहुत काम किया था। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी बचपन में खेल खिलौनों से नहीं तलवार से ही खेला करती थीं। उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक राज्य और राज्य के लोगों के लिए लड़ाई लड़ी। लोधी समाज धोखा तो खा लेगा लेकिन धोखा नहीं देगा। लोधी समाज मेहनतकश समाज है। इतिहासकारों ने अवंतीबाई लोधी के साथ अन्याय किया है। हमारे शहीदों के साथ उन्होंने अन्याय किया है। आज समाज को क्रांतिकारियों की गौरव गाथा को जन-जन तक ले जाना है। गुलामी के चिन्हों को मिटाने का काम सरकार कर रही है, हम सबको एक साथ आकर इसका समर्थन करना चाहिए और महापुरुषों का मान बढ़ाने का काम करना है।

कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर आंवला में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण उमा भारती ने किया है। यह क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आंवला में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का भी विवरण दिया। कहा कि लोधी समाज सबको साथ लेकर चलने वाला संगठन है। जिसने देश और प्रदेश के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। लोधी समाज ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है।

# यूपी आज से शुरू हुई सालाना फास्टैग की सुविधा

### तीन हजार देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी। टोल प्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया।

लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर-प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्रा एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गए होंगे। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। ऐसे राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे जहां वाहन एक टोल प्लाजा से प्रवेश कर दूसरे में निकलते हैं और बीच में किसी अन्य रास्ते से वाहन आने की सुविधा नहीं है, वहां प्रवेश और निकासी को एक ही टोल प्लाजा क्रासिंग के रूप में गिना जाएगा।

# पता हैं डाइनिंग टेबल पर खाना खाने के कायदे?

डाइनिंग टेबल पर बैठकर खाना तो हम सभी खाते हैं लेकिन जैसे हमें सुविधा होती है, उसी तरह। कम ही लोग डाइनिंग टेबल से जुड़े सारे नियम फॉलो करते हैं। हालांकि बचपन में सिखाया हम सभी को जाता है लेकिन बड़े होने के साथ ही हम ये कायदे भूलते जाते हैं।



अड्रेस होम के क्रिएटिव डायरेक्टर और फाउंडर रजत सिंघी ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कुछ ऐसे ही बातें बताई हैं, जिन्हें डाइनिंग टेबल पर बैठने के दौरान फॉलो करना चाहिए। ये नियम सिर्फ उस वक्त के लिए नहीं हैं जब हम घर के बाहर खाना खा रहे हों, घर की मेज पर बैठकर भी हमें ये कायदे-कानून फॉलो करने चाहिए।

### 1. बैठने का सलीका

डाइनिंग चेयर का चुनाव खुद कभी न करें। जब आपका होस्ट आपको कुर्सी पर बैठने का इशारा करे तभी कुर्सी पर बैठें। या फिर पूछ लें कि क्या मैं यहां बैठ सकता या सकती हूं।

### 2. टेबल नैपकिन

जब हम बैठकर खाना खा रहे होते हैं तो टेबल नैपकिन को अपनी गोद में बिछा लेते हैं। खाना खाने के बाद हम हाथ और मुंह साफ करके नैपकिन को टेबल पर रख देते हैं, बिना यह देखे कि कुछ लोग अभी भी खाना खा रहे हैं। नैपकिन को टेबल पर रखने से पहले इस बात का ख्याल रखना जरूरी है कि सारे लोग खाना खा चुके हों।

### 3. खाना सर्व करने का तरीका

होस्ट को खाना सर्व करने की शुरुआत करनी चाहिए। जब एक प्लेट में एक डिश सर्व कर दी जाए तो उसे क्लॉक वाइज आगे बढ़ाना चाहिए।

4. चम्मच और चाकू पकड़ने का सही तरीका
- फोर्क हमेशा बाएं हाथ में पकड़ना चाहिए।
- चाकू दाएं हाथ में और प्लेट से एक इंच की दूरी बनाकर।

### 5. कब करें खाने की शुरुआत

खाना तब तक शुरू नहीं करना चाहिए जब तक कि सभी मेहमानों की प्लेट में खाना सर्व न हो जाए। अगर डिनर फॉर्मल है तो होस्ट की घोषणा का इंतजार करना चाहिए।

## बेस्ट फ्रेंड की शादी में क्या पहनें? है दुविधा, तो बॉलीवुड अदाकाराओं से लें टिप्स

एथनिक लुक के लिए शादी-ब्याह से बढ़िया मौका हो ही नहीं सकता. त्योहारों में भले ही हम जींस-टॉप पहन कर काम चला लें, लेकिन बेस्ट फ्रेंड की शादी में ऐसी 'गुस्ताखी' करने की सोचना भी पाप है.अगर आपने फ्यूजन अवतार से बोर हो चुकी हैं और अबकी बार लेटेस्ट ट्रेडिश्नल लुक ट्राई करना चाहती हैं, तो बॉलीवुड की इन हिरोइनों से स्टाइल टिप ले सकती हैं...

फैशन जूलरी : शादी-ब्याह जैसे खास मौकों पर अब लोग हीरे या सोने का गहना पहनने की बजाय फैशन ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं. ये किफ़ायती भी होते हैं और आकर्ष्क भी. इनके साथ आप नीले, हरे, ऑफ व्हाइट या काले रंग का परिधान पहन सकती हैं. आमतौर पर लोग शादी के फंक्शन में चटक रंगों को तरजीह देते हैं. लेकिन फैशन जूलरी की बदौलत इन रंग के परिधानों में भी ब्लिंग फैक्टर जोड़ी सकती है. तो इस बार लीक से हटकर कुछ ट्राई करें और ट्रेंड सेटर बनें.

शिफॉन साड़ी : अगर आप ये सोचकर कंफ्यूज हो रही हैं कि ऐसा क्या पहना जाए जिसमें आप सिंपल भी लगें और शादी-ब्याह के 'ड्रेस कोड' को फॉलो भी कर लें, तो आपकी समस्या का हल बॉलीवुड की 'फैशन चाइल्ड' सोनम कपूर ने पहले ही सुझा दिया है. जिस तरह उन्होंने फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' में बेज और पेस्टल रंग की साड़ियों और बिना किसी भारी भरकम जूलरी के रॉयल लुक को पेश किया, वो बेशक काबिले तारीफ है. आप भी अच्छी सी शिफॉन साड़ी चुनें और साथ में हल्की डिजाइन वाली डायमंड जूलरी पहनें. फिर मजाल है कि किसी की नजर 'दूल्हे की साली' से हट जाए!

रेट्रो हेयरस्टाइल : जिस तरह फिल्म जुबैदा में करिश्मा कपूर ने तरह तरह की बेहतरीन हेयरस्टाइल्स से अपने लुक को निखारा और रजवाड़ों की हाई सोसाइटी पार्टीज़ का फैशन दिखाया, उसे देख कोई भी कह सकता है कि सिंपल रहते हुए भी कोई दिलकश, ट्रेंडी और स्टाइलिश लग सकता है. अगर आपके पास कोई स्टेटमेंट जूलरी या डायमंड सेट न हो, न ही आप नए कपड़ों में पैसे खर्च करना चाहती हैं, तो भी आप 'वेडिंग रेडी' हो सकती हैं. बस मां या दादी मां की अलमारी से कोई सजीली सी साड़ी पहनें, रेट्रो हेयरस्टाइल बनाएं, ब्रोच लगाएं और हो गईं आप तैयार!

# फिगर बताता है कि कितनी अट्रैक्टिव हैं आप!



यह बात मानी जाती है कि महिलाओं का फिगर ही पुरुषों को आकर्षित करता है लेकिन अब यह बात रीसर्च से प्रूव हो चुकी है। एक नई रीसर्च बताती है कि आप पुरुषें को कितना आकर्षित करती हैं। इस रीसर्च में महिलाओं की लंबाई और उनके कमर के अनुपात के आधार पर यह बात कही गई है।

पहले के शोध कहते थे कि अगर आपकी वेस्ट और हिप का अनुपात अगर 0.60 और 0.70 के आसपास है तो आप एक बेहद आकर्षक महिला हैं। साथ ही, इस अनुपात वाली महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य वाली भी माना जाता था। लेकिन ईवॉल्यूशनरी साइकॉलजी जर्नल में प्रकाशित एक रीसर्च ने इस सोच को पूरी तरह उलट दिया है। 'जैसिका रैबिट की क्या खूबी उसे सैक्सी बनाती है?' नाम से छपी इस रीसर्च पेपर कमर और नितंबों के साइज के अनुपात को खारिज करते हुए महिलाओं के कमर और लंबाई को आधार बनाया गया है। जैसिका रैबिट एक काल्पनिक कार्टून पात्र है। शोधकर्ताओं का कहना है कि कमर और लंबाई ही किसी महिला में निर्धारित करते हैं कि वह शारीरिक रूप से कितनी आकर्षक है।

इस रीसर्च के लिए तीन बहुत ही अलग तरह के सैम्पल्स लिए गए। पहले में 106 कॉलेज की लड़कियों को, दूसरे में 673 प्लेबॉय मैगजीन की महिलाओं को और 490 कॉमिक्स, वीडियोगेम और कार्टून आदि के पात्रों को शामिल किया गया। इस रिपोर्ट को लिखने वाले और यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग के प्रफ़ेसर विलियम डी लेजेक का कहना है कि महिलाओं की लंबाई और उनके कमर का अनुपात ही उन्हें आकर्षक बनाता है और इन काल्पनिक महिला पात्रों जैसी कमर है, होना असंभव है लेकिन इनके मध्यम आकार के नितंब के कारण इनका अनुपात काफी कम हो जाता है।

# मॉर्निंग में प्रदूषण से बचाव के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



दिल्ली में इस बार प्रदूषण पिछले 17 सालों में सबसे खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। हवा में धुएं और धूल के कण मानक से अधिक बढ़ जाने की वजह से धुंध बढ़ने की समस्या हो रही है। खासकर सुबह के समय प्रदूषण लेवल खतरनाक स्तर पर होता है और मॉर्निंग वॉक के समय कई तरह की समस्या आने लगती हैं। प्रदूषण मानक से अधिक होने के कारण सांस फूलने की दिक्कतें, कोल्ड, साइनस, आंखों में जलन, पानी आना और सर दर्द की समस्या हो रही है। वायु प्रदूषण की वजह से अस्थमा, सांस और माइग्रेन से पीड़ित लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आंखों का बचाव करना बेहद जरूरी हो गया है। वायु प्रदूषण की वजह से सुबह से शाम तक धुंध छाई रहती है। डॉक्टर की सलाह लेने के अलावा आप प्रदूषण से अपनी आंखों, बालों और त्वचा को बचाने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं कुछ घरेलू नुस्खे जिनसे आप प्रदूषण से बच सकते हैंः

गले में खराश और खुश्की की समस्या काफी लोगों को हो रही है। इसकी वजह है कि शरीर में मौजूद माइश्चराइजर के साथ मिलकर हानिकारक गैसें एसिड में बदल रही हैं। इसलिए बचने के लिए ये हैं उपाय

1. शहद और अदरक की चायः चाय बनाते समय इसमें दो चम्मच शहद और अदरक डालकर उबाल लें। सुबह-सुबह इसे पीने से फायदा होगा।

2. तुलसी और पुदीने का मिक्सरः एक गिलास गर्म पानी में तुलसी के पत्ते, पुदीने की पत्ती डालकर उबाल लें और उसे पिएं। इससे गले को राहत मिलेगी।

3.रोजाना दिन में दो बार स्टीम लें। स्टीम लेने से पहले पानी में तुलसी के पत्ते, पुदीने के पत्ते डाल लें। इससे आपको सांस लेने में मदद मिलेगी।

4. मिक्स वेजिटेबल सूपः गाजर मूली, टमाटर, लहसून, एलोवेरा और आंवला मिलाकर जूस पीने से भी त्वचा को प्रदूषण से बचाया जा सकता है।

5. खरास या खुजली होने पर कपूर को कोकोनट ऑयल में मिलाकर लगाएं तो लाभ होगा।

6. श्वांस लेने में तकलीफ महसूस होने पर सोंठ, काली मिर्च व पीपल का पाउडर एक ग्राम शहद के साथ लें तो लाभ होगा।

7. दही, मट्ठा, कोल्ड ड्रिंक, बर्फ, फ्रिज का पानी इत्यादि का सेवन बिल्कुल न करें।

8. सोते समय हल्दी व सोंठ को दूध में उबालकर पिएं। यह एंटी एलर्जिक, एंटी बायोटिक व एंटी टॉक्सिक का काम करता है। इससे ढेर सारी बीमारियां दूर भागती हैं।

9. तुलसी, दालचीनी की चाय लेने पर कफ एवं वात-पित्त दोष में राहत मिलती है।

10. चेहरे के स्किन को बचाने के लिए लौंग और पुदीने की पत्तियों का पैक बनाएं और इसे चहरे पर 15-20 मिनट लागाएं। इससे स्किन को काफी हद तक राहत मिलेगी।

11. नीम और तुलसी पैकः प्रदूषण से बालों को बचाने के लिए एक चम्मच चंदन पाउडर, हल्दी, तुलसी और नीम की पत्तियों को मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे 15-20 मिनट तक लगाएं।

12. प्रदूषण से बचने के लिए आधे कप गर्म पानी में एक कप ताजा नारियल का पानी डालें। आप इसमें त्रिफला जूस भी मिला सकते हैं। आपकी बॉडी के लिए डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है।

13.केला, बादाम दूध और शहद के मिक्सर को सूखे बालों पर लगा लें और शॉवर कैप पहन लें। इस मिक्सर को 20-25 मिनट तक बालों में लगाकर बाल धो लें।

14. अंडा और केस्टर ऑयल को मिलाकर एक मिश्रण बना लें। इसे बालों में 15-20 मिनट तक मसाज करें। इससे बाल मजबूत होते हैं।

15. गुनगुने पानी में नींबू डालकर पीने से खांसी में आराम मिलता है। एक गिलास उबलते हुए पानी में एक नींबू और शहद मिलाकर रात को सोते समय पीने से जुकाम में फायदा होता है।

# जिमीकंद के ये फायदे जानते हैं आप...

जिमीकंद एक गुणकारी सब्जी है। देखने में मिट्टी के रंग की यह सब्जी जमीन के नीचे उगती है। इसे सूरन के नाम से भी जाना जाता है। जिमीकंद बवासीर से लेकर कैंसर जैसी भयंकर बीमारियों से बचाए रखता है। इसमें फाइबर, विटामिन सी, विटामिन बी6, विटामिन बी1 और फोलिक एसिड होता है। साथ ही जिमीकंद में पोटेशियम, आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम और फॉस्फोरस भी पाया जाता है। आज हम आपको बताते हैं कि जिमीकंद खाने से क्या फायदे होते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार जिमीकंद उन लोगों को नहीं खाना चाहिए, जिनको किसी भी प्रकार का चर्म रोग हो। जिमीकंद ड्राई, कसैला, खुजली करने वाला होता है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को भी इसका सेवन नहीं करना चाहिए।



आयुर्वेदाचार्य एके गर्ग के मुताबिक, आयुर्वेद में जिमीकंद जड़ औषधि के रूप में प्रयुक्त होती है। पेट से जुड़े रोगों के लिए इसका सेवन रामबाण की तरह होता है। यह दिमाग तेज करने में भी मदद करता है। जिमीकंद खाने से मेमोरी पावर बढ़ती है। साथ ही यह अल्जाइमर रोग होने से भी बचाता है। दिमाग को तेज करने के लिए जिमीकंद को अपने आहार में शामिल करें।

जिमीकंद में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी और बीटा कैरोटीन पाया जाता है। यह कैंसर पैदा करने वाले फ्री रैडिकल्स से लड़ने में सहायक होता है। इसमें मौजूद एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुणों के कारण यह गठिया और अस्थमा रोगियों के लिए अच्छा होता है। जिमीकंद में पाया जाने वाला कॉपर लाल रक्त कोशिकाओं को बढ़ाकर शरीर में ब्लड के फ्लो को दुरुस्त करता है और आयरन ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने में मदद भी करता है।

## लाल टमाटर खाने के ये फायदे आपको चौंका देंगे

टमाटर सब्जी के स्वाद को तो बढ़ाता है ही, साथ ही सेहत भी फिट रखता है। टमाटर ऐंटीऑक्सिडेंट्स का खजाना है। इसमें कई तरह के लवण पाये जाते हैं और यह विटमिन सी का भी अच्छा सोर्स है लेकिन यह जानना बेहद जरूरी है कि कौन से टमाटर फायदेमंद होते हैं और कौन से नुकसानदेह।

आमतौर पर हम बाजार से अधपके टमाटर ही खरीद कर लाते हैं। हमारी सोच होती है कि अधपके टमाटर लंबे समय तक काम आएंगे जबकि पूरी तरह पके टमाटरों को तुरंत ही इस्तेमाल करना होगा, वरना वे खराब हो जाएंगे। यह सोच इस्तेमाल के नजरिए से ठीक हो सकती है लेकिन सेहत के नहीं। सेहत के लिए तो लाल टमाटर ही फायदेमंद होते हैं। ऐसे में अब आप जब भी टमाटर खरीदें, चुनकर लाल ही खरीदें।

# सावधान ! एयर पोल्यूशन से दिल ही नहीं दिमाग को भी गंभीर खतरा

पिछले 7 दिनों से देश की राजधानी दिल्ली गंभीर वायु प्रदूषण का सामना कर रही है। आपको बता दें कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल दुनिया भर में करीब 70 लाख लोग सिर्फ वायु प्रदूषण के चलते अकाल मौत मर रहे हैं। वायु प्रदूषण से दिल और सांस की बीमारियों के अलावा आपके दिमाग को गंभीर खतरा है। सितंबर महीने में ब्रिटेन के लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक रिसर्च के अनुसार वायु प्रदूषण से दिमाग भी प्रभावित होता है।



अभी तक वायु प्रदूषण के कारण दिल और सांस की बीमारी के बारे में पता था। इस रिसर्च के अनुसार दिमाग के नमूने में वायु प्रदूषकों के लाखों कण मिले, जिससे दिमाग को खतरा हो सकता है। इससे दिमाग के क्षतिग्रस्त होने की प्रबल आशंका है।

इस रिसर्च के अनुसार इंसानी दिमाग में पाये गये ज्यादातर मैग्नेटाइट, जो चुंबकीय आयरन ऑक्साइड का कंपाउंड होता है, वायु प्रदूषण की देन हैं। रिसर्च में कहा गया है कि सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचने वाले प्रदूषण के कणों का बड़ा भाग तो श्वास की नली में जाता है लेकिन इसका एक छोटा हिस्सा नर्व फाइबर (स्नायु तंत्र) से होते हुए दिमाग में भी पहुंचता है। रिसर्च से पता चला कि मैग्नेटिक प्रदूषक कण दिमाग में पहुंचने वाली आवाजों और संकेतों को रोक सकते हैं, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारी हो सकती है। हालांकि अल्जाइमर के साथ इसके जुड़े होने की पुष्टि अभी पूरी तरह से नहीं हुई है।

डब्यूएचओ की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के 80 फीसदी शहरी आबादी वाले इलाकों में एयर क्वालिटी स्वास्थ्य मानकों पर खरा नहीं उतरती है। कई सारे शोध यह कहते हैं कि वायु प्रदूषण के चलते हर साल लाखों समय अकाल मौत मरते हैं। इसके अलावा प्रेग्नेंट महिलाओं भी इससे प्रभावित होती है। एक रिसर्च के अनुसार अमेरिका में हर साल वायु प्रदूषण के चलते 16 हजार बच्चे समय से पहले ही पैदा होते हैं।

## वायु प्रदूषण से दिल के दौरे का खतरा

आपको बता दें कि वायु प्रदूष्ण के साथ सांस प्रणाली, दिल और दिमाग का दौरा जैसी बीमारियों की वजह से होने वाली बीमारियों का सीधा संबंध जुड़ा हुआ है। अत्यधिक प्रदूष्ण जिसमें पीएम 2.5 की अत्यधिक मात्रा हो उसके संपर्क में आने से डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। इस बारे में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के मानद महासचिव पद्मश्री डा. के.के. अग्रवाल का कहना है कि थोड़े समय के लिए कार्बन मोनोआक्साईड, नाईट्रोजन डायऑक्साइड और सल्फर डाईऑक्साइडे जैसे प्रदूष्ण कारकों के संपर्क में रहने से दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है। यह खतरा 0.6 से लेकर 4.5 फीसदी तक आबादी को प्रभावित कर सकता है।



# ऐसे किया जा सकता है भगवान विष्णु को प्रसन्न



मान्यता है कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को शालिग्राम अर्थात विषणु भगवान से तुलसी का विवाह किया जाता है। भगवान विष्णु को तुलसी बेहद प्रिय है। तुलसी को अर्पित करके भगवान विष्णु को प्रसन्न किया जा सकता है। शास्त्रों के अनुसार तुलसी के पत्ते कुछ खास दिनों में नहीं तोड़ने चाहिए। ये दिन हैं एकादशी, रविवार और सूर्य या चंद्र ग्रहण काल। अनावश्यक रूप से तुलसी के पत्ते तोड़ना, तुलसी को नष्ट करने के समान माना गया है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग शाम के समय तुलसी के पास दीपक लगाते हैं, उनके घर में महालक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। कार्तिक माह में तुलसी का पूजन विशेष माना गया है। कार्तिक माह में सूर्योदय से पूर्व स्नान कर तुलसी पर जल चढ़ाने से परिवार में प्रेम-शांति, घर में धन आदि हमेशा बनी रहती है। अगली स्लाइड में पढ़ें लाभः

भगवान विष्णु को तुलसी चढ़ाने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और वैभव बढ़ता है।

कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी को तुलसी की पूजा करने से जिन लोगों की शादी में रुकावटें आ रही हैं वो दूर होती हैं।

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को भगवान विष्णु को तुलसी चढ़ाने का फल दस हज़ार गोदान के बराबर माना गया है।

## तुलसी के पौधे को घर में लगाने के होंगे ये फायदे



इस आलेख में दी गई जानकारी पर हम दावा नहीं करते कि यह सत्य, सही और सटीक है, इसे किसी विशेषज्ञ सलाह के रुप में न लें। इस आलेख में दी गई जानकारी जनरूचि को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।



# नेपाल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**काठमांडू,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

भारत का 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को काठमांडू में भारतीय दूतावास, वीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास एवं पोखरा तथा धरान में रहे भारतीय सेना के पेंशन कैंप में विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया गया। काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास में इस कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए गए संदेश को पढ़ा गया। इस अवसर पर भारतीय राजदूत ने भारतीय सशस्त्र बलों के मृत कर्मियों की विधवाओं और परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें 6.4 करोड़ के कुल मूल्य के चेक हस्तांतरित किए गए। इसके अलावा दूतावास ने नेपाल के 7 प्रांतों और 21 जिलों में फैले 39 शैक्षणिक संस्थानों और पुस्तकालयों के लिए पुस्तक अनुदान की भी घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों के लिए शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच को बढ़ाना है।

काठमांडू में भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के समारोहों में नेपाल में भारतीय समुदाय के सदस्यों, भारत के मित्रों के साथ-साथ दूतावास के अधिकारियों और उनके परिवारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर दूतावास के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र और केंद्रीय विद्यालय, काठमांडू के छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किए गए।

काठमांडू में ही इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशन के तरफ से कथककली नृत्य का प्रदर्शन किया गया। पाटन के कृष्ण मंदिर प्रांगण में हुए इस समारोह में नेपाल सरकार के उपप्रधानमंत्री प्रकाशमान सिंह, विदेश मंत्री डा आरजू राणा तथा ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का की उपस्थिति रही। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर काठमांडू में नेपाल भारत मैत्री समाज के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति परमानंद झा, पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव सहित सभी दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। काठमांडू के अलावा वीरगंज में रहे भारतीय महावाणिज्य दूतावास, पोखरा और धरान के रहे भारतीय सेना के पेंशन कैंप में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया।

## युवाओं में सडन कार्डियक डेथ के बढ़ रहे मामले

**लंदन।** लाइफस्टाइल से जुड़े कई कारण ऐसे हालात पैदा कर सकते हैं, जिनमें दिल अचानक काम करना बंद कर देता है। यह कहना है विशेषज्ञों का। इसे चिकित्सा भाषा में सडन कार्डियक डेथ कहा जाता है। यह तब होती है जब दिल की धड़कनों का प्राकृतिक रिद्म अचानक बिगड़ जाता है, जिसे अरिथमिया कहा जाता है। हमारा दिल एक विद्युत सर्किट की तरह काम करता है, जो धड़कनों को नियंत्रित करता है। जब इस सर्किट में गड़बड़ी होती है, तो धड़कनें बहुत तेज या धीमी हो सकती हैं। नतीजतन, दिल खून को शरीर में पंप नहीं कर पाता और कुछ ही मिनटों में मृत्यु हो सकती है। कम उम्र में ऐसे मामलों के बढ़ने के पीछे कई वजहें हैं। खराब लाइफस्टाइल, तनाव, नींद की कमी, असंतुलित खानपान और एक्सरसाइज की अनदेखी सीधे दिल की सेहत को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, कमजोर हृदय मांसपेशियां या जन्मजात हृदय रोग जैसी छिपी समस्याएं बिना लक्षण दिखाए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में ही घिरे ट्रंप- लोगों ने पूछा क्या भारत पर टैरिफ लगाने से रुक जाएगा यूक्रेन युद्ध



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने ही घर में घिर गए हैं। लोग उनसे पूछ रहे हैं कि क्या भारत पर टैरिफ लगाने से यूक्रेन का युद्ध रुक जाएगा। ट्रंप एक तरफ रूस से व्यापार करने के लिए भारत पर टैरिफ थोप रहे हैं तो दूसरी तरफ खुलकर यूक्रेन का भी समर्थन नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बैठक भी बेनतीजा ही रही। अमेरिका की फॉरेन अफेयर्स कमेटी ऑफ डेमोक्रेट्स ने कहा है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने से यूक्रेन युद्ध नहीं रुकने वाला है। कमेटी ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को सीधा रूस को दंड देना चाहिए और यूक्रेन में अपनी सेना भेज देनी चाहिए। इससे पहले अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने कहा था कि अगर व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई बात नहीं बनती है तो भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जा सकते हैं। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी ने सोशल मीडिया पर कहा, अगर ट्रंप वास्तव में यूक्रेन में शांति चाहते हैं तो उन्हें पुतिन से निपटना चाहिए। यूक्रेन में सेनाएं भेज देनी चाहिए। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप जो कुछ भी कर रहे हैं, सब बेकार है। गुरुवार को ब्लूमबर्ग टीवी से बात करते हुए बेसेंट ने कहा था कि अलास्का की बैठक के बाद भारत पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जाएगा। डेमोक्रेटिक हाउस पैनल डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से इत्तेफाक नहीं रखता है। डोनाल्ड ट्रंप भारत पर दबाव बनाकर रूस को अपनी शर्तें मानने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। भारत रूस से 40 फीसदी तेल खरीदता है। ऐसे में ट्रंप का मानना है कि भारत अगर रूस से तेल खरीद कम कर देगा तो रूस भी दबेगा और अमेरिका की बात मान लेगा। हालांकि भारत ने साफ कह दिया है कि वह किसी तरह के दबाव में नहीं आने वाला है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से भी डोनाल्ड ट्रंप को सुनाते हुए कहा था कि आर्थिक स्वार्थों के चलते कुछ कदम उठाए जा रहे हैं।

### अमेरिका में लॉबिंग पर भारत से ज्यादा खर्च कर रहा पाकिस्तान



**वाशिंगटन।** पाकिस्तान अमेरिका में लॉबिंग पर भारत से करीब तीन गुना ज़्यादा खर्च करता है। यह खर्च अमेरिकी सरकार, कांग्रेस और अन्य सरकारी एजेंसियों तक पहुँच बनाने के लिए होता है। पाकिस्तान हर महीने करीब 600,000 (करीब 7.2 मिलियन सालाना) खर्च करता है। इसके लि पाकिस्तान छह लॉबिंग और कानूनी फर्मों को काम पर रखा है। इनमें से एक प्रमुख फर्म ऑर्किड एडवाइजर्स एलएलसी है, जिसे ट्रंप प्रशासन, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तक पहुँच बनाने के लिए हर महीने 250,000 डॉलर का भुगतान होता है। भारत हर महीने करीब 200,000 (करीब 2.4 मिलियन सालाना) खर्च करता है। भारत ने दो लॉबिंग फर्मों को नियुक्त किया है, जिसमें एसएचडब्ल्यू पार्टनर्स और बीजीआर एसोसिएट्स शामिल हैं। बीजीआर एसोसिएट्स वाशिंगटन डीसी की सबसे बड़ी और प्रभावशाली लॉबिंग फर्मों में से एक है। लॉबिंग का मुख्य उद्देश्य किसी देश या संगठन के हितों को बढ़ावा देना है। अमेरिका में पाकिस्तान की लॉबिंग का लक्ष्य खनिज और तेल भंडारों में अमेरिकी निवेश को आकर्षित करना, साथ ही ट्रंप प्रशासन में अपनी पहुँच को मजबूत करना है। पाकिस्तान इन प्रयासों से ट्रंप प्रशासन में अपनी पैठ बनाने में सफल रहा है, जिसका एक उदाहरण असीम मुनीर का ट्रंप से दो बार मिलना बताया गया है।

### बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए अमेरिका की निंदा की

**क्वेटा (बलूचिस्तान) पाकिस्तान ।** बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी विशेष शाखा मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) घोषित करने के अमेरिका के फैसले की निंदा की। बीआरजी ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम पाकिस्तानी सरकार के बयान को दर्शाता है और बलूचिस्तान की वास्तविकताओं को नजरअंदाज करता है। खबर के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने पिछले सोमवार को बीएलए और उसकी विशेष इकाई मजीद ब्रिगेड को अपनी एफटीओ सूची में शामिल किया है। इस सूची के लागू होने से इन समूहों को भौतिक सहायता प्रदान करना अमेरिका में एक संघीय अपराध बन गया है। अमेरिकी अधिकार क्षेत्र में उनकी संपत्तियों को अवरुद्ध कर दिया गया है और सदस्यों पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। पाकिस्तान ने मंगलवार को इस कदम का स्वागत भी किया। बीआरजी के प्रवक्ता दोस्तैन बलूच ने कहा कि अमेरिका जैसी महाशक्ति को ऐसे फैसले लेने से पहले जमीनी हकीकत का आकलन करना चाहिए। उन्होंने मजीद ब्रिगेड को बलूचिस्तान की आजादी के व्यापक आंदोलन का हिस्सा बताया।

# हिलेरी क्लिंटन इस -1 शर्त पर करेंगी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन



**वाशिंगटन,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

जाने की वकालत की है! लेकिन एक शर्त के साथ। उन्होंने कहा है कि अगर वे यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र को बिना रूस को सौंपे सीजफायर करा देते हैं तो बेझिझक उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट कर देंगी।

हिलेरी क्लिंटन ने यह टिप्पणी अलास्का के एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक से कुछ घंटे पहले 'रेजिंग मॉडरेट्सळ में बात करते हुए कही। उन्होंने कहा, अगर ट्रंप वास्तव में इस भयानक युद्ध का अंत यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति में बिना बदलाव के करा सकें तो निश्चित तौर पर उनका नाम मैं नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित कर सकती हूं। क्लिंटन ने कहा कि ट्रंप किसी मित्र से नहीं बल्कि ऐसे विरोधी से मिल रहे हैं, जो अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन का विनाश देखना चाहता है।

हिलेरी क्लिंटन और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंदी रहे हैं। दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से शुरू हुई थी। उस चुनाव में ट्रंप ने हिलेरी क्लिंटन को हराया था। उस चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन ने पुतिन जैसे सत्तावादी नेताओं के प्रति ट्रंप की प्रशंसा की खासी निंदा की थी। ट्रंप ने भी चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन का मजाक उड़ाया था और विदेश मंत्री के रूप में उनके कार्य पर सवाल उठाए थे। राजनीतिक मतभेद के बावजूद हिलेरी क्लिटंन का रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की स्थिति में ट्रंप को नोबेल के लिए समर्थन का वादा दिखाता है कि इसमें वह अमेरिका की जीत देखती हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का वादा किया है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि युद्ध समाप्त करने की रूस की शर्त यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों पर दावा और पश्चिमी प्रतिबंधों की समाप्ति है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्रीय रियायत को दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया है।

ऐसे में रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम आसान नहीं होने वाला है। शुक्रवार को अलास्का में हुए शिखर सम्मेलन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही और हम यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के करीब पहुंच गए हैं। लेकिन, तत्काल युद्धविराम की घोषणा नहीं की गई।

फॉक्स न्यूज से बातचीत में टरंप ने किसी ठोस समझौते से इनकार करते हुए कहा कि हमारी बैठक बहुत अच्छी रही। ट्रंप ने कहा कि वह बैठक से संबंधित बातचीत की चर्चा यूरोपीय नेताओं से भी करेंगे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी बैठक को रचनात्मक और सम्मानजनक बताया।

# ट्रंप प्रशासन करेगा एच-1बी वीजा जारी करने के प्रक्रिया में बदलाव....अब वेतन-आधारित चयन प्रणाली




**वाशिंगटन,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

**अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन एच-1बी वीजा जारी करने के प्रक्रिया में बड़े बदलाव करने की तैयारी में है। अभी तक लॉटरी सिस्टम से दिया जाने वाला वीजा अब वेतन-आधारित चयन प्रणाली से जारी किया जाएगा। वाइट हाउस के सूचना एवं नियामक मामलों का कार्यालय इस संबंध में एक प्रस्ताव लाया है। 8 अगस्त को विशेष व्यवसायों में कार्यरत श्रमिकों के लिए एच-1बी वीजा के आवंटन में व्यापक बदलाव करने वाले नियम को मंजूरी दी है।**

ट्रंप प्रशासन की अमेरिकी चीजें खरीदें और अमेरिकियों को नौकरी दें नीति के तहत ये कदम उठाया गया है। ट्रंप प्रशासन के कदम से अमेरिका में भविष्य के करियर की संभावनाओं की तलाश कर रहे हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए मुश्किल बढ़ेगी।

एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियों को सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। इससे तीन साल की अवधि के लिए अमेरिका में काम कर सकते है। फिलहाल इसका सालाना स्लॉट 85,000 तक सीमित है। अभी तक हर साल लॉटरी प्रक्रिया के तहत नए स्नातकों और अनुभवी पेशेवरों को चुना जाता है।

ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने एच-1बी वीजा के लॉटरी सिस्टम को बदलने का प्रयास किया था। इस साल फिर राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने फिर इस ओर कदम बढ़ाए हैं। नया नियम के बारे में सबसे बड़ी जानकारी यही है कि यह सभी को बराबर रखने वाले लॉटरी सिस्टम की बजाय वेतन पर आधारित है।

अमेरिका के एच-1बी वीजा कार्यक्रम में भारतीयों का दबदबा रहा है। भारतीयों को करीब 72 प्रतिशत तक एच-1बी वीजा मिलते रहे हैं। इसके बाद 12 प्रतिशत चीनी नागरिक हैं। 2023 के आंकड़ों के अनुसार, ज्यादातरएच-1बी वीजा धारक डेटा साइंस, एआई, मशीन लर्निंग और साइबर सुरक्षा जैसे एसटीईएम क्षेत्रों में काम करते हैं। इनमें से 65 प्रतिशत कंप्यूटर से संबंधित नौकरियों में हैं।

## कुछ मिनट की पावर नैप भी व्यक्ति को बना सकती है ऊर्जावान



**हार्वर्ड ।** हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के वैज्ञानिकों की एक नई रिसर्च में पाया गया है कि सिर्फ कुछ मिनट की पावर नैप भी व्यक्ति को ऊर्जावान बना सकती है और उसके प्रदर्शन में सुधार कर सकती है। रिसर्च में 25 प्रतिभागियों के दिमाग की गतिविधियों को ट्रैक किया गया, जब वे समय-सीमा वाले कार्य कर रहे थे और फिर झपकी ले रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि दिमाग के जो हिस्से निर्णय लेने और कार्य-प्रबंधन से जुड़े होते हैं, उनमें नैप के बाद भी सक्रियता बनी रही और तेज, बार-बार दोहराए जाने वाले पैटर्न दिखे। अध्ययन की प्रमुख लेखिका डाना मनोच के अनुसार, नींद के दौरान शरीर और दिमाग को आराम मिलता है, जिससे व्यक्ति तरोताजा महसूस करता है। यदि पूरी नींद न मिल पाए, तो पावर नैप भी ऊर्जा और कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद कर सकती है। मनोच का कहना है कि पावर नैप के दौरान शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है और यह पूरी रात की नींद की तरह दिमाग में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। हालांकि, पावर नैप की आदर्श अवधि को लेकर वैज्ञानिकों की राय अलग है कुछ इसे 10 से 30 मिनट तक पर्याप्त मानते हैं।

# जापान में तेजी से घट रही जन्मदर, पैदा होने से ज्यादा लोगों की हो रही मौत

**यही स्थिति रही तो अर्थव्यवस्था से लेकर मानवीय जीवन तक हो जाएगा कठिन**




**टोक्या,16 अगस्त (एजेंसियां)।**

दुनिया के कई देशों पर आबादी का संकट गहरा रहा है। इनमें जापान प्रमुख है, जहां आबादी लगातार गिर रही है। 2024 में जापान की आबादी में 9 लाख से ज्यादा की गिरावट आ गई। इसका अर्थ है कि देश में पैदा होने वाले से कहीं ज्यादा संख्या मरने वालों की है। यदि ऐसी ही स्थिति रही तो जापान आने वाले कुछ सालों में अस्तित्व के संकट से जूझ रहा होगा। जापान को स्वस्थ लोगों और दीर्घायु जीवन के लिए जाना जाता है, लेकिन लगातार युवा आबादी कम होना और बुजुर्गों की संख्या में इजाफा होना वहां के स्वास्थ्य ढांचे पर बोझ बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने इसे साइलेंट इमरजेंसी करार दिया है। उनका कहना है कि देश में इंसानों की आबादी का संकट गहरा रहा है। उन्होंने कहा कि हम फैमिली फ्रेंडली पॉलिसीज पर और फोकस करेंगे। जैसे फ्री चाइल्डकेयर और वर्किंग आवर्स के मामले में लचीला रुख अपनाया जाएगा। अब भी जापान में ऐसी कई नीतियां हैं, लेकिन महिलाएं ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए तैयार नहीं हैं। जापान में ऐसी महिलाओं की बड़ी संख्या है, जिन्होंने एक भी बच्चे को जन्म नहीं दिया है और ना ही देना चाहती हैं।

जापान में जन्मदर 1.2 है। वर्ष 2024 में जापान में सिर्फ 6,86,061 बच्चों का ही जन्म हुआ तो वहीं 1.6 मिलियन लोगों की मौत हुई। इस तरह पैदा होने वालों की तुलना में 10 लाख ज्यादा लोगों की मौत हुई। फिलहाल जापान की आबादी 12 करोड़ है और यदि इसी तरह संख्या में कमी आती रही तो देश में मानव संसाधन का ही संकट पैदा हो जाएगा। इससे अर्थव्यवस्था से लेकर सामान्य मानवीय जीवन तक कठिन होगा। जापान में बीते 125 सालों के इतिहास में 2024 में सबसे कम बच्चे पैदा हुए। इसके अलावा यह लगातार 16वां साल है, जब जापान की आबादी में इतनी बड़ी गिरावट देखी गई है। यह स्थिति तब है, जबकि जापान में बड़ी संख्या में विदेशी बस गए हैं।

1 जनवरी, 2025 के डेटा के मुताबिक जापान की कुल आबादी में 3 फीसदी हिस्सेदारी बाहरी लोगों की है। बीते एक साल के अंदर ही जापान की कुल आबादी में 0.44 फीसदी की कमी आई है। इसकी भरपाई के लिए जापान ने विदेशी लोगों को आमंत्रित करने की कोशिश की है, लेकिन यह योजना भी काम नहीं आई। जापान की कुल आबादी में 65 साल से ज्यादा आयु के बुजुर्गों का आंकड़ा अब 30 फीसदी है। यह दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा डेटा है, पहले नंबर पर मोनाको है। जापान में फिलहाल 60 फीसदी आबादी ही वर्किंग एज में है यानी 15 से 64 साल के बीच की है। यही नहीं जिस तरह से जन्मदर कम हो रही है, उससे आने वाले कुछ सालों में बुजुर्गों की संख्या युवाओं से ज्यादा हो जाएगी।

# इस्लामाबाद में 32 दिन से बलोचों का धरना जारी

**टोक्या,16 अगस्त (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत से लापता लोगों के परिजनों और बलोच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के सदस्यों का इस्लामाबाद में धरना शनिवार को 32वें दिन में प्रवेश कर गया। बलोचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों और बीवाईसी नेताओं को हिरासत में लेने की घटनाओं को दुनिया के सामने उजागर करने के मकसद से यह धरना आयोजित किया गया है।

प्रदर्शनकारी जबरन गुमशुदगी को रोकने, हिरासत में लिए गए बलोच नेताओं को तुरंत अदालत में पेश करने और नागरिक स्वतंत्रता के सम्मान की मांग कर रहे हैं। द बलोचिस्तान पोस्ट के अनुसार, इस्लामाबाद प्रेस क्लब के बाहर शुक्रवार को बीवाईसी नेतृत्व के तत्वावधान में %गैरकानूनी हिरासत और जबरन गायब किए गए लोगों के परिवारों की शिकायतें शीर्षक से एक सेमिनार का आयोजन होना था। धरने पर बैठे लोगों का दावा है कि पुलिस ने सेमिनार से कुछ घंटे पहले ही धावा बोल दिया। महिलाओं और बच्चों के साथ धक्कामुक्की की और उन पर हमला करके भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की।

इन लोगों ने बताया कि पुलिस ने प्रेस क्लब परिसर में प्रवेश रोकने के लिए अवरोधक लगाए और महिला प्रदर्शनकारियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया। हिरासत में लिए गए बीवाईसी नेता महरंग बलूच की बहन नादिया बलूच ने पत्रकारों से कहा, हम यहाँ अपना विरोध दर्ज कराने आए थे, लेकिन हमें अपना स्थान बदलने के लिए मजबूर किया गया। 14 अगस्त को हमारे लिए सड़कें खुली थीं, लेकिन 15 अगस्त को प्रेस क्लब जाने वाले सभी रास्ते फिर से बंद कर दिए गए। न केवल हमें रोका गया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट और गाली-गलौज की गई।

प्रतिबंधों के बावजूद सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में मानवाधिकार कार्यकर्ता, वकील, छात्र और लापता लोगों के परिवार के सदस्य शामिल हुए। वक्ताओं ने बलोचिस्तान में दमन, जबरन गुमशुदगी, न्यायेतर हिरासत और मानवाधिकार उल्लंघन के मुद्दों पर बात की। वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक अधिकार है और इसे दबाने के लिए बल प्रयोग गैरकानूनी और मानवीय गरिमा का अपमान है।

## जिम में भी पीछा नहीं छोड रहे लोग खूबसूरत मॉडल का, बताई हकीकत

**एरिजोना।** अमेरिका के एरिजोना में रहने वाली 39 वर्षीय मॉडल मोनिका हुल्ड्ट की खूबसूरती उनके लिए परेशानी का सबब बन गई है। इस मॉडल के लाखों सोशल मीडिया फॉलोअर्स है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस बिकिनी खिताब जीत चुकी मोनिका का कहना है कि उनकी खूबसूरती के कारण लोग, खासकर पुरुष, उनका पीछा नहीं छोड़ते, जिससे वे असहज महसूस करती हैं। फिटनेस को लेकर गंभीर मोनिका हफ्ते में कम से कम पांच दिन जिम जाती हैं, लेकिन वहां भी उन्हें लगातार पुरुषों के फ्लर्ट और बातचीत की कोशिश का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका वर्कआउट बाधित होता है। बचपन में आत्मविश्वास की कमी झेल चुकीं मोनिका को पहले यह अटेंशन अच्छा लगता था, मगर अब यह उनके लिए थकाऊ और परेशान करने वाला बन चुका है। उन्होंने बताया कि जिम उनके लिए एक सुरक्षित जगह है, जहां वे बिना रुकावट वर्कआउट करना चाहती हैं, लेकिन यहां भी लोगों की निगाहें उनका पीछा नहीं छोड़तीं। इस समस्या से बचने के लिए मोनिका अब हर महीने करीब 3,000 डॉलर (लगभग 2.5 लाख रुपये) खर्च कर बॉडीगार्ड रखने पर विचार कर रही हैं। उनकी चिंता सिर्फ सामान्य अटेंशन की नहीं, बल्कि कई बार हुए डरावने अनुभव भी हैं। उन्होंने एक घटना का जिक्र किया, जिसमें एक व्यक्ति ने अलग-अलग लोगों के नाम से मैसेज कर उन्हें परेशान किया, जैसे कि उनकी आईलैश आर्टिस्ट, फोटोग्राफर या डॉक्टर बनकर।







# फिडे ग्रैंड स्विस 2025 के ओपन सेक्शन में खेलेंगी दिव्या देशमुख

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां) ।**

महिला वर्ल्ड कप विजेता दिव्या देशमुख ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह आगामी फिडे ग्रैंड स्विस 2025 शतरंज टूर्नामेंट के ओपन सेक्शन में हिस्सा लेंगी। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 3 सितंबर से शुरू होगा। 19 वर्षीय दिव्या ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा – तो, कल मैंने जो खबर साझा की थी, वह यह है कि मैं इस साल ओपन ग्रैंड स्विस में भाग ले रही हूं। हाल ही में दिव्या ने महिला स्पीड शतरंज चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था, जो उनके ऐतिहासिक फिडे वर्ल्ड कप खिताब के बाद पहला टूर्नामेंट था। यहां वह क्वार्टरफाइनल में विश्व नंबर-1 होउ यीफान के खिलाफ कड़े मुकाबले में हार गई थीं। भारत की ओर से ओपन सेक्शन में कई बड़े नाम भी उतरेंगे, जिनमें विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और निहाल सारिन शामिल हैं। वहीं, महिला वर्ग में भारत की 2025 वर्ल्ड कप रनर-अप कोनेरु हम्पी और आर. वैशाली खेलेंगी। दिलचस्प बात यह है कि रूस की अलेक्ज़ांड्रा गोर्याचकिना भी ओपन सेक्शन में खेलेंगी। दिव्या और गोर्याचकिना दोनों ने वाइल्ड कार्ड का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। हालांकि यह टूर्नामेंट फिडे महिला कैंडिडेट्स के लिए क्वालिफायर भी है, लेकिन इन दोनों को इसकी चिंता नहीं करनी है क्योंकि उन्होंने पहले ही अपना स्थान पक्का कर लिया है। इस बीच, इंटरनेशनल मास्टर और प्रसिद्ध शतरंज कमेंटेटर तानिया सचदेव ने हाल ही में कहा कि महिला खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के लिए अधिक से अधिक ओपन टूर्नामेंट में खेलना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि महिलाओं के लिए विशेष खिताब खत्म नहीं किए जाने चाहिए।

तानिया ने कहा – मुझे लगता है कि युवा लड़कियों को जितना हो सके ओपन टूर्नामेंट में खेलना चाहिए। उन्हें पुरुष खिलाड़ियों के खिलाफ ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, न कि केवल महिला टूर्नामेंट पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन साथ ही महिलाओं के खिताब बने रहने चाहिए, क्योंकि यह कई खिलाड़ियों की आकांक्षा होती है और इससे नई पीढ़ी को खेल में आने की प्रेरणा मिलती है।

### जैकब बेथेल तोड़ेंगे 136 साल पुराना रिकॉर्ड, बनेगें इंग्लैंड के सबसे युवा कप्तान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल इतिहास रचने के करीब हैं। उन्हें आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। जैसे ही वह 17 सितंबर को पहले टी20 मैच में मैदान पर उतरेंगे, वह इंग्लैंड क्रिकेट के 136 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ देंगे और अपनी टीम के सबसे युवा कप्तान बन जाएंगे। इससे पहले इंग्लैंड के सबसे युवा कप्तान का रिकॉर्ड मोंटी बोडेन के नाम था, जिन्होंने 1889 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में कप्तानी की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### झज्जर की शूटर मनु भाकर ने पद्मश्री के लिए किया आवेदन, फिलहाल एशियन शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान में है मनु



**झज्जर।** खेल रत्न और अर्जुन अवार्ड विजेता झज्जर की शूटर मनु भाकर ने अब पद्मश्री सम्मान के लिए आवेदन किया है। वर्तमान में वह कजाकिस्तान में 16 से 30 अगस्त तक चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं। झज्जर के गांव गोरिया में जन्मीं मनु भाकर के परिवार एक सदस्य ने बताया कि मनु ने पद्मश्री के लिए आवेदन किया है। मनु विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भी तैयारी कर रही है। यह प्रतियोगिता और इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप का आयोजन 2027-28 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में होगा। दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से बीए और पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से एमए कर चुकी मनु भाकर ने अब खेल मैनेजमेंट में एमबीए की पढ़ाई के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रोहतक में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। एशियाई चैंपियनशिप कज़ाकिस्तान से लौटने के बाद वह यह पढ़ाई शुरू करेंगी। उल्लेखनीय है कि मनु भाकर को खेल उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले देश के हर बड़े सम्मान से नवाजा जा चुका है। मनु भाकर को इस साल जनवरी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से खेल रत्न पुरस्कार मिला था। वर्ष 2024 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुए ओलंपिक खेलों में टीम प्रतिस्पर्धा में मनु को दो स्वर्ण पदक हासिल हुए थे। इससे पहले वर्ष 2018 में हुए यूथ ओलंपिक में भी इस अचूक निशानेबाज ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक पर कब्जा जमाया। उसी साल आईएसएसएफ स्वर्ण पदक और राष्ट्रमंडल खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उसके बाद वर्ष 2022 विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण व एक रजत और एशियन चैंपियनशिप 2023 की 25 मीटर टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।

### ग्रैंड शतरंज टूर 2025 : सेंट लुइस रैपिड और ब्लिट्ज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे डी. गुकेश



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर डी.गुकेश ग्रैंड शतरंज टूर 2025 में शुक्रवार को लुईस रैपिड और ब्लिट्ज इवेंट में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि लेवोन अरोनियन ने खिताब जीता। क्लासिकल शतरंज के मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश ने ब्लिट्ज प्रारूप की पहली चार बाजियों में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ अंतिम दिन की शानदार शुरुआत की। हालांकि, वह उसी स्तर को बरकरार नहीं रख सके और दो हार और तीन ड्रॉ के साथ टूर्नामेंट का समापन 18 अंकों के साथ किया और वियतनाम के लिएम ले के साथ संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे। शीर्ष पांच में अरोनियन (24.5 अंक), फैबियानो कारुआना (21.5 अंक), मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (21 अंक), नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव (20.5 अंक) और वेस्ली सो (19 अंक) शामिल थे।

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की आयु में निधन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



सिम्पसन न केवल एक शानदार बल्लेबाज़ थे बल्कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के पुनरुत्थान में भी उनका बड़ा योगदान रहा। बतौर पहले पूर्णकालिक कोच, उन्होंने 1980 और 1990 के दशक में ऑस्ट्रेलिया को मज़बूत टीम के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। उस दौरान टीम की कप्तानी ऐलन बॉर्डर और मार्क टेलर ने की। सिम्पसन ने 1957 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। अपने करियर में उन्होंने 62 टेस्ट मैच खेले और 46.81 की औसत से 4869 रन बनाए। इसमें 10 शतक और 27 अर्धशतक शामिल रहे। शुरुआती दौर में बतौर ऑलराउंडर डेब्यू करने वाले सिम्पसन ने बाद में खुद को 1960 के दशक में ऑस्ट्रेलिया का भरोसेमंद ओपनिंग बल्लेबाज़ साबित किया। 1964 में उन्होंने 1381 रन बनाए, जो उस समय का रिकॉर्ड था। इसमें उनका सर्वाधिक टेस्ट स्कोर 311 रन (इंग्लैंड के खिलाफ, मैनचेस्टर) भी शामिल रहा। अगले दो वर्षों में उन्होंने दो और दोहरे शतक जड़े। सिम्पसन एक उपयोगी लेग स्पिनर भी थे, जिन्होंने 71 विकेट चटकाए। स्लिप फील्डिंग में भी वे बेहद भरोसेमंद साबित हुए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी प्रदर्शन भारत के खिलाफ रहा, जब उन्होंने अपने आखिरी टेस्ट में 8 विकेट झटके। इसी मैच में उन्हें दूसरा टेस्ट फाइफर भी मिला। 1968 में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज़ के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया था।

# बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट पर भुवनेश्वर कुमार का समर्थन

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां) ।**

इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के बावजूद सबसे ज्यादा चर्चा जिस मुद्दे पर हुई, वह था तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेजमेंट। एंडरसन ट्रॉफी में भारत ने 5 में से 3 टेस्ट मैच जीते और सीरीज़ अपने नाम की, लेकिन बुमराह केवल 3 मैचों में ही खेल पाए। जिन दो मुकाबलों में वे नहीं खेले, वहां मोहम्मद सिराज ने अपनी धारदार गेंदबाज़ी से टीम को जीत दिलाई। इसके बाद बुमराह की आलोचना होने लगी और कई पूर्व खिलाड़ियों ने उन पर 'मैच चुनने और छोड़ने' के फॉर्मूले का आरोप लगाया।

हालाँकि, भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार उनके समर्थन में आगे आए हैं। भुवनेश्वर, जिन्होंने 2014 और 2018 में इंग्लैंड का दौरा किया था, का मानना है कि बुमराह का गेंदबाजी एक्शन ऐसा है जिससे चोट का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में उनके वर्कलोड को लेकर सवाल उठाने के बजाय समझने की ज़रूरत है। भुवी के मुताबिक, बुमराह ने वर्षों से सभी फॉर्मेट में भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है और लगातार उच्च स्तर की गेंदबाज़ी करना आसान नहीं होता। उनका कहना है कि अगर आप चाहते हैं कि किसी खिलाड़ी का करियर लंबा चले तो उसका सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना ही होगा।

भुवनेश्वर ने यह भी कहा कि बुमराह हमेशा कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करते हैं, जिससे उन पर मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ता है। ऐसे में यदि टीम प्रबंधन उन्हें कुछ मैचों से आराम देता है तो यह सही फैसला है। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि बुमराह की उपलब्धता कम मैचों में भी टीम के लिए फर्क पैदा करती है। एंडरसन ट्रॉफी में उन्होंने केवल तीन टेस्ट खेलकर 14 विकेट हासिल किए और दो बार पारी में पांच-पांच विकेट भी लिए। भुवी का मानना है कि ऐसे योगदान के बाद यह कहना गलत होगा कि बुमराह टीम के लिए पर्याप्त नहीं खेल रहे।

आईपीएल में अभी भी सक्रिय भुवनेश्वर ने हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि मैच चुनना कोई अपराध नहीं है। अगर चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट को पता है कि बुमराह तीन मैच खेलकर भी जीत दिला सकते हैं, तो इसमें कोई हर्ज नहीं होना चाहिए।







### श्रीसंत ने साझा किया मजेदार किस्सा, बताया कैसे कप्तान ने जताया था भरोसा

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने महेंद्र सिंह धोनी से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है, जिससे पता चलता है कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के बीच कितनी गहरी दोस्ती और मजाकिया माहौल रहता था। 2007 टी20 वर्ल्ड कप और 2011 वनडे वर्ल्ड कप विजेता टीम का हिस्सा रहे श्रीसंत ने बताया कि धोनी अक्सर उनसे मजाक करते थे कि वह हर मैदान पर एक नई गर्लफ्रेंड ढूंढ लेंगे। श्रीसंत ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए कहा कि धोनी हमेशा मजाक में कहते थे कि इतनी सारी गर्लफ्रेंड्स हैं कि हर मैदान से एक चुन लेगा। यह उनकी हंसी-मजाक वाली बातें थीं, लेकिन इसके पीछे भी एक अपनापन छिपा होता था। उन्होंने बताया कि धोनी सिर्फ मजाक ही नहीं करते थे, बल्कि खिलाड़ी के तौर पर उन पर गहरा भरोसा भी जताते थे। श्रीसंत ने कहा, धोनी ने मुझसे कहा था कि मेरे पास बड़ी सफलता पाने की क्षमता है, लेकिन मैंने खुद अपनी क्षमताओं को सही मायने में नहीं पहचाना। वह एक कप्तान ही नहीं, बल्कि एक दोस्त भी थे, जिन्होंने समझाया कि मैं अपनी क्षमता को पहचानूं तो बहुत ऊंचा जा सकता हूं। धोनी की कप्तानी में खेले गए कई यादगार मैचों को याद करते हुए श्रीसंत ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप का एक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैथ्यू हेडन को क्लीन बोल्ड करने के बाद उन्होंने जो जश्न मनाया था, वह असल में रेसलिंग से प्रेरित था। श्रीसंत ने कहा, कई लोग नहीं जानते कि मैंने पिच पर तीन बार हाथ क्यों मारा था। दरअसल, वह रेसलिंग का अंदाज था, जहां रेफरी आउट घोषित करने से पहले तीन बार जमीन थपथपाता है। श्रीसंत का करियर जहां शानदार गेंदबाजी प्रदर्शनों से भरा रहा, वहीं विवादों से भी घिरा रहा। हरभजन सिंह से हुए थप्पड़ विवाद और आईपीएल 2013 में स्पॉट फिक्सिंग के आरोपों ने उनके करियर पर गहरा असर डाला। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। इसके बावजूद श्रीसंत ने भारत के लिए 150 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट झटके और कई मौकों पर अपनी तेज गेंदबाजी से मैच का पासा पलटा। उनके सबसे यादगार प्रदर्शनों में 2006 का दक्षिण अफ्रीका दौरा शामिल है, जब जोहानिसबर्ग टेस्ट में उन्होंने पांच विकेट लेकर भारत को साउथ अफ्रीकी सरजमीं पर पहली टेस्ट जीत दिलाई थी। मजाक और विवादों से भरे करियर के बावजूद श्रीसंत की प्रतिभा और जुनून को क्रिकेट फैंस हमेशा याद करते रहेंगे ।

# सिनसिनाटी ओपन-2025 अल्कराज सेमीफइनल में ज्वेरेव ने शेल्टन को हराया



**सिनसिनाटी,16 अगस्त (एजेंसियां) ।**

**दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने जबरदस्त जज्बे का परिचय देते हुए आंद्रेई रुबलेव को हराकर एटीपी-डब्ल्यूटीए सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में अल्कराज ने 6-3, 4-6, 7-5 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।**

ज्वेरेव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी और टोरंटो चैंपियन बेन शेल्टन की विजयी लय को तोड़ा। उन्होंने क्वार्टरफ़ाइनल में शेल्टन को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से मात दी। मैच के दौरान ज्वेरेव ने चक्कर आने और सांस फूलने की शिकायत की, लेकिन शेल्टन की 27 अनफोर्स्ड एरर्स का फायदा उठाते हुए उन्होंने 76 मिनट में जीत हासिल की। 2021 चैंपियन ज्वेरेव ने दूसरे सेट में 4-1 की बढ़त बना ली थी। इस बीच शेल्टन ने नाराज होकर अपना रैकेट फेंक दिया। ज्वेरेव ने दूसरे मैच प्वाइंट पर जीत पक्की की और अब अगले 24 घंटे में फिटनेस हासिल करने पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा, अभी मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा हूं, लेकिन मेरे पास एक दिन है। उम्मीद है कि सेमीफाइनल तक पूरी तरह फिट हो जाऊंगा।

दूसरी ओर, अल्कराज ने तीसरे सेट में 5-4 पर मैच सर्व करते हुए अपनी सर्विस गंवाई, लेकिन तुरंत वापसी करते हुए तीन गेम बाद मुकाबला अपने नाम कर लिया। रुबलेव की आठवीं डबल-फॉल्ट पर अल्कराज ने जीत सुनिश्चित की।

2023 में उपविजेता रहे अल्कराज ने लगातार 14वां मास्टर्स 1000 मैच जीता। उन्होंने इस साल मोंटे कार्लो और रोम खिताब जीते थे और अब तक 2025 में पांच ट्रॉफी अपने नाम कर चुके हैं। सीजन में यह उनकी 52वीं जीत रही। अल्कराज ने कहा, मैंने पॉजिटिव सोचना जारी रखा। रुबलेव के खिलाफ अगर फोकस खो दें तो मैच हाथ से निकल सकता है। वापसी करने की क्षमता पर मुझे गर्व है। यही पल मुझे सबसे ज्यादा पसंद है।

### प्रीमियर लीग: लिवरपूल ने बोर्नमाउथ को 4-2 से हराया




**लिवरपूल।** प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल ने अपने खिताब बचाव अभियान की शानदार शुरुआत की। शुक्रवार को एनफील्ड में खेले गए सीज़न के पहले मुकाबले में लिवरपूल ने रोमांचक अंदाज में बोर्नमाउथ को 4-2 से मात दी। यह मुकाबला भावनाओं से भरा रहा, क्योंकि जुलाई में टीम के फॉरवर्ड डियोगो जोटा के निधन के बाद एनफील्ड में यह पहला मैच था। नए खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने 37वें मिनट में डेब्यू गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई, वहीं 49वें मिनट में कोडी गक्पो ने स्कोर 2-0 कर दिया। बोर्नमाउथ ने इसके बाद वापसी की। एंटोनी सेमेनोंयो, जिन्हें पहले हाफ में नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और जिसके चलते खेल कुछ देर रुका, ने 64वें और फिर 76वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया और लिवरपूल को हिला दिया। हालांकि, मैच के अंतिम पलों में लिवरपूल ने दम दिखाया। सब्स्टीट्यूट फेडरिको किएसा ने 88वें मिनट में गोल दागकर टीम को फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद इंजरी टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल कर जीत सुनिश्चित कर दी और तीन अंक लिवरपूल की झोली में डाले।

# एशिया कप टी20 : रिंकू सिंह की जगह पर संदेह, चयनकर्ताओं के सामने बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां) ।**

भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह का नाम एशिया कप टी20 स्क्वॉड में शामिल होगा या नहीं, इस पर गहरी आशंकाएँ बनी हुई हैं। भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार 19 अगस्त को चयन समिति द्वारा की जाएगी, जिसकी अगुवाई मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर करेंगे। माना जा रहा है कि इस बार चयन समिति कुछ कड़े और चौंकाने वाले फैसले ले सकती है।




#### रिंकू की स्थिति अस्थिर

रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 में यश दयाल की गेंद पर लगातार पांच छक्के लगाकर क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था। तभी से उन्हें भारतीय टीम में संभावित फिनिशर के रूप में देखा जाने लगा। हालांकि पिछले एक साल में उनके करियर ग्राफ में गिरावट आई है। वह टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए और केवल स्टैंडबाय में रखे गए। आईपीएल 2024 में उन्होंने महज 113 गेंदों का सामना किया था, जबकि 2025 में यह संख्या 134 गेंदों तक ही रही। यह आँकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि उनकी टीम में भूमिका लगातार सीमित होती जा रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य रणनीतिकार वही गौतम गंभीर थे, जो वर्तमान में भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं।

#### टीम संयोजन की चुनौती

एशिया कप स्क्वॉड को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि टीम में जगह किसकी होगी और किसे बाहर बैठना पड़ेगा। यदि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध रहते हैं, तो अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की जगह पक्की मानी जा रही है। इसके अलावा शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के चयन की भी पूरी संभावना है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सीमित स्थानों को लेकर कठिन निर्णय लेने होंगे। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा: लोग अक्सर कहते हैं कि अमुक खिलाड़ी को चुनना चाहिए, लेकिन यह कोई नहीं बताता कि किसकी जगह उदाहरण के लिए, श्रेयस अय्यर ने 180 के स्ट्राइक रेट से 600 रन बनाए हैं, लेकिन वे शीर्ष चार में बल्लेबाजी करते हैं। अब उनके लिए जगह कहाँ निकाली जाए

#### शुभमन गिल और रिंकू पर सवाल

पूर्व चयनकर्ता के मुताबिक, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को बाहर रखना संभव नहीं है। ऐसे में समझौता निचले क्रम के खिलाड़ियों के साथ करना पड़ सकता है। मुझे तो रिंकू की जगह पर ही संदेह नज़र आ रहा है क्योंकि मौजूदा बल्लेबाजी क्रम में उनकी उतनी ज़रूरत नहीं है। और ध्यान रहे, हम अभी जायसवाल की बात ही नहीं कर रहे हैं, पूर्व चयनकर्ता ने कहा। अगर रिंकू बाहर होते हैं, तो टीम में शिवम दुबे (ऑलराउंडर) और जितेश शर्मा (दूसरे विकेटकीपर) जैसे विकल्प मौजूद हैं, जो फिनिशर की भूमिका अच्छे से निभा सकते हैं। वहीं ऑलराउंडर नितीश रेड्डी के फिट न होने की संभावना अधिक है। टीम चयन के बाद चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और चयन से जुड़े सवालों का जवाब देंगे।

# तेजस्वी दहिया के तूफानी अर्धशतक से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां) ।**

दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2 के एक रोमांचक मुकाबले में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 3 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए इस वर्षा बाधित मैच में गीली आउटफील्ड के चलते 16-16 ओवर का कर दिया गया था। सुपरस्टार्स के लिए यह जीत बेहद अहम रही क्योंकि मौजूदा सीजन की शुरुआत टीम के लिए अच्छी नहीं रही थी। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले पांच ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए, जिसमें कप्तान आयुष बडोनी भी शामिल थे। 10वें ओवर में सेट बल्लेबाज अनमोल शर्मा के आउट होने के बाद स्थिति और मुश्किल हो गई। उस समय टीम को 6 ओवरों में 70 से ज्यादा रन चाहिए थे।




ऐसे दबाव भरे हालात में नंबर 5 पर बल्लेबाजी करने आए तेजस्वी दहिया ने शानदार पलटवार किया। उन्होंने महज 30 गेंदों में नाबाद 70 रन ठोकते हुए मैच का रुख पलट दिया। उनकी पारी में 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। आखिरी ओवर में जब 7 रन की जरूरत थी, तब तेजस्वी ने लगातार दो गेंदों पर दो गगनचुंबी छक्के जड़कर टीम को नाटकीय जीत दिला दी। सुमित कुमार बेनीवाल ने भी 7 गेंदों में 19 रनों की तेजतर्रार पारी खेली और तेजस्वी का अच्छा साथ दिया। गेंदबाजी में आउटर दिल्ली वॉरियर्स के सुयश शर्मा और अंशुमन हूडा ने दो-दो विकेट झटके। वहीं, हर्ष त्यागी ने तीन ओवरों में सिर्फ 15 रन देकर एक विकेट हासिल किया और सबसे किफायती गेंदबाज रहे। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की पारी दबाव में रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम निर्धारित 16 ओवरों में 8 विकेट खोकर 139 रन ही बना सकी। ध्रुव सिंह ने 31 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि सनत सांगवान ने 14 गेंदों पर 26 रनों की तेज पारी खेली।

### एलए गैलेक्सी के खिलाफ वापसी करेंगे लियोनेल मेसी



**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी चोट से उबरकर शनिवार को लॉस एंजेलिस गैलेक्सी (एलए गैलेक्सी) के खिलाफ होने वाले मुकाबले में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। टीम के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। 38 वर्षीय मेसी दाएं पैर की चोट के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। यह चोट उन्हें 2 अगस्त को नेकैक्सा के खिलाफ लीग्स कप मुकाबले के पहले हाफ में लगी थी। हालांकि, इस हफ्ते की शुरुआत में उन्होंने टीम के साथ ट्रेनिंग फिर से शुरू कर दी। कोच माशेरानो ने कहा, लियो अब पूरी तरह ठीक हैं। वह बुधवार से टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। हमें भरोसा है कि अगर कोई अप्रत्याशित स्थिति नहीं बनी तो वह मैच में शामिल होंगे। मेसी फिलहाल एमएलएस गोल्डन बूट की दौड़ में 18 गोल के साथ नैशविल के सैम सुर्रिज के बराबरी पर हैं। अर्जेंटीना के आठ बार के बैलन डी'ऑर विजेता मेसी ने इस सीजन में 17 एमएलएस मैचों में 10 असिस्ट भी किए हैं। इंटर मियामी (12-5-6, 42 अंक) ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की अंकतालिका में छठे स्थान पर है और फिलहाल प्लेऑफ कटलाइन से छह अंक ऊपर है। टीम लीग्स कप के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंच चुकी है।




# एसएंडपी ने भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी किया, रेटिंग 19 साल बाद पहली बार सुधारी गई

**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।** साख निर्धारण एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की क्रेडिट रेटिंग 'बीबीबी-से बढ़ाकर 'बीबीबी कर दी है। यह रेटिंग 19 साल बाद पहली बार सुधारी गई है और इसे स्थिर परिदृश्य के साथ रखा गया है। एजेंसी ने इस सुधार के पीछे मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और महंगाई नियंत्रण में बेहतर मौद्रिक नीतियों को प्रमुख कारण बताया है। एसएंडपी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

पिछले पांच-छह वर्षों में सरकारी खर्च की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' कहने और भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की घोषणा के बावजूद एसएंडपी ने माना कि अमेरिकी शुल्क का भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि भारत की 60 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि घरेलू खपत पर निर्भर है और व्यापार पर निर्भरता कम है। इस रेटिंग सुधार से भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कर्ज़ लेने में आसानी होगी, जिससे कर्ज़ की लागत कम होगी। एसएंडपी ने यह भी कहा कि सरकार की सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां आने वाले 24 महीनों में रेटिंग को और मजबूत बनाएंगी। एसएंडपी ने वित्त वर्ष 2025-26 तक भारत के सामान्य सरकारी घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 7.3 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत करने का अनुमान लगाया है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर को भी 6.5 प्रतिशत से बढ़कर अगले तीन वर्षों में औसतन 6.8 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। यह रेटिंग सुधार भारत की आर्थिक स्थिरता और विकास के प्रति वैश्विक निवेशकों का विश्वास बढ़ाने वाला कदम माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ने पहली तिमाही में मुनाफे में 44.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की




**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी हाईवे विकास कंपनी आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा इस तिमाही में 202.4 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 140 करोड़ रुपये से 44.6 प्रतिशत अधिक है। इस मजबूती का मुख्य कारण टोल कलेक्शन में वृद्धि को बताया गया है। आईआरबी और उसके प्राइवेट आईएनवीआईटी ने इस तिमाही में टोल से कुल 1,680 करोड़ रुपये की आय हासिल की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 1,555 करोड़ रुपये से लगभग 8 प्रतिशत ज्यादा है। कुल आय भी 13 प्रतिशत बढ़कर 2,099 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल 1,853 करोड़ रुपये थी। मजबूती का मुख्य कारण टोल कलेक्शन में वृद्धि एबिडेटा में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 952 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, मार्जिन पिछले साल के 46.25 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 45.35 प्रतिशत रहा। कंपनी के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 7 प्रतिशत का अंतरिम डिविडेंड यानी 0.07 रुपये प्रति शेयर घोषित किया है। इसके लिए रिकॉर्ड डेट 29 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है और डिविडेंड का भुगतान 12 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। आईआरबी का ऑपरेशन और मेंटेनेंसऑर्डर बुक भी मजबूत रहा और यह 30,900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें प्राइवेट आईएनवीआईटी से पब्लिक आईएनवीआईटी में एसेट ट्रांसफर के बाद करीब 3,100 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी शामिल है। कंपनी के सीएमडी ने कहा कि 80,000 करोड़ रुपये के मजबूत एसेट बेस के चलते कंपनी को टोल ग्रोथ में फायदा हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की मजबूत जीडीपी ग्रोथ और सरकार के पीपीपी मॉडल पर जोर से आईआरबी आगामी प्रोजेक्ट्स के जरिए नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए तैयार है।

### अमेरिका में जुलाई में थोक कीमतों में अप्रत्याशित तेजी रही



**नई दिल्ली।** अमेरिका में जुलाई महीने में थोक स्तर पर कीमतों में उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जुलाई में 0.9 फीसदी बढ़ा, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान सिर्फ 0.2 फीसदी था। खाद्य और ऊर्जा क्षेत्र को छोड़कर कोर पीपीआई भी 0.9 फीसदी बढ़ा, जो अनुमानित 0.3 फीसदी से काफी अधिक है। वार्षिक आधार पर, हेडलाइन पीपीआई 3.3 फीसद बढ़ी है, जो फरवरी के बाद सबसे बड़ी 12 महीने की वृद्धि है और फेडरल रिजर्व के 2 फीसदी मुद्रास्फीति लक्ष्य से कहीं ऊपर है। इस बढ़ोतरी में सेवाओं की कीमतें मुख्य कारण रही हैं, जो जुलाई में 1.1 फीसदी बढ़ी, मार्च 2022 के बाद सबसे बड़ी मासिक उछाल। व्यापार सेवाओं के मार्जिन भी 2 फीसदी बढ़े, जिसमें मशीनरी और उपकरणों के थोक कारोबार में 3.8 फीसदी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में वायदा गिर गया, जबकि अल्पावधि ट्रेजरी यील्ड में तेजी आई। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना प्रभावित हो सकती है इससे बाजार में फेडरल रिजर्व की आगामी नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

### 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट में होगा बड़ा बदलाव

**मुंबई।** अगर आप फोनपे, गूगलपे, पेटीएम जैसे यूपीआई एप का इस्तेमाल करते हैं, तब 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट से जुड़े एक महत्वपूर्ण बदलाव पर ध्यान दें। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई ट्रांजैक्शन को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 1 अक्टूबर से, एनपीसीआई पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) कलेक्ट रिक्वेस्ट की सुविधा को बंद कर रहा है। यह वह फीचर है जिससे कोई व्यक्ति यूपीआई के ज़रिए किसी दूसरे व्यक्ति से पैसे की मांग कर सकता था। हालांकि, इस फीचर को दोस्तों से पैसे वापस लेने या बिल शेयर करने के लिए बनाया गया था, धोखेबाज इसका गलत इस्तेमाल करने लगे थे। वे फर्जी रिक्वेस्ट भेजकर लोगों से अनजाने में पैसे निकलवा लेते थे। इस बदलाव का मकसद इसतरह की धोखाधड़ी को पूरी तरह से रोकना है। केंद्र सरकार का मकसद लगातार बढ़ रही धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाना है। क्योंकि साइबर फ्राड के केस दिनोंदिन बढ़ते जा रहे है। धोखाधड़ी में फंसकर हजारों लोग अपनी जीवन भर की कमाई गंवा रहे है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार 6 हफ्तों की गिरावट के बाद आई तेज मजबूती

**निवेशकों के मनोबल में सुधार हुआ और बाजार की स्थिरता की उम्मीद बढ़ी**



**मुंबई,16 अगस्त (एजेंसियां)।** पिछले कई हफ्तों से जारी भारी उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार ने इस सप्ताह सकारात्मक रुख अपनाया है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के कारण बाजार केवल चार दिन खुला, लेकिन इस छोटे कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी ने गिरावट के बाद मजबूती दिखाई है। 6 हफ्तों की लगातार गिरावट के बाद यह बाजार के लिए राहत की खबर है। सोमवार को विदेशी निवेशकों के भरोसे और अमेरिकी बाजारों में तेजी के कारण शुरुआती कारोबार में बाजार हरियाली से रंगा। बीएसई सेंसेक्स 104.84 अंक की बढ़त के साथ 79,962.63 पर खुला और अंततः 746.29 अंकों की जोरदार बढ़त के साथ 80,604.08 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 55.85 अंक की तेजी के साथ 24,419.15 पर खुला और 221.75 अंक ऊपर 24,585.05 पर बंद हुआ। मंगलवार को हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव देखे गए। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 66.28 अंक ऊपर खुला लेकिन अंत में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 पर बंद हुआ।

निफ्टी ने भी 42.85 अंक बढ़कर कारोबार शुरू किया, पर अंत में 97.65 अंक गिरावट के साथ 24,487.40 पर बंद हुआ। बुधवार को अमेरिका में स्थिर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका असर भारत के बाजारों पर भी पड़ा। सेंसेक्स 304.32 अंक की बढ़त के साथ 80,539.91 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 131.95 अंक की तेजी दर्ज की और 24,619.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को भी बाजार में सकारात्मक रुख कायम रहा। एचडीएफसी बैंक, टीसीएस जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 57.75 अंक बढ़ाकर 80,597.66 पर और निफ्टी को 11.95 अंक ऊपर 24,631.30 पर बंद कराया। इस तरह, निवेशकों के मनोबल में सुधार हुआ है और बाजार की स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है। अगले हफ्तों में वैश्विक आर्थिक हालात और घरेलू नीतिगत फैसलों पर नजर बनी रहेगी, जो बाजार के रुख को प्रभावित कर सकते हैं।

### भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक अक्टूबर में



**नई दिल्ली।** भारत और आसियान देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा वार्ता का अगला दौर अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, यह बैठक 6-7 अक्टूबर को होगी और इसकी मेजबानी मलेशिया करेगा। यह समीक्षा आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते को अधिक प्रभावी, सरल और व्यापार के लिए अनुकूल बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। समीक्षा के माध्यम से दोनों पक्ष व्यापार प्रक्रिया को बेहतर बनाने, गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और व्यापार सुविधा को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। आसियान भारत का एक प्रमुख व्यापार भागीदार है, जिसकी हिस्सेदारी भारत के वैश्विक व्यापार में लगभग 11 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में भारत-आसियान द्विपक्षीय व्यापार 123 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को दर्शाता है।

# बिहार में उद्योग लगाने बड़ा आर्थिक पैकेज दिया जाएगा: नीतीश



**नई दिल्ली,16 अगस्त (एजेंसियां)।** **बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जन्माष्टमी के मौके पर नई आर्थिक पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। इसका मकसद राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि सरकार द्वारा कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी प्रोत्साहन राशि को दोगुना करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा, उद्योग स्थापित करने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी।**

**1 करोड़ युवाओं को रोजगार का लक्ष्य घोषित किया**

जो उद्योग ज्यादा रोजगार देंगे, उन्हें मुफ्त में भी जमीन दी जाएगी। राज्य सरकार उद्योगों के लिए आवंटित भूमि से जुड़ी विवादों को खत्म करने के लिए भी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी सुविधाएं अगले छह महीने के भीतर लागू कर दी जाएंगी। इसके अलावा, और भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उद्यमियों के लिए मददगार साबित होंगे। यह योजना बिहार में आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि 2020 में 'सात निश्चय-2' योजना के तहत 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। अब सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। इस पहल के तहत स्वरोजगार और उद्योग लगाने वालों को कई प्रकार की सहूलियतें दी जाएंगी, जिससे राज्य में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। यह कदम बिहार को उद्योग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### संवैधानिक ...

सरकार ने बताया कि अनुच्छेद 200 और 201 राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह अधिकार देते हैं कि वे किसी बिल पर विचार करने में पूरी स्वतंत्रता रखें और उन्हें किसी निश्चित समय सीमा का पालन करना जरूरी नहीं है। समय सीमा न होना जानबूझ कर और सोच-समझकर संविधान में रखा गया एक विशेष नियम है। संविधान में कोई ऐसी प्रक्रिया नहीं बताई गई है जिससे बिना संविधान में बदलाव किए इन सीमाओं को लागू कर सके। संविधान में बदलाव करना केवल संसद की विशेष शक्ति है जो अनुच्छेद 368 के तहत ही किया जा सकता है।

राज्यपाल के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका पर दिए गए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सलाह दी थी कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर राज्यपालों द्वारा भेजे गए लंबित विधेयकों पर फैसला ले लेना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल दिए फैसले में सुझाव देते हुए कहा था, हम यह सलाह देते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचार के लिए भेजे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर फैसला लेना जरूरी है। पीठ ने कहा कि इस समय सीमा से ज्यादा की देरी होने पर उचित कारण देने होंगे और इस बारे में संबंधित राज्य को सूचित करना होगा। राज्यों को भी सहयोगात्मक होना चाहिए और विधेयक को लेकर उठाए जा रहे सवालों के उत्तर देकर सहयोग करना चाहिए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर तेजी से विचार करना चाहिए। इस पर काफी विवाद हुआ और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल किए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शीर्ष अदालत से संविधान के अनुच्छेद 200, 201, 361, 143, 142, 145 (3) और 131 से जुड़े कुछ अहम सवाल पूछे थे। इन सवालों का जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 5 जजों की एक संवैधानिक पीठ बनाई है। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत सुप्रीम कोर्ट के पास ये सवाल भेजे थे। अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति को कानूनी और सार्वजनिक महत्व के मामलों में सुप्रीम कोर्ट की राय लेने की इजाजत देता है।

### बात हुई....

इसके बाद पुतिन ने आसमान की ओर देखा। बी-2 बॉम्बर विमान हवाई सुरक्षा में प्रवेश करने तथा कठोर लक्ष्यों पर सटीक हमला करने में सक्षम है। अमेरिका ने ईरान पर इसी लड़ाकू विमान से हमला किया था। लेकिन दूसरी तरफ पुतिन के स्वागत में कोई कमी नहीं छोड़ी। अलास्का एयरबेस पर पुतिन के लिए खास रेड कारपेट बिछाया गया था। ट्रंप ने यहां काफी देर पुतिन का इंतजार भी किया। इससे पहले जब पुतिन अपने विमान से उतरने वाले थे तो अमेरिकी सैनिक घुटने के बल बैठकर उनके लिए रेड कारपेट सही करते नजर आए। यूक्रेन की स्टेट एजेंसी फॉर रेस्टोरेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के पूर्व प्रमुख मुस्तफा नईम ने तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि घुटने टेकने को फिर से महान बनाओ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वार्ता को बहुत अच्छा बताया। उन्होंने वार्ता को 10 में से 10 अंक दिए। ट्रंप ने कहा कि यह मुलाकात बहुत गर्मजोशी भरी रही। पुतिन एक मजबूत इंसान हैं, वह इन सब मामलों में बेहद सख्त हैं, लेकिन यह मुलाकात दो बेहद अहम देशों के बीच बहुत गर्मजोशी भरी रही। मुझे लगता है कि हम समझौते के काफी करीब हैं। अब देखिए, यूक्रेन को इसके लिए राजी होना ही होगा। अगर दोनों पक्ष राजी हो जाते हैं तो दोनों देश हर सप्ताह हजारों मौतों को रोक सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप का पत्र सौंपा। इसमें यूक्रेन और रूस में बच्चों की दुर्दशा का मुद्दा उठाया गया था। उनके पत्र में युद्ध के दौरान बच्चों के अपहरण का उल्लेख था।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रेस वार्ता में कहा, हम देख सकते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी सरकार यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले की जड़ों को समझने की कोशिश की है, जो हमारे लिए अहम है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति रूस की सुरक्षा के लिए एक मूलभूत खतरा बन गई है। लेकिन अगर युद्ध को स्थायी रूप से खत्म करना है तो संघर्ष के मूल कारणों को दूर करना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि हम कई बार कह चुके हैं कि रूस की वैध सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए और यूरोप तथा पूरी दुनिया में सुरक्षा का एक न्यायसंगत संतुलन बहाल किया जाना चाहिए। अलास्का से रवाना होने से पहले ट्रंप ने कहा कि युद्धविराम के मामले में आगे की जिम्मेदारी यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की है कि वे इसे पूरा करें, लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि इसमें यूरोपीय देशों देशों की भी कुछ भागीदारी होगी। उधर, व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बात की। ट्रंप ने नाटो नेताओं से भी फोन पर लंबी बात की।

अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने तहेदिल से स्वागत किया है। भारत सरकार ने कहा, संवाद से ही शांति की राह बनेगी। भारत के विदेश मंत्रालय ने अलास्का शिखर सम्मेलन का स्वागत किया और अमेरिका तथा रूस के बीच हुई वार्ता को शांति की दिशा में अहम बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, वार्ता में हुई प्रगति की भारत सराहना करता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

### विभाजन के...

इसके साथ ही इसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू का जुलाई 1947 में दिया गया एक ऐतिहासिक भाषण भी शामिल किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था, विभाजन बुरा है, लेकिन एकता की कीमत चाहे जो भी हो, गृहयुद्ध की कीमत उससे कहीं ज्यादा होगी। यह उद्धरण उस समय की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है, जब देश कठिन फैसलों के मोड़ पर खड़ा था।

पाठ्यक्रम में बताया गया है कि विभाजन के दौरान करीब 6 लाख लोग मारे गए और 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए। ये तथ्य अक्सर स्कूली किताबों में पूरी तरह नहीं बताए जाते थे। इसके अलावा, पाठ्यक्रम में यह भी बताया गया है कि विभाजन ने देश की एकता को खंडित किया, पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्था को तबाह किया और जम्मू-कश्मीर को सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता की ओर धकेला, जो आगे चलकर आतंकवाद का कारण बना। एनसीईआरटी के अनुसार, यह पाठ्यक्रम शैक्षिक परियोजनाओं, पोस्टरों, रोल-प्ले, निबंध और समूह चर्चा जैसे रचनात्मक तरीकों से पढ़ाया जाएगा। यह पाठ्यक्रम न केवल छात्रों को इतिहास की सच्चाई से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें सोचने की दिशा भी देगा।

### द बंगाल फाइल्स...

इसलिए हमने एक अन्य मल्टीप्लेक्स से बात की, उन्होंने भी कहा कि माफ कीजिए सर, बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है, हम ऐसा नहीं कर सकते। अगर हमें यह शुरू से पता होता, तो हम इतनी सारी टीमों और अभिनेताओं को लेकर यहां क्यों आते और इतना पैसा क्यों खर्च करते। विवेक अग्निहोत्री ने कहा, जब फिल्म बंगाल पर आधारित है तो इसका ट्रेलर भी तो यहीं लॉन्च होना चाहिए। मैं भी हार मानने वालों से नहीं हूं। फिल्म का ट्रेलर थिएटर की जगह होटल के बैंक्वेट हॉल में रिलीज हुआ। ऐसा पहली बार हो रहा है। लेकिन मैं जानना चाहता हूं हमारी आवाज दबाने की कोशिश क्यों हो रही है।

निर्देशक ने अधिकारियों से अपने ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम को रद्द करने का कारण पूछते हुए कहा, एक तरफ मेरे खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। सत्ताधारी पार्टी के सदस्य ऐसा कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोई आम आदमी ऐसा कर रहा है। वे लोग ऐसा कर रहे हैं। जब हमने फिल्म की घोषणा की थी तब खुद मुख्यमंत्री ने धमकी दी थी कि हम बंगाल फाइल्स को यहां प्रवेश नहीं करने देंगे। तो सरकार किस बात से डर रही है? इस फिल्म में क्या मुद्दा है?

उल्लेखनीय है कि द ताशकंद फाइल्स और द कश्मीर फाइल्स के बाद अब फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री द बंगाल फाइल्स लेकर आए हैं। इस फिल्म में 1946 में बंगाल में हुए दंगों के दर्द को दिखाया गया है। आज उसी फिल्म का ट्रेलर रिलीज होना था, जिसे पुलिस ने रोक दिया। बाद में उसे एक होटल में रिलीज किया गया। 3 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर में हिंदुओं के साथ किए गए खून-खराबे और दंगे के रोंगटे खड़े करने वाले सीन हैं। इसमें एक ओर आजादी से पहले 1946 में हुए दंगों की कहानी दिखाई जा रही है तो दूसरी ओर मौजूदा वक्त में उन घटनाओं को लेकर हो रही जांच और छानबीन को दिखाया गया है। ट्रेलर में महात्मा गांधी और जिन्ना के भी किरदार नजर आए हैं। द कश्मीर फाइल्स में अनुपम खेर ने महात्मा गांधी का किरदार निभाया है। मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार भी फिल्म में अहम भूमिका में हैं।

### किश्तवाड़ में ...

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शनिवार को इस त्रासदी से प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि, 70 से 80 लोग अभी भी लापता हैं। ये नंबर बदलता रहेगा।

जब मैं वहां से वापस आ रहा था तो खबर आई कि डैम साइट पर एक लाश मिली है। ये बादल फटने के बाद सैलाब में बह गए थे। हालात अभी काफी मुश्किल हैं। वे कहते थे कि हमारी कोशिश है कि जितना हो सके रेस्क्यू का काम हम करेंगे। हम ये भी कोशिश करेंगे कि जितने लोग लापता हैं, उनकी रिकवरी हो। उसके बाद राहत एवं पुनर्वास का काम हो।

# सूर्य गोचर सिंह राशि में, तुला-धनु की होगी जमकर कमाई, जानिए सभी राशियों पर प्रभाव और उपाय



सूर्य गोचर सिंह राशि में होने जा रहा है। लगभग एक महीने में गोचर करने वाले सूर्य ग्रह 17 अगस्त को अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश करेंगे, जो अभी कर्क में विराजमान हैं। सूर्य के गोचर को संक्रांति के रूप में भी जाना जाता है। चूंकि सूर्य को शुभ ग्रह का दर्जा प्राप्त है और सूर्य को ज्योतिष में सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। ऐसे में सूर्य गोचर काफी अहम होता है। इस पर भी जब कोई ग्रह स्वराशि में जाता है तो उसके प्रभाव में और बढ़ोतरी होती है। ऐसे में सिंह राशि में गोचर के बाद सूर्य का प्रभाव और बढ़ेगा। इसके साथ ही महीने के अंत में सिंह राशि में बुध के गोचर के बाद बुधादित्य योग भी बनेगा। ऐसे में सूर्य गोचर कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है जबकि कुछ राशियों को थोड़े उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा।

**मेष राशि, मिश्रित परिणाम मिलेंगे**

सूर्य गोचर मेष राशि वालों को मिलेजुले परिणाम देने वाला रहेगा। करियर में आपको अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आप आत्मविश्वास और साहस से बाधाओं को अवसरों में बदल पाएंगे। क्रिएटिव लोगों को फायदा होगा। प्रेम जीवन में अहंकार से बचें। शांत रहें वरना आपको निजी जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**उपायः सूर्य देव को नियमित रूप से अर्घ्य दें।**

**वृषभ राशि, पार्टनरशिप में होगा लाभ**

वृषभ राशि के जातकों को इस दौरान पार्टनरशिप में फायदा हो सकता है। अपने खर्चों को कंट्रोल करें। सोच समझकर निवेश करें। नेतृत्व करने के लिए यह समय बढ़िया है। आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। परिवार में आपके अशांति हो सकती है। बेवजह के गुस्से से बचें। माता की तरफ से आपको स्नेह और सहायता मिलेगी।

**उपायः जरूरतमंदों को भोजन करना शुभ होगा।**

**मिथुन राशि, आर्थिक रूप से होगा फायदा**

मिथुन राशि के जातकों को करियर में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आप उत्साह के साथ काम करेंगे। आप पेशेवर जिंदगी में जोखिम भरे फैसले ले पाएंगे। आपको आर्थिक रूप से लाभ होगा। सामाजिक जीवन में आपकी ख्याति बढ़ेगी। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा आपके लिए लाभकारी रहेगी। सरकारी कार्यों में आ रहीं अड़चनें दूर होंगी।

**उपायः पिता या पितातुल्य लोगों का सम्मान करें और उन्हें खीर का सेवन कराएं।**

**कर्क राशि, पद-प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा**

सूर्य का गोचर कर्क राशि के जातकों को लाभ दिलाएगा। रोजगार की तलाश में जुटे जातकों को पद और प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। आपकी सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान में इजाफा होगा। आर्थिक रूप से आपको फायदा हो सकता है। हालांकि आप बातचीत में संयमित रहें। बेवजह का अभिमान करने से बचें। इससे छवि को नुकसान पहुंचेगा।

**उपायः सूर्य मंत्रों का नियमित जाप करें।**

**सिंह राशि, संपत्ति में कर सकते हैं निवेश**

सिंह राशि वालों के लिए यह समय बेहतरीन रहने वाला है। इस समय आपकी नेतृत्व क्षमता में निखार आएगा। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अपने कौशल और निर्णय क्षमता से लोगों को प्रभावित करेंगे। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। प्रेम संबंधों के लिहाज से समय अनुकूल रहने वाला है।

सिंह राशि के लिए सूर्य गोचर के उपायः आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें और गुड़ का परहेज करें।

कन्या राशि, खर्चों को नियंत्रण में रखें

कन्या राशि के जातकों के संबंधों में इस अवधि में सुधार होगा। विद्यार्थी वर्ग को इस समय सफलता मिल सकती है। बस आप अप्रत्याशित चीजों से बचने का प्रयास करें। आपके खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही कानूनी पचड़े आपके सामने आ सकते हैं। नियमों का पालन करें। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं।

कन्या राशि के लिए सूर्य गोचर के उपायः रोजाना मंदिर जाएं और अपने ईष्ट देव की पूजा करें।

तुला राशि, प्रमोशन मिलने के आसार

तुला राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर शुभ रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में प्रमोशन मिल सकता है। सैलरी में भी बढ़ोतरी हो सकती है। आपके मान सम्मान में इजाफा होगा। यही नहीं आपकी मनोकामना पूरी हो सकती है जिससे आपका मन फूले नहीं समाएगा। कारोबार में लाभ के बड़े मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**उपायः तामसिक चीजों के सेवन से बचें। आपके लिए लाभकारी होगा।**

**वृश्चिक राशि, बड़ी सफलता मिल सकती है**

सूर्य गोचर के दौरान वृश्चिक राशि के जातकों को करियर में नए मौके मिलेंगे। आपके काम से वरिष्ठ अधिकारी प्रसन्न होंगे। इसके साथ ही आपके संबंधों में भी मजबूती आएगी। विरोधी पक्ष आपका कुछ नहीं कर पाएगा। हालांकि इस दौरान गुस्सा करने से बचें। आलोचना को सकारात्मक तरीके से लें। ये समय आपको बड़ी सफलता दिला सकता है।

**उपायः शनिवार के दिन काले कपड़ों का दान करें।**

**धनु राशि, भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा**

धनु राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर शुभ रहने वाला है। आपको इस दौरान भाग्य का जबरदस्त लाभ मिलेगा। करियर में आप नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। कमाई के भी आपको अच्छे मौके मिलेंगे। विदेश में पढ़ाई करने का मन बना रहे लोगों के लिए यह समय अनुकूल रहने वाला है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आपको सफलता मिलेगी।

**उपायः नमक का सेवन करने से बचें। रविवार को बिल्कुल न खाएं।**

**मकर राशि, चुनौतियों का धैर्यपूर्वक करें सामना**

मकर राशि के जातकों के लिए सूर्य गोचर कठिन समय लेकर आ सकता है। आपको इस समय करियर में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस वजह से आपको मानसिक रूप से बेचैनी हो सकती है। वरिष्ठ लोगों से विवाद करने से बचें। हालांकि इस दौरान आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। लेकिन खर्चों को कंट्रोल में रखें।

**उपायः गुस्सा करने से बचें और सूर्य चालीसा का पाठ करें।**

**कुंभ राशि, बड़ा जोखिम उठाने से बचें**

सूर्य गोचर कुंभ राशि के लिए कारोबार के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। इस अवधि में व्यापारियों को लाभ हो सकता है। आपके कारोबार में विस्तार हो सकता है। हालांकि इस दौरान बड़ा जोखिम लेने से बचें। नौकरीपेशा जातकों को सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**उपायः रविवार के दिन नमकीन वस्तुओं का परहेज करें।**

**मीन राशि, विवादों से दूर रहें**

मीन राशि वालों को सूर्य गोचर की अवधि में कार्यक्षेत्र में लाभ होगा। आपके काम की तारीफ होगी। उच्च अधिकारी आप पर भरोसा जताएंगे। आपके उनके साथ संबंध अच्छे होंगे, लेकिन प्रतिस्पर्धा वाले कार्यों में सफलता के लिए आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। सेहत का ख्याल रखें। किसी भी तरह के विवाद से दूरी बनाकर रखें।

**उपायः बंदरों को खाने के लिए कुछ दें।**

# राधाष्टमी 31 को मनाई जाएगी जानें पूजा मुहूर्त और विधि





हिंदू धर्म में हर पर्व और त्योहार का अपना अलग और विशेष महत्व होता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बाद राधा अष्टमी का पर्व बहुत विशेष तरह से मनाया जाता है। राधा अष्टमी को भगवान कृष्ण की अर्धाङ्गिनी देवी राधा के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। हर वर्ष राधा अष्टमी का यह पर्व भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर मनाया जाता है। साल 2025 में किस दिन मनाया जाएगा यह पर्व जानते हैं इस व्रत को रखने की तिथि। राधा अष्टमी को राधा अष्टमी या राधा जयंती के नाम से भी जाना जाता है।

**राधा अष्टमी 2025 तिथि**

राधा अष्टमी के दिन अष्टमी तिथि की शुरुआत 30 अगस्त, 2025 को रात 10:46 बजे होगी।

अष्टमी तिथि समाप्त 1 सितंबर, 2025 को 12:57 मिनट पर होगी।

राधा अष्टमी 31 अगस्त, 2025 रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन मध्याह्न समय सुबह 11:05 से लेकर दोपहर 01:38 मिनट तक रहेगा।

राधा अष्टमी के दिन भक्त व्रत करते है। राधा अष्टमी के दिन देवी राधा की पूजा मध्याह्न काल यानी दोपहर के समय की जाती है। राधा अष्टमी का पर्व हर साल अगस्त या सितंबर के महीने में रखा जाता है। श्री कृष्ण और राधा जी का नाम हमेशा एक साथ लिया जाता है। यानि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के 15 दिन के बाद राधा अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन खास राधा रानी की पूजा-अर्चना और आराधना की जाती है। मान्यता है इस दिन राधा रानी का अवतरण हुआ था। इस दिन राधा जी को उनकी प्रिय चीजों का भोग लगाया जाता है।

**राधा अष्टमी 2025 पूजन विधि**

इस दिन सुबह नहाकर व्रत का संकल्प लें।

राधा रानी की मूर्ति चौकी पर स्थापित करें।

राधा रानी का पूरा श्रृंगार करें, उन्हें नए वस्त्र पहनाएंऔर तिलक करें।

राधा अष्टमी व्रत कथा पढ़ें

राधा रानी के मंत्रों का जाप करें।

अंत में आरती करें और दान पुण्य जरूर करें।

# जीवन में बेहतर इंसान बनने के लिए हमेशा याद रखें गीता के यह 6 उपदेश



जन्माष्टमी का पर्व आज देशभर में मनाया जा रहा है। इस खास दिन को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। श्री कृष्ण ने गीता के उपदेश अर्जुन को महाभारत युद्ध के दौरान दिए थे। ऐसा इसलिए किया था क्योंकि अर्जुन युद्ध करने से हिचकिचा रहे थे। वह अपने परिवार के खिलाफ युद्ध नहीं करना चाहते थे। इसीलिए श्री कृष्ण के उन्हें कर्म, ज्ञान और भक्ति के बारे में बताया।

भगवान कृष्ण का एक प्रमुख उपदेश है कि हमें हमेशा अपना कर्म अच्छे से करना चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। गीता में इसपर एक श्लोक लिखा गया है कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन, मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि इसका अर्थ है कि हमें अपने काम को ईमानदारी से करना चाहिए और उसके परिणाम के बारे में सोचने की बजाय अपने काम पर ध्यान देना चाहिए।

**आज के काम को कल पर न टालें**

श्रीमद् भगवत गीता में श्री कृष्ण ने यह बताया है कि हमें कभी भी अपना आज का काम कल पर या किसी और पर नहीं डालना चाहिए। अपने काम को समय रहते पूरा करना चाहिए ऐसे लोगों को ही सफलता प्राप्त होती है अन्यथा आप जीवन भर सफलता प्राप्त करने के लिए भागते रहेंगे।

**अपने ऊपर विश्वास रखें**

गीता में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि हमें सदैव अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए। हमें अपनी क्षमताओं को पहचानना चाहिए और फिर आगे बढ़ना चाहिए। हर व्यक्ति में अलग-अलग क्षमताएं होती है हमें अपनी क्षमताओं को पहचानना चाहिए और विश्वास करना चाहिए।

**मन को नियंत्रण में रखें**

गीता में यह उपदेश दिया गया है हमें अपने मन को नियंत्रण में रखकर चलना चाहिए। इस बात को श्री कृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि अपना ध्यान अपने कर्मों पर रखकर हमें फल की चिंता ना करते हुए। शांत मन से अपने काम को करना चाहिए और मन को भागने से रोकना चाहिए।

**हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना**

श्री कृष्ण का यह उपदेश सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें हमेशा सत्य की राह पर चलना चाहिए। सत्य का मार्ग आपको जीवन में हर वो चीज दिला सकता है जो आपके लिए नहीं भी बनी होती। सत्य वो मार्ग है जिस पर चलकर आप हर हारी हुई जंग को भी जीत सकते हैं।

**भगवान पर अटूट विश्वास**

श्री कृष्ण ने गीता में यह उपदेश दिया है कि हमें भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण का भाव रखना चाहिए। ईश्वर पर विश्वास रखने से मन को शांति मिलती है। इसलिए भगवान पर अपना विश्वास बनाए रखें।

# जिस लड़की की कुंडली में होता है यह योग पति होता है अमीर, रानी जैसा मिलता है सुख



ज्योतिष शास्त्र में किसी भी जातक की जन्मकुंडली को देखकर उसके भविष्य, जीवन और स्वभाव के बारे में पता लगाया जाता है। कुछ लोगों की कुंडली में कभी-कभी इतने शुभ योग बनते हैं कि वे जीवनभर धनवान ही बने रहते हैं। वहीं, कभी कुछ योग ऐसे भी होते हैं कि व्यक्ति का जीवन समस्याओं से भरा रहता है। लेकिन हम आपको ऐसे योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो अगर किसी लड़की की कुंडली में मौजूद हो तो उसे पति ज्यादा धनवान मिलता है। साथ ही, मायका हो या ससुराल हर जगह ये रानी जैसा ही सुख उठाती हैं और जीवन में खूब पैसा कमाती हैं।

**राज्य पूजित राजयोग-** विशेष रूप से यह राजयोग महिलाओं के लिए बहुत शुभ होता है। अगर किसी स्त्री की कुंडली के सप्तम भाव का स्वामी कोई शुभ ग्रह जैसे- गुरु, शुक्र, बुध या चंद्रमा हो तो राज्य पूजित राजयोग बनता है। इस योग के बनने से लड़की का शादी के बाद का जीवन बहुत ही खुशहाल होता है और उन्हें धनवान पति प्राप्त होता है। इन स्त्रियों के जीवनसाथी भाग्यशाली होते हैं और किसी भी क्षेत्र में उच्च पद पर होते हैं। ऐसे में शादी के बाद इन लड़कियों को अपने पति के द्वारा सुख-संपत्ति और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। साथ ही, ये लड़कियां जीवनभर रानी जैसा सुख उठाती हैं और इनके पति भी बहुत प्रभावशाली होते हैं।

**चंद्र मंगल योग-** अगर किसी लड़की की कुंडली में सप्तम भाव में चंद्र मंगल योग की युति बन रही हो और खास तौर पर चंद्रमा कर्क, मेष या मकर राशि में हो तो ऐसी स्त्रियां बहुत भाग्यशाली होती हैं। इन्हें विवाह के बाद अपने पति के द्वारा हर प्रकार का सुख प्राप्त होता है। साथ ही, यह खुद भी अपने करियर में खूब तरक्की हासिल करती हैं और इन्हें जीवन में कभी भी धन की कमी नहीं होती है। इन लड़कियों के जीवनसाथी की तरक्की कभी घटती नहीं, बल्कि दिन पर दिन बढ़ती ही जाती है। ऐसे में शादी से पहले और बाद का जीवन इनका बहुत अच्छा होता है और ये लड़कियां खूब धनवान बनती हैं। अगर कुंडली में यह योग बने तो स्त्री बिजनेस में भी बड़ी सफलता हासिल करती है।

**मालव्य योग-** यह शुक्र से बनने वाला राजयोग होता है, जो स्त्रियों में विशेष रूप से कारक है। अगर शुक्र किसी लड़की के विवाह स्थान यानी सप्तम भाव में उच्च राशि में जैसे- तुला, वृषभ या मीन राशि में हो तो मालव्य योग बनता है। इन लड़कियों का वैवाहिक जीवन बहुत सुखी होता है। साथ ही, ये लग्जरी लाइफ जीती हैं और अपने जीवन में कुछ बड़ा कर सकती हैं। कुंडली में इस योग के बनने से स्त्रियों को जीवनसाथी भी बहुत अमीर मिलता है, जिसके चलते विवाह के बाद ये रानी जैसा सुख उठाती हैं और प्रकार की खुशियां इन्हें प्राप्त होती है

**शश राजयोग-** अगर कुंडली में शनि सप्तम भाव में हो तो शश राजयोग बनता है। इस योग के किसी स्त्री के कुंडली में बनने से उन्हें शादी के बाद बहुत खुशनुमा जीवन मिलता है। साथ ही, जीवन में कभी भी धन-वैभव की कमी नहीं होती है। ऐसी स्त्रियों के पति परंपरावादी होते हैं, जिन्हें नियम कानून का पालन सख्ती से करना पसंद होता है।

# संतान सप्तमी 30 को मनाई जाएगी

## जानें महत्व, तिथि और शुभ मुहूर्त, संतान सुख के लिए किया जाने वाला विशेष व्रत



हिंदू पंचांग में भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी कहा जाता है। यह व्रत खासतौर पर संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए किया जाता है। माना जाता है इस दिन विधि-विधान से व्रत-पूजा करके अपने बच्चों के जीवन से संकट दूर कर सकते हैं।भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष सप्तमी को संतान सप्तमी का व्रत किया जाता है। यह व्रत विशेष रूप से संतान सुख, उनकी लंबी उम्र और उज्ज्वल भविष्य के लिए रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से व्रत करने से संतान का स्वास्थ्य, भाग्य और जीवन खुशियों से भर जाता है।

संतान सप्तमी व्रत आस्था, भक्ति और प्रेम का प्रतीक है। सही विधि से व्रत करने पर संतान सुख, खुशहाल जीवन और पारिवारिक समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। संतान सप्तमी सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि माता-पिता के अपने बच्चों के प्रति प्रेम और चिंता का प्रतीक है। श्रद्धा और विश्वास से किया गया यह व्रत संतान को दीर्घायु, स्वास्थ्य और सुखमय जीवन प्रदान करता है।

**संतान सप्तमी 2025 तिथि और शुभ मुहूर्त**

तिथि: 30 अगस्त 2025, शनिवार

सप्तमी तिथि प्रारंभ: 29 अगस्त, रात 8:25 बजे

सप्तमी तिथि समाप्त: 30 अगस्त, रात 10:46 बजे

पूजा का शुभ मुहूर्त: सुबह 11:05 बजे से दोपहर 12:47 बजे तक

इस दिन सूर्योदय के समय स्नान-ध्यान कर व्रत का संकल्प लें और पूजा में शिव-पार्वती के साथ भगवान श्रीकृष्ण का भी ध्यान करें।

**व्रत का महत्व**

संतान सप्तमी व्रत का सीधा संबंध संतान की रक्षा और उन्नति से है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से माता-पिता की गोद कभी सूनी नहीं रहती। विवाहित दंपति संतान प्राप्ति के लिए और माता-पिता संतान के दीर्घायु के लिए यह व्रत करते हैं।

**पूजा विधि**

सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत का संकल्प लें।

पूजा स्थान पर भगवान शिव, माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित करें।

घर के पूजा स्थान में भगवान सूर्य की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।

भगवान सूर्य को अर्घ्य दें और सप्त धान्य, लाल फूल, अक्षत अर्पित करें।

माता सत्वती और सप्तमातृका का पूजन करें।

चंदन, अक्षत, पुष्प, दीपक, धूप और नैवेद्य अर्पित करें।

संतान सप्तमी व्रत कथा का श्रवण करें और संतान सुख की प्रार्थना करें।

शाम को सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करें।

व्रत पूरा होने पर ब्राह्मण या जरूरतमंद को भोजन और वस्त्र दान दें।

**पौराणिक कथा**

कहानी के अनुसार, एक समय राजा की पत्नी की सात संतानें थीं, लेकिन सभी की अल्पायु में मृत्यु हो गई। दुखी होकर रानी ने एक साधु से उपाय पूछा। साधु ने उन्हें भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को माता सत्वती का व्रत करने की सलाह दी। रानी ने पूरी श्रद्धा से व्रत किया, जिसके बाद उन्हें एक स्वस्थ और दीर्घायु पुत्र प्राप्त हुआ। तब से यह व्रत संतान की रक्षा और आयु वृद्धि के लिए किया जाने लगा।

**ज्योतिषीय मान्यता**

ज्योतिष में सप्तमी तिथि सूर्यदेव को समर्पित मानी जाती है। सूर्य जीवनदाता और आरोग्य के देवता हैं, इसलिए इस दिन व्रत और पूजा से नकारात्मक ग्रह दोष शांत होते हैं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिनकी कुंडली में पितृ दोष या संतान सुख में बाधा हो, उनके लिए यह व्रत विशेष फलदायी है।

**संतान सुख के उपाय**

संतान सप्तमी पर पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें और संतान की लंबी उम्र की कामना करें।

छोटे बच्चों को भोजन कराएं और उन्हें लाल वस्त्र भेंट दें।

सूर्यदेव को गुड़ और गेहूं का भोग लगाएं।

# 300 से ज्यादा लड़कियों को पछाड़ निधि अग्रवाल बनीं टाइगर श्रॉफ की हीरोइन



बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा की चमक-दमक भरी दुनिया में हर साल हजारों नए चेहरों की भरमार होती है, पर इनमें से सिर्फ कुछ ही लोग अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना पाते हैं। इन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री निधि अग्रवाल, जिनका सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था, लेकिन इस डेब्यू के पीछे की कहानी जितनी फिल्मी लगती है, उतनी ही प्रेरणादायक भी है, क्योंकि निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था।

निधि का जन्म 17 अगस्त 1993 को हैदराबाद में हुआ, लेकिन उनका बचपन बेंगलुरु में गुजरा। हिंदी भाषी मारवाड़ी परिवार में पली-बढ़ी निधि ने बेंगलुरु के विद्याशिल्प अकादमी से अपनी पढ़ाई की शुरुआत की और बाद में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी से बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की। बचपन से ही उनकी रुचि डांस में थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।

फिल्मी दुनिया में कदम रखना आसान नहीं होता। निधि के लिए भी ऐसा था। लेकिन जब 2016 में निर्देशक सब्बीर खान और निर्माता विक्की राजानी ने फिल्म 'मुन्ना माइकल' के लिए हीरोइन की तलाश शुरू की, तो देशभर से 300 से ज्यादा लड़कियों ने ऑडिशन दिया। हर लड़की में कुछ खास था, पर निधि की चमक अलग थी। उनकी आत्मविश्वास भरी आंखें, डांस की सहजता और अभिनय की क्षमता ने उन्हें सबमें सबसे अलग और खास बना दिया। कहा जाता है कि वह फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ की भी पसंद थीं।

2017 में वह 'मुन्ना माइकल' में टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ी बनाती हुई नजर आई। यह फिल्म जब रिलीज हुई, तो निधि ने साबित कर दिया कि वह सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक दमदार कलाकार भी हैं। फिल्म को मिले-जुले रिव्यू के बीच भी निधि की एक्टिंग और डांस ने लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन डेब्यू के लिए जी सिने अवॉर्ड में उन्हें 'बेस्ट फीमेल डेब्यूटेंट' का अवॉर्ड भी मिला, जिसने उनके करियर की शुरुआत को और भी मजबूत बनाया।

मुन्ना माइकल के बाद निधि ने साउथ इंडियन फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया। 2018 में 'सव्यसाची' से उन्होंने तेलुगु सिनेमा में एंट्री की। इस फिल्म के लिए उन्हें साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड के लिए नामांकित किया गया। बाद में 'आईस्मार्ट शंकर' और 'कलगा थलाइवन' जैसी फिल्मों में उनके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीता और बॉक्स ऑफिस पर भी सफलता मिली।

निधि का टैलेंट सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। 2019 में उन्होंने ज्योतिका तंगरी के गाने 'उंगलीच रिंग डाल दे' और बादशाह के 'अहो! मित्रा दी यस है' में अपने अभिनय से सबको प्रभावित किया। 2021 में सोनू सूद के साथ अल्ताफ राजा के गाने 'साथ क्या निभाओगे' में भी उनकी केमिस्ट्री ने खूब तारीफें बटोरीं।

उनकी एक और खास बात यह है कि निधि अपने ब्रांड एंडोर्समेंट्स में भी ईमानदार रही। 2019 में एक फेयरनेस क्रीम का विज्ञापन करने का ऑफर उन्होंने इसलिए ठुकरा दिया कि वह इसे अपने आत्मसम्मान और सिद्धांतों के खिलाफ मानती थीं। हैदराबाद टाइम्स की मोस्ट डिजायरेबल वुमन की लिस्ट में भी निधि ने अपनी जगह बनाई। वह 2019 में 11वें और 2020 में 8वें नंबर पर रहीं।



# झांसी की रानी का किरदार निभाकर मुझे एक नया जन्म मिला : कंगना रनौत

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना ने शिरडी साईं बाबा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने अपनी फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' में झांसी की रानी का रोल निभाने को लेकर अपने अनुभव को साझा किया।

एक्ट्रेस कंगना रनौत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि शिरडी साईं बाबा के दर्शन का मौका मिला। बाबा की आरती की और दर्शन किए। इस क्षेत्र का कायाकल्प पूरी तरह से बदल गया और काफी विकास हुआ। स्वच्छता अभियान यहां पर प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने कहा कि फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' में झांसी की रानी का रोल निभाकर उन्हें एक नया जन्म मिला। वह झांसी की रानी फिल्म से पुनर्जीवित हुईं। फिल्म इंडस्ट्री ने जो मेरी इमेज खराब कर रखी थी, उसमें भी परिवर्तन आया।

कंगना रनौत ने आगे कहा कि इस फिल्म के जरिए उन्हें देश और आजादी के संघर्ष के बारे में जानने को मिला। स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे झांसी की रानी पर कार्यक्रम करते हैं और झांसी की रानी का किरदार निभाते हैं तो यह देखकर बहुत अच्छा लगता है। हमारी वीरांगनाओं पर और फिल्म बननी चाहिए।

उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी आप अपने बच्चों के साथ दिल्ली आएं तो प्रधानमंत्री संग्रहालय में जो लाइट एंड साउंड शो होता है, उसे जरूर देखें। इस लाइट एंड साउंड शो में अलग-अलग वीरांगनों की कहानियां हैं, जिन्हें मैंने आवाज दी है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित किया था। इस मौके पर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पीएम के भाषण को शानदार बताया। उन्होंने कहा, क्या स्पीच है। साथ ही उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

# मेलबर्न में अभिषेक को अवॉर्ड मिलने पर भावुक हुए अमिताभ बच्चन

## कहा- तुमने विरासत को आगे बढ़ाया



महानायक अमिताभ बच्चन ने अभिषेक बच्चन को मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में आई वांट टू टॉक के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी और इस खास मौके पर अपने ब्लॉग के जरिए दिल की भावनाएं जाहिर की। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में एक फोटो पोस्ट की, जिसमें अभिषेक हाथों में ट्रॉफी पकड़े हुए मुस्कुरा रहे हैं। साथ ही एक मैगजीन कवर भी पोस्ट किया गया, जिसमें टैगलाइन थी- द बच्चन ब्लूप्रिंट।

ब्लॉग की शुरुआत करते हुए अमिताभ ने लिखा, मैं इस पूरी दुनिया का सबसे खुशकिस्मत पिता हूं। अभिषेक ने मेहनत, ईमानदारी और कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ अपने दादाजी की विरासत को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने लिखा, अभिषेक ने कभी हालात से हार नहीं मानी। लोग चाहे जितना गिराने की कोशिश करें, वह हर बार मेहनत से खड़े हुए और पहले से भी ऊंचे उठे।बिग बी ने कविता की चंद लाइनें लिखी, तुम मुझे जितना गिराओगे, मैं अपने परिश्रम से फिर खड़ा होऊंगा और ऊंचा खड़ा होऊंगा। समय लगा लेकिन तुमने हार नहीं मानी। अपने बल पर दुनिया को तुमने दिखा दिया।

इस मौके पर अमिताभ ने अपने पिता की एक कविता को याद किया और लिखा, मैंने समंदर से सीखा है जीने का सलीका, चुपचाप से बहना और अपनी मौज में रहना। उन्होंने कहा कि अभिषेक ने भी यही रास्ता अपनाया, बिना किसी दिखावे के, बस अपने काम से अपनी पहचान बनाई।

ब्लॉग में अमिताभ ने आगे कहा कि कुछ साल पहले जब उन्होंने एक फिल्म में अभिषेक के अभिनय की तारीफ की थी, तो कुछ लोग हंसने लगे थे... बोले कि एक पिता अपने बेटे की जरूरत से ज्यादा तारीफ कर रहा है।

उन्होंने लिखा, लोगों ने मेरा मजाक उड़ाया, लेकिन आज वही लोग तालियां बजा रहे हैं। अब समय ने जवाब दे दिया है। अभिषेक की मेहनत और कला को दुनिया ने पहचाना है। जो लोग पहले हंसते थे, अब सम्मान दे रहे हैं।

ब्लॉग पोस्ट के आखिर में अमिताभ ने लिखा, जीत ही सबसे बड़ा जवाब होती है। और तुमने वो जीत हासिल की है। चुपचाप रहना और अपनी मौज में बहना, यही असली राज है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सिर्फ अभिषेक के लिए नहीं, पूरे परिवार के लिए एक बड़ी खुशी है।

# इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं भूमि पेडनेकर की मां, इस वजह से अधूरी रह गई इच्छा



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी मां का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो से पता चला है कि उनकी मां सुमित्रा हुड्डा देश की सेवा करना चाहती थीं, वो इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं, लेकिन उनकी ये इच्छा अधूरी रह गई।

इस वीडियो को शेयर करते हुए भूमि पेडनेकर ने लिखा, मां जब फैक्ट्री जा रही थीं तो उनका एक भावुक होते हुए वीडियो मैंने बनाया। इस वीडियो में वह बता रही हैं कि वो इंडियन आर्मी में जाना चाहती थीं।

इस वीडियो में भूमि की मां सुमित्रा पेडनेकर कहती नजर आ रही हैं, 70 की हो गई हूं, मैं अपने देश को बहुत प्यार करती हूं। हमारे समय में लड़कियों को इंडियन आर्मी में सर्विस नहीं मिलती थी। मेडिकल को छोड़कर किसी अन्य विभाग में महिलाएं यहां सेवा नहीं देती थीं, मैंने इसके लिए लड़ाई लड़ी, क्योंकि मैं एक पैराट्रूपर थी। मैंने दो रिपब्लिक डे परेड में हिस्सा लिया था। जबकि इसमें लोगों को एक भी बार जाने का मौका नहीं मिलता।उन्होंने आगे कहा, मैंने इसके लिए अधिकारियों के सामने आवाज भी उठाई। मैंने उनसे पूछा कि आप हमें इंडियन आर्मी में क्यों नहीं ले जाते हैं। हमारी ट्रेनिंग का क्या फायदा। हमने इतनी कड़ी ट्रेनिंग की है। जैसा की आप जानते हो कि एक पैराट्रूपर के रूप में आपको कड़ी मेहनत करनी होती है और रिपब्लिक डे के लिए सेलेक्ट होना भी बड़ा मुश्किल होता है। मैंने तब सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि इतनी मेहनत का क्या फायदा। लेकिन, अब मैं खुश हूं कि अब महिलाओं को भी आर्मी में सेवा के लिए शामिल किया जा रहा है और ये हमारी आर्मी का बहुत अहम हिस्सा है। तीनों सेनाओं में उन्हें जगह मिल रही है। ये बहुत अच्छा है और मैं इसको लेकर बहुत खुश हूं।

भूमि पेडनेकर ने इस पोस्ट में बताया कि मैं बचपन से ही उनके (मां) और अपने पिता के ऐसे समय की कहानियां सुनती रही हूं जब अवसर कम थे, लेकिन इससे उनके देश के प्रति सपनों और प्रेम पर कोई असर नहीं पड़ा। उनके लिए भारत हमेशा सर्वोपरि था। मुझे भारत के प्रति प्रेम उनसे विरासत में मिला है और मैं अपनी राष्ट्रीयता को सम्मान की निशानी मानती हूं।

# बर्फी के लिए जॉइन की थी वर्कशॉप डायरेक्टर को दी थीं गालियां: प्रियंका चोपड़ा



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में फिल्म 'हेड ऑफ स्टेट' में देखा गया था। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि कैसे उन्हें 'बर्फी' के लिए कास्ट किया गया था। साथ ही बताया कि 'बर्फी' की 'झिलमिल' उनके यादगार किरदारों में से एक है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। इसमें 'बर्फी' के सीन दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को अनुराग बसु ने डायरेक्ट किया था। साथ ही, उन्होंने शेयर किया कि कैसे वो ये रोल लगभग खोने वाली थीं।

प्रियंका ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जनवरी 2009 में मैं न्यूयॉर्क में 'अंजाना अंजानी' की शूटिंग कर रही थी। तब रणबीर कपूर ने उनकी नई फिल्म 'बर्फी' के बारे में बताया, जिसे अनुराग बसु बना रहे थे। मैं भी उनके काम की तारीफ करती हूं। उन्होंने मुझे जब झिलमिल का रोल ऑफर किया तो मैं बहुत खुश हुई। हम मुंबई में उनके घर पर मिले, तब मैं सजी-धजी एक कार्यक्रम से लौटी थी, पर उन्होंने मुझे देखा और कहा कि वो झिलमिल के रूप में उन्हें सोच नहीं पा रहे हैं, पर हम फिर भी 5 दिन की वर्कशॉप के लिए तैयार हो गए। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्कशॉप के दौरान उनकी कितनी बुरी हालत हो गई थी। उन्होंने कहा, हमने खुद को रिसर्च में डुबो दिया, पढ़ना, वीडियो देखना, बच्चों के साथ मीटिंग जो ऑटिज्म से पीड़ित थे और आराम नगर के ऑफिस में एक्सरसाइज करते थे। एक दिन उन्होंने मुझे कहा कि मैं उस पर गंदी हिंदी गालियां बरसाऊं। शर्मिंदा होकर, मैंने फिर भी कोशिश की; यह मजेदार था, और इसने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। और फिर 'बसु-स्टाइल' अभ्यास के बाद, झिलमिल का जन्म हुआ। अधिकतर बर्फी-झिलमिल के सीन बिना तैयारी के किए गए थे।

प्रियंका ने कहा, सर ने एक आइडिया शेयर किया और हमने उस पर काम शुरू कर दिया। यह मेरे पिताजी के सेट पर मुझसे मिलने के आखिरी दिनों में से एक था। बर्फी!, मेरी सबसे अनमोल फिल्मों में से एक है। रवि वर्मन की सिनेमैटोग्राफी बेस्ट थी। खूबसूरत इलियाना डिक्रूज ने श्रुति को एक अद्भुत रूप दिया, रणबीर एक स्टार की तरह चमके, और अनुराग सर शानदार, सौम्य और चंचल थे। उनकी कहानी कहने की कला जादुई है। 'बर्फी' अनुराग बसु की सिनेमा को लिखे गए एक लव लेटर की तरह है, जिसे भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश ये कोई अवॉर्ड न जीत सकी।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज के दिन का काम जल्दी ही निपट जाएगा. आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है. आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिता सकते हैं. कुछ जरूरी चीजें आपको फायदे दिला सकती हैं. इस राशि के कारोबारियों को किसी से जरूरी मुलाकात करनी पड़ सकती है. धन के मामले में स्थिति ठीक रहेगी. परिवारजनों के लिए समय निकालेंगे. उनकी सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी. शिव जी का पंचाक्षर मंत्र जप करें ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी थकावट भी रहेगी.परन्तु सफलता भी हैं कार्यक्षेत्र में सम्मान मिल सकता है. मेहनत से धन कमा लेंगे. जो काम पिछले कई दिनों से अधूरे पड़े थे, वे निपट सकते हैं. नए एग्रीमेंट या नए संबंध बनने की संभावना है. समय अच्छा है. कई क्षेत्रों में आप एक साथ सक्रिय भी रहेंगे. आगे बढ़ने के लिए आपको अपने जीवन में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं. विवाह सम्बन्ध मे बाधा रहेगी , दुर्गा जी का मंत्र जप करें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज कार्य सिद्ध होंगे आप मे उत्साह भरपूर रहेगा। राजनीति या सामाजिक कार्यों से जुड़े लोग कई बैठकों आदि में भाग लेंगे. आपको सम्मान मिलेगा और कुछ नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है. आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे. वित्त में किए गए प्रयास वांछित परिणाम देंगे. पुराना भुगतान भी मिल सकता है. प्रतिद्वंद्वी और प्रतियोगी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे. आप शुभ स्वास्थ्य का आनंद लेंगे. आप में से कुछ के लिए प्रेम सम्बन्ध का आरम्भ हो सकता है. बच्चों के साथ शाम के वक्त समय जरुर बिताए ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज हनुमानजी को चमेली के तेल का दीप प्रज्वलित करें काम पूरे होंगे खर्च पर नियंत्रण रखें. किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से अचानक आया कोई संदेश पूरे परिवार के लिए रोमांचक रहेगा. उलझे हुए काम सुलझाने के लिए स्थितियां आपके फेवर में हो सकती है. आपके सोचने के तरीके में बदलाव हो सकता है. दोस्तों से समय पर मदद मिल सकती है. शाम तक पूरे काम निपट जांएगे आप रिलैक्स महसूस करेंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अपनी माता पिता का जरुरी कार्य पहले पूरा करेंगे. आप किसी समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं. ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है. आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए. आज आपको थोड़ा आलस्य भी महसूस हो सकता है. आपको अपना खान–पान हेल्दी रखना चाहिए. कुछ मामलों में आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं. छोटी कन्या को दूध की मिठाई जरुर दें।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज व्यापार मे निवेश करना बढ़ीया रहेगा । अपने से निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा. आपकी मुलाकात खास लोगों से हो सकती है. आपको नियमित कामकाज से कुछ समय के लिए छुटकारा मिल सकता है. आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं. जिस काम को आप अधूरा समझ रहे हैं, वह पूरा हो जाएगा. बड़े लोगों से सहयोग मिल सकता है. आपको फायदा भी हो सकता हैं काम से फूर्सत मिलते ही आराम करें नये काम का बोझ मत डालें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज व्यापार का लिए समय अनुकूल है साझेदारी भी कर सकते हैं भविष्य मे लाभदायक रहेगा अगर आप नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता या साक्षात्कार में उपस्थित होते हैं तो आपको सफलता मिलेगी. सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि होगी. परिवार में कोई धार्मिक समारोह या कोई अन्य उत्सव मनाया जा सकता है. लंबी दूरी की यात्रा फायदेमंद साबित होगी. यात्रा पर प्रस्थान करने से पहले दही का सेवन जरुर करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज छात्रों का दिन अच्छा और सफलता वाला रहेगा नये कोर्स मे सफलता भी मिलेगी सही दिशा में ईमानदारी से उठाए गए क़दम निश्चित तौर पर लाभ देंगे. रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है. ध्यान रखें आज किसी अनजान शख्स से सलाह ना लें. बेहतर होगा आप उनसे बातचीत करके अपनी समस्या का समाधान करने का प्रयास करें.मछलियों को आटा डाले मानसिक शान्ति मिलेगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज धन का लाभ बनेगा आय के स्त्रोत बढेंगे । शाम को जीवनसाथी के साथ घूमने जरुर जाए . इससे आपके रिश्तों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी. नए लोगों से मुलाकात होने से आपको बड़े फायदे होंगे. आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. आज छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी. करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं. बिजनेस में आपको बड़ा मुनाफा होगा. आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा. लक्ष्मी जी को पद्मपुष्प चढाए ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

व्यापार के लिए समय आज अनूकूल नही हैं विचार प्रूवक निवेश करें कर्ज लेने से बचें पैसा भी रुक सकता है. दिन की शुरुआत ठीक नहीं रहेगी. न चाहते हुए भी पैसा खर्चा हो सकता है. परिवार के लोग आपको किसी कठिन स्थिति में डाल सकते हैं. आज आप अपनी प्लानिंग गुप्त रखें. किसी से शेयर नहीं करें. रिश्तों के क्षेत्र में भी कुछ कठिन स्थितियां बन सकती हैं. वाद–विवाद में उलझ सकते हैं. कामकाज में सुस्ती का माहौल रहेगा. डिनर हल्का लेवें स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज मौसमी बीमारियों से परिवार के बच्चे परेशान रहेंगे घर मे गाय के धूप को जलाए . किन्तु भौतिक समृद्धि की स्थिति बहुत फायदेमंद होगी और आपको विभिन्न स्त्रोतों से लाभ होगा. आपके कुछ शत्रु मित्र के रूप में आपके घेरे में रह सकते हैं. लेकिन आप उन्हें नियंत्रित करने में सक्षम होंगे. आपके पेशेवर क्षेत्र में आपको प्रशंसा मिलेगी और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रिय हो जाएंगे. किसी मित्र के यहां शाम का वक्त बितेगा ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपनी दिनचर्या मे बदलाव लाना होगा जिससे उन्नति होगी स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा परेशानियों से स्थायी निजात मिलेगा स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. विवाद न करें. किसी बड़े समूह में भागीदारी आपके लिए दिलचस्प साबित होगी. लेन–देन के मामले सुलझने से राहत मिलेगी. व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं. यात्रा का योग नही हैं फिलहाल यात्रा टालदें । छात्रों को सफलता बन रही हैं अध्यापक शिक्षक पूरा सहयोग करेंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 17 अगस्त 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : भाद्रपद,कृष्ण पक्ष
तिथि : नवमी रात्रि 07:26 तक
नक्षत्र : रोहिणी रात्रि 03:18 तक
योग : व्याघात रात्रि 01:40 तक
करण : तैतिल प्रातः 08:30 तक
चन्द्रराशि : वृषभ
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:40 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त 06:39 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:32 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:51 , सूर्यास्त 06:31 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : गोगा नवमी , संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 12:43 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री सैनी का सख्त संदेश: अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा



**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में कानून–व्यवस्था को लेकर एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है और कानून–व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर कोई कानून व्यवस्था को बिगाड़ेगा, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति अगर अपराध करेगा तो उसको मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नशा तस्करों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव, मोहल्ले या शहर के वार्ड में नशा बिकता है तो स्थानीय लोग तुरंत सरकार के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिसके बाद नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े, इसके लिए 10 जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों को विकसित किया जा रहा है, जिनका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर वोटों की चोरी का निराधार आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना वजह इस मुद्दे को उठा रही है और उनका यह झूठ अब नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. बीआर अंबेडकर के संविधान को तार–तार किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं, जिससे कांग्रेस बौखला गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है और आज गरीब व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## मुख्यमंत्री सैनी की व्यापारियों को राहतः हरियाणा में बिनौला मशीन की फीस आधी

**कुरुक्षेत्र, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के व्यापारियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बिनौला मशीन पर व्यापारियों से ली जाने वाली एकमुश्त फीस को ₹42,000 से घटाकर ₹21,000 कर दिया है। यह घोषणा उन्होंने कुरुक्षेत्र में हरियाणा ऑयल मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले व्यापारियों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मल्टी आर्ट कल्चर केंद्र, कुरुक्षेत्र में आयोजित इस बैठक में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित हरियाणा ऑयल मिल एसोसिएशन के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मुख्यमंत्री सैनी कुरुक्षेत्र में, बोले
# त्यौहार भाईचारे का संदेश देते हैं



**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी और कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ा है, जो हमें एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है। मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र में गुर्जर धर्मशाला में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र वही पवित्र भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। गीता का ज्ञान, जो कर्म के महत्व और धर्म की रक्षा का संदेश देता है, आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भेदभाव न हो और सभी लोग प्यार व सम्मान से रहें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ–साथ संस्कृति का संरक्षण भी जरूरी है, जिसके लिए कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण महोत्सव और अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने गुर्जर समाज की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि वे धर्मशाला के रास्ते को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से मिलेंगे। उन्होंने धर्मशाला को जनसेवा के कार्यों के लिए ₹51 लाख की ग्रांट देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा रखी गई अन्य मांगों को भी हरियाणा सरकार द्वारा पूरा किया जाएगा।

# जेजेपी कार्यकर्ताओं के पार्टी बदलने का झूठा प्रचार न करे इनेलाः रजनी मलिक




**चंडीगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी ने झूठी ज्वाइनिंग करवाने के लिए इनेलो की कड़ी आलोचना की है। दरअसल बीते दिनों इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी ने जेजेपी की सोनीपत से पूर्व महिला जिला अध्यक्ष सरोज बेनीवाल को इनेलो में शामिल करवाने का झूठा प्रचार किया था। खुद सरोज बेनीवाल ने इसका खंडन करते हुए कहा है कि वे जेजेपी में थी और जेजेपी में ही रहेंगी। उन्होंने कहा कि इनेलो ने उन पर सामाजिक दबाव बनाने की जरूर कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने जेजेपी नहीं छोड़ी है। सरोज बेनीवाल ने कहा कि वे मजबूती के साथ जेजेपी के साथ खड़ी है और निरंतर पार्टी की नीतियों का प्रचार–प्रसार करके महिलाओं को जेजेपी से जोड़ रही हैं।

वहीं जेजेपी की महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि झूठ को बड़ा प्रोजेक्ट करके दिखाना इनेलो की पुरानी आदत है और इससे हमारे मजबूत कार्यकर्ता पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि इनेलो नेताओं को जनता को भ्रमित करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि पब्लिक समझदार है। रजनी मलिक ने कहा कि जेजेपी में महिलाओं की हिस्सेदारी को सदा प्रमुखता मिली है और अब आगे भी संगठन नवनिर्माण में महिलाओं की बढ़–चढ़कर भागीदार पर जेजेपी फोकस कर रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को जेजेपी से जोड़ने के लिए वे खुद और जेजेपी महिला प्रभारी किरण पूनिया निरंतर फील्ड में एक्टिव है। रजनी मलिक ने कहा कि सभी 22 जिलों में महिलाओं के साथ बैठकें जारी है। इसी कड़ी में 18 अगस्त को रेवाड़ी और 19 अगस्त को रोहतक में जेजेपी महिला विंग कार्यक्रम करेगी। इससे पहले भिवानी और महेंद्रगढ़ में महिला कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ जिला पदाधिकारियों के साथ बैठकें की गई।

# मनीषा हत्याकांड से दहला हरियाणा हुड्डा ने सरकार पर साधा निशाना



**बहादुरगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मनीषा हत्याकांड को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है और हर परिवार अपनी बहन–बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। हुड्डा ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई अपराधी ऐसी वारदात को अंजाम देने की हिम्मत न कर सके। बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हुड्डा ने कहा कि बहादुरगढ़ समेत पूरे प्रदेश में कानून–व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और पुलिस प्रशासन की लापरवाही साफ दिख रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को शिकायत मिलने के बावजूद उसने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिससे मनीषा की जान चली गई।

हुड्डा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में सत्ता में बैठे लोगों को जनता की सुरक्षा से कोई लेना–देना नहीं है। वे केवल इवेंटबाजी और सत्तासुख में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कांग्रेस लगातार सरकार को कानून–व्यवस्था की बदहाली के प्रति आगाह करती रही है, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज किया है।

उन्होंने केंद्र सरकार के सामाजिक प्रगति सूचकांक का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने एन–सीआरबी के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में हर दिन 4 से 5 हत्याएं, 5 से 6 दुष्कर्म और दर्जन भर अपहरण की घटनाएं होती हैं, लेकिन सरकार इन आंकड़ों को नजरअंदाज कर रही है। हुड्डा ने कहा कि सरकार का यही उदासीन रवैया आम जनता के लिए जान–माल का खतरा साबित हो रहा है।

# *कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने वीरांगनाओं को किया सम्मानित*

**पाली, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पाली में हर्षोल्लास, उमंग व गरिमामय माहौल के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह बांगड़ स्टेडियम में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ध्वज–ारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह ने राज्यपाल का अभिभाषण का पठन किया। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने वीरांगनाओं व विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। साथ ही देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों की वीरांगनाओं एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त सराहनीय कार्य करने वाली कुल 64 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व कैप्टन ऋषिराज सिंह के परिवार सहति 5 भूतपूर्व सैनिकों व पांच लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने श्री गोविंद देव जी मंदिर में की पूजा–अर्चना



**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सपत्नीक जयपुर के आराध्य देव गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन कर पूजा–अर्चना की तथा प्रदेश की सुख–समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक एवं पथ प्रदर्शक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म करने, अन्याय का प्रतिकार करने तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करें और देश–प्रदेश की प्रगति में सहभागी बनने का संकल्प लें।

# आरजीएचएस जल्द ला रहा विभिन्न आय वर्गों के लिए उदयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर में नई आवासीय योजना

**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान आवासन मण्डल राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 की क्रियान्विति में इसी माह प्रदेश के विभिन्न जिलों– पनेरियों की मादड़ी जिला उदयपुर, अटरू जिला बारां , नैनवा जिला बूंदी और बाड़ी रोड़ धौलपुर में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है।




इन योजनाओं के अंतर्गत फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास दोनों प्रकार के विकल्प उपलब्ध होंगे, जिससे ई डब्लू एस, एलआईजी और मध्यम आय वर्गों के परिवारों को किफायती, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि बाड़मेर में भी मण्डल जल्द नवीन आवासीय योजना शुरू करेगा जिसकी तैयारी चल रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करते हुए हाउसिंग बोर्ड द्वारा लाई जा रही योजनाएं अपने आवास का सपना देख रहे प्रदेशवासियों के लिए एक बड़ा तोहफा साबित होगी। इन योजनाओं में आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर, हरित क्षेत्र, सामुदायिक भवन, पार्किंग और जल–संरक्षण जैसे प्रावधान भी किए गए हैं, जिससे नागरिकों को संपूर्ण और संतुलित जीवनशैली प्राप्त हो सके।

आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा कि , राजस्थान आवासन मण्डल आमजन के अपने आवास के सपने को साकार करने के लिये अविराम प्रयासरत है। हमारा उद्देश्य है कि राज्य सरकार की मंशानुसार प्रदेश के हर नागरिक को समयबद्ध तरीके से गुण–वत्तापूर्ण और किफायती आवास उपलब्ध कराया जाए जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं ।

# भजनलाल ने अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें अर्पित की श्रद्धांजलि



**जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर श्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि श्री वाजपेयी ने दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत निर्णयों के माध्यम से देश के चहुंमुखी विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी ओजस्वी वक्ता और कुशल राजनेता के रूप में सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद थे।

# धर्मस्थल सामूहिक दफनाने के मामले की एसआईटी बिना किसी दबाव के जांच कर रही: दिनेश गुंडू राव

मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। दक्षिण कन्नड़ जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा कि विशेष जाँच दल (एसआईटी) धर्मस्थल गाँव में कई शवों को दफनाए जाने के आरोपों की पारदर्शी और निष्पक्ष जाँच कर रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री सोमवार को विधानसभा में जाँच पर जवाब देंगे और तब सभी तथ्य सामने आ जाएँगे।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए, गुंडू राव ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर भी सदन में इस मामले पर बोल सकते हैं। छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। चाहे दर्शन मामला हो या प्रज्वल रेवन्ना मामला, सच्चाई सामने आनी ही चाहिए।

अगर दोषी हैं, तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए। अगर निर्दोष हैं, तो उन्हें परेशान नहीं किया जाना चाहिए। आरोपों की गंभीरता के अनुसार जाँच आगे बढ़ रही है।



मीडिया में आई उन खबरों के बारे में पूछे जाने पर कि साक्षात्कारों के जरिए शिकायतकर्ता की पहचान उजागर की जा रही है, गुंडू राव ने कहा कि उन्हें शिकायतकर्ता के बयानों की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा पुलिस कानून के मुताबिक कदम उठाएगी। इस मामले ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा है। आरोप गंभीर हैं और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गहन जाँच से संदेह दूर हो जाएँगे। अंततः जनता के सामने सच्चाई रखना ही मायने रखता है। मंत्री ने कहा कि सरकार तथ्यों और सबूतों के आधार पर कार्रवाई करेगी, न कि दिए जा रहे विभिन्न बयानों के आधार पर। उन्होंने आगे कहा कि किसी साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन केवल जाँच ही इसकी पुष्टि कर सकती है। खुदाई कब तक जारी रहेगी, इस बारे में गुंडू राव ने कहा कि इसका फैसला एसआईटी करेगी। उन्होंने कहा बारिश के दौरान जंगली इलाकों में खुदाई करना आसान नहीं होता। पुलिस मुश्किलों के बावजूद जिम्मेदारी से काम कर रही है और उन्हें बिना किसी दखल के पूरी छूट दी गई है। गृह मंत्री सोमवार को सदन को प्रगति के बारे में जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि हालाँकि उन्हें शुरू में लगा था कि स्थानीय पुलिस जाँच ही पर्याप्त है, लेकिन वामपंथी समूहों समेत विभिन्न संगठनों के दबाव और यहाँ तक कि धर्माधिकारी वीरेंद्र हेगड़े की अपनी राय कि एसआईटी जाँच बेहतर होगी, के कारण यह निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया अगर स्थानीय पुलिस ने ही इसे संभाला होता, तो पक्षपात के आरोप नहीं लगते। अब वरिष्ठ अधिकारी बिना किसी दबाव के जाँच कर रहे हैं। गुंडू राव ने भाजपा पर इस मुद्दे से राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा दस दिनों तक वे चुप रहे और अब वे इसका राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। यह उनकी पुरानी चाल है - धार्मिक मामलों का राजनीति के लिए इस्तेमाल करना। भाजपा और संघ परिवार गलत सूचनाओं पर फलते-फूलते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईटी अन्य शिकायतों की भी जाँच करेगी, उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत दर्ज करा सकता है और एसआईटी ही तय करेगी कि उस पर आगे बढ़ना है या नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा जब कोई मुद्दा इतना ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है, तो राज्य द्वारा जाँच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नियुक्त करना उचित है। जो लोग गलत सूचना फैलाते हैं, वे छोटी-छोटी बातों पर ऐसा करेंगे, लेकिन सच्चाई हर बात का जवाब देगी। धर्मस्थल मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल होने की चिंताओं के बारे में, गुंडू राव ने कहा कि जाँच का मंजूनाथ स्वामी मंदिर की पवित्रता से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा खुदाई जंगल में हो रही है, मंदिर परिसर में नहीं। भक्तों का मंदिर से विश्वास आसानी से नहीं उठेगा। भाजपा अपनी छवि धूमिल करने के लिए तथ्यों को तोड़-मरोड़ रही है।

## कर्नाटक दो-भाषा मॉडल के साथ नई शिक्षा नीति पेश करेगा



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। कर्नाटक जल्द ही केंद्र द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की जगह अपनी राज्य-विशिष्ट शिक्षा नीति लागू करेगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि प्रोफेसर सुखदेव थोराट की अध्यक्षता वाले एक आयोग की सिफारिशों पर आधारित यह नया ढाँचा, कक्षा 5 तक कन्नड़ या मातृभाषा को शिक्षण माध्यम के रूप में रखते हुए द्वि-भाषा मॉडल का प्रस्ताव करता है। इस नीति के साथ-साथ, सरकार इस वर्ष 2,500 करोड़ रुपये की लागत से 500 कर्नाटक पब्लिक स्कूल स्थापित करेगी और कॉलेजों व पॉलिटेक्निक संस्थानों का उन्नयन करेगी। उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए 13 नए तकनीकी संस्थान भी स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 53 लाख बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन, बेहतर शिक्षक भर्ती और कौशल विकास कार्यक्रमों जैसी चल रही पहलों पर प्रकाश डाला। 'मेरा करियर, मेरी पसंद' व्यावसायिक मार्गदर्शन से पहले ही 35,000 छात्र लाभान्वित हो चुके हैं और जल्द ही इसका विस्तार 2.3 लाख तक हो जाएगा। इसके अलावा, सरकारी टूल रूम और प्रशिक्षण केंद्रों तथा बहु कौशल विकास केंद्रों को उन्नत किया जा रहा है, जबकि स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित 'अक्का कैफे' जैसी पहल - जिसमें हावेरी में ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा प्रबंधित एक कैफे भी शामिल है - का उद्देश्य समावेशिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

## मेंगलूरु में केरल के व्यापारी का अपहरण, 350 ग्राम सोना लूटा

मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। जिले में देर रात सामने आई एक चौंकाने वाली घटना में, केरल के एक स्वर्ण व्यापारी का मेंगलूरु से अपहरण कर लिया गया और लगभग 35 लाख रुपये मूल्य का लगभग 350 ग्राम सोना लूट लिया गया।

पीड़ित, जिसकी पहचान केरल निवासी और एक आभूषण की दुकान के मालिक श्रीहरि के रूप में हुई है, ने गिरोह द्वारा रिहा किए जाने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

बुधवार सुबह लगभग 7 बजे, श्रीहरि केरल से ट्रेन द्वारा मेंगलूरु सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 350 ग्राम सोने की छड़ लेकर पहुँचा। स्टेशन से निकलने के बाद, जब वह कैराली होटल के पास ऑटो-रिक्शा का इंतजार कर रहा था, तभी एक इनोवा कार में कुछ लोग आए। खुद को कस्टम अधिकारी बताकर, उन्होंने उसे जाँच के लिए गाड़ी के अंदर बैठने को कहा।

जब श्रीहरि ने विरोध किया, तो उसे जबरन कार में धकेल दिया गया।

इसके बाद गिरोह उसे उडुपी होते हुए कुमता-सिरसी ले गया, जहाँ उन्होंने उससे 35 लाख रुपये मूल्य की सोने की छड़ लूट ली। बाद में, वे उसे सिरसी के अंतरवल्ली गाँव में छोड़कर घटनास्थल से भाग गए। हैरान व्यापारी किसी तरह मेंगलूरु लौट आया और पांडेश्वर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पांडेश्वर पुलिस, जिसने जाँच शुरू कर दी है, को कथित तौर पर शामिल गिरोह के बारे में पुख्ता सबूत मिले हैं और उन्हें जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का भरोसा है। पुलिस को संदेह है कि श्रीहरि के व्यापारिक लेन-देन और गतिविधियों से परिचित लोग इस अपराध के पीछे हो सकते हैं। इस दिशा में जाँच जारी है।

## लॉरी ने कार को टक्कर मारी उद्यमी और बेटा बाल-बाल बचे

उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो। यहां शुक्रवार देर रात हुए एक हादसे में थेक्कट्टे के एक व्यापारी और उनके बेटे की जान बाल-बाल बच गई, जब एक ट्रक ने थेक्कट्टे में राष्ट्रीय राजमार्ग-66 पर उनकी खड़ी इनोवा कार को टक्कर मार दी। कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन दोनों सुरक्षित बच गए। थेक्कट्टे स्थित श्री गणेश सिल्क्स के प्रबंध निदेशक अनंत नायक (57) अपने बेटे अनूप नायक (23) के साथ अपनी इनोवा कार को सड़क किनारे पार्किंग लाइट जलाकर खड़ी कर रहे थे और किसी और के आने का इंतजार कर रहे थे। वे भजन-त्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोटेश्वर श्री पट्टाभि रामचंद्र मंदिर जा रहे थे। उसी समय, पुणे



से मेंगलूरु प्याज ले जा रहे एक ट्रक ने इनोवा के पिछले हिस्से को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अनूप नायक ने बताया कि दुर्घटना के समय सीट बेल्ट पहने होने के कारण दोनों बाल-बाल बच गए। कोटा पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया, जाँच की और मामला दर्ज कर लिया।

### बिहार में राजस्व महा अभियान की शुरुआत

## हर घर तक जमीन से जुड़े सुधारों की सुविधा दे रही नीतीश सरकार

पटना (एजेंसियां)। बिहार में आज राजस्व महा अभियान की शुरुआत हो चुकी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 20 सितंबर तक यह महा अभियान चलाने की घोषणा की है। मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि राजस्व महा अभियान 2025 राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी पहल है। इससे लाखों रैयतों को लाभ होगा। अभियान के प्रत्येक चरण में समयबद्धता, पारदर्शिता और नागरिक सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और जनता को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण कार्यों को हल्का स्तर पर शिविर लगाकर पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस राजस्व महाअभियान के तहत राज्यभर में डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन), छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान किया जाएगा। इसके



साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी अशुद्धियों को ठीक किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से गठित टीमें 16 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को उनकी जमाबंदी की प्रति देंगी तथा हल्का शिविर में उनसे आवेदन लेंगी ताकि किसी को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

ऑनलाइन जमाबंदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम पर जमाबंदी कराई जाएगी। संयुक्त जमाबंदी के मौखिक बंटवारे के बावजूद अंशधारकों के नाम से अलग जमाबंदी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रत्येक पंचायत के सरकारी या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में भरे हुए आवेदन प्रपत्र जरूरी कागजातों के साथ जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक हल्का में कम से कम सात दिनों के अंतराल पर दो तिथियों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। लोगों को आवेदन पत्र भरने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट विजिट कर सकते हैं। इसके अलावा विभाग के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी इस संबंध में जरूरी जानकारियां प्रदान की जायेंगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से कहा गया कि राजस्व कर्मी आपके घर आकर आपकी ऑनलाइन जमाबंदी की प्रति आपको देंगे। इस दौरान वे आपसे कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भी इकट्ठा करेंगे, जैसे आपका मोबाइल नंबर, जमाबंदी रैयत की जीवित होने की स्थिति और यह कि क्या जमाबंदी में कोई सुधार की आवश्यकता है या संपत्ति का बंटवारा दाखिल-खारिज होना है।

जमाबंदी की प्रति लेते समय आपको एक पंजी में हस्ताक्षर करना होगा।

अगर आपकी जमाबंदी में कोई गलती है या कोई जानकारी मौजूद नहीं है, तो आप उसी प्रति में सही जानकारी लिखकर और जरूरी दस्तावेज लगाकर अपना आवेदन तैयार कर सकते हैं।

यदि जमाबंदी के मालिक की मृत्यु हो गई है और संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ है, तो राजस्व कर्मी आपको उत्तराधिकार दाखिल-खारिज का फॉर्म देंगे। अगर संपत्ति का बंटवारा हो चुका है, तो बंटवारा दाखिल-खारिज का फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा।

यदि आपकी जमाबंदी अभी तक ऑनलाइन नहीं है, तो आप राजस्व कर्मी से उसे ऑनलाइन कराने का फॉर्म मांग सकते हैं।

यह सलाह दी जाती है कि आप शिविर शुरू होने से पहले ही अपने सभी आवेदन और जरूरी दस्तावेज तैयार करके रखें।

शनिवार से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महा अभियान की शुरुआत की है। विभाग बिहार के सभी अंचल के सभी पंचायतों में दो-दो शिविर लगाकर लोगों की समस्या का समाधान करने की तैयारी में है। हर शिविर में अमीनों को लैपटॉप लेकर रहने का निर्देश दिया गया है। लेकिन, अमीन अपने विभाग का ही आदेश मानने को तैयार नहीं हैं।

सैकड़ों अमीन पटना गर्दनीबाग पहुंच गए हैं। बता दें कि विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने पहले ही सभी अंचलों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि शिविरों में तकनीकी सुविधा और रिपोर्टिंग सिस्टम पूरी तरह दुरुस्त रखे जाएं। प्रत्येक शिविर में 10 टेबल, 10 विशेष सर्वेक्षण अमीन लैपटॉप और इंटरनेट डोंगल के साथ मौजूद रहेंगे। ये अमीन मौके पर ही प्राप्त आवेदनों का संक्षिप्त डेटा जैसे नाम, पिता का नाम, मोबाइल नम्बर और आवेदन की विषयवस्तु दर्ज करेंगे। मोबाइल नंबर डालने का उद्देश्य आवेदन का ऑनलाइन निबंधन कर लेना है। परिमार्जन के आवेदन परिमार्जन प्लस पोर्टल पर और नामांतरण/बंटवारा के आवेदन म्यूटेशन प्लस पोर्टल पर प्रोसेस होंगे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन अपराधी हथियार और बाइक समेत गिरफ्तार

लखीसराय (एजेंसियां)। रामगढ़ चौक थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को हथियार और बाइक समेत गिरफ्तार किया है। यह छापेमारी बिहरौरा गांव में की गई, जहां अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। एसपी अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद एसडीओपी शिवम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। मौके से तीन अपराधी पकड़े गए, जबकि कुछ अंधेरे का फायदा



उठाकर फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान बिहरौरा निवासी चंदन कुमार, कृष्ण मोहन कुमार और पचेना गांव निवासी विनय यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चार बाइक, एक देशी कट्टा, 14 जिंदा कारतूस, दो खोखा, पांच मोबाइल और एक चिलम बरामद किया है। एसपी ने बताया कि फरार अपराधियों की भी पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस कार्रवाई को पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है, क्योंकि अपराधियों की योजना किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की थी। गांव और आसपास के इलाकों में पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर पुलिस की दबिश नहीं होती तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत थाने को दें ताकि अपराध पर कड़ी रोक लगाई जा सके। इस छापेमारी ने एक बार फिर रामगढ़ चौक थाना पुलिस की सक्रियता को साबित किया है।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

दरभंगा (एजेंसियां)। मधुबनी जिले के मधेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भखराईन गांव में शनिवार को एक नवविवाहित महिला का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान रमन जी मुखिया की पत्नी असमिती कुमारी के रूप में की गई है। उनकी शादी मात्र पांच महीने पहले ही हुई थी।

परिजनों के अनुसार, असमिती कुमारी शुक्रवार देर शाम खाना बनाकर खाने के बाद अपने पति से फोन पर बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। सास के मुताबिक, इसके बाद महिला ने आत्महत्या करने की बात कही थी। अगली सुबह जब सास ने उन्हें जगाने की कोशिश की तो कमरे से कोई आवाज नहीं आई। दरवाजा खोलने पर महिला को बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया।

मृतका की सास ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज नवादा के एक निजी चिकित्सक से कराया जा रहा था। हालांकि अचानक हुई इस घटना ने मामले को संदेहास्पद बना दिया है।

वहीं, मृतका के पिता सिया चरण मुखिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने धूमधाम से अपनी बेटी की शादी मात्र पांच महीने पहले की थी, लेकिन शादी के बाद से ही सस-ुराल पक्ष द्वारा उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर असमिती मायके आई थीं और एक रात वहीं रुकी थीं। मौत की जानकारी उन्हें ग्रामीणों से फोन पर मिली, जिसके बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरि जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com